वर्ष- 11 अंक-231
लखनऊ, बुधवार 10 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 2.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





मतदेय स्थलों पर हों लू से बचाव के इंतजाम : नवदीप रिणवा 03

विकसित उत्तराखंड बनाने में सहयोग दें नागरिक : पुष्कर सिंह धामी 12


## द्वितीयं ब्रह्मचारिणी



**दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू। देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली। इन्होंने भगवान शंकर को पति रूप में पाने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कारण इन्हें ब्रह्मचारिणी नाम से जाना जाता है।

# हर घर जल पहुंचाने में महोबा देश में दूसरे स्थान पर तो उत्तर प्रदेश में अव्वल

## केंद्र सरकार ने पिछले माह मार्च में हुई प्रगति के आधार पर पूरे देश के 299 जिलों की रैंक जारी की, टॉप 10 जिलों में बुंदेलखंड से दो जिलों को स्थान

समृद्धि न्यूज



**महोबा।** लोगों को हर घर जल पहुंचने वाला जल जीवन मिशन देश में सबसे तेजी से यूपी में आगे बढ़ रहा है। देश में पहला स्थान तमिलनाडु के नीलगिरी को मिला है तो यूपी के महोबा जनपद ने देश में दूसरा स्थान और प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है।

देश के टॉप 10 जिलों में यूपी के बुंदेलखंड से दो जिलों को स्थान मिला है। केंद्र सरकार ने पिछले माह मार्च में हुई प्रगति के आधार पर पूरे देश के 299 जिलों की रैंक जारी की है। उत्तर प्रदेश ने जल जीवन मिशन योजना में देश के अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। हर घर में पाइप लाइन से पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य दिया गया है। अलग-अलग जिलों का लक्ष्य भी अलग-अलग है। जल जीवन मिशन की ऑनलाइन प्रगति की फीडिंग की जाती है। देश के 299 जिला में तमिलनाडु राज्य के निलगिरी जनपद को देश में पहला स्थान मिला है और महोबा जिले को देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है तो वही प्रदेश में महोबा जनपद को पहला स्थान मिला हुआ है। और साथ ही बुंदेलखंड के हमीरपुर जनपद को देश में नौवां स्थान प्राप्त हुआ है। जनपद में 80.84 फीसदी काम योजना का पूर्ण हो चुका है।

### जल जीवन मिशन में टॉप 10 जिले

1. नीलगिरी तमिलनाडु 81.48 प्रतिशत
2. महोबा उ.प्र. 80.84 प्रतिशत
3. कुड्डालोर तमिलनाडु 80.06 प्रतिशत
4. मेरठ उ.प्र. 79.75 प्रतिशत
5. ललितपुर उ.प्र. 77.61 प्रतिशत
6. तिरुवन्नामलाई तमिलनाडु 77.07 प्रतिशत
7. मीरजापुर उ.प्र. 76.04 प्रतिशत
8. हापुड़ उ.प्र. 76.66 प्रतिशत
9. हमीरपुर उ.प्र. 76.55 प्रतिशत
10. बुलंदशहर उ.प्र. 76.40 प्रतिशत

### एक लाख से अधिक घरों में पेयजल पहुंचाने की तैयारी

जिले के जल जीवन मिशन के अधिशासी अभियंता संदेश सिंह तोमर ने बताया कि जनपद में 987 करोड रुपए की लागत से 1 लाख से अधिक घरों में पानी पहुंचाने की तैयारी है। जिले के 3200 किलोमीटर की पाइप लाइन डाली गयी है। 132 पानी की टंकियां का निर्माण कराया जा रहा है। 56 भूमिगत जलाशयों का निर्माण कराया जा रहा है। 260 से अधिक गांव में पानी का ट्रायल टेस्टिंग भी हो चुकी है।

### मिशन की टॉप 10 रैंकिंग में बुंदेलखंड के ये जिले शामिल

जल जीवन मिशन योजना में टॉप 10 जिलों में तमिलनाडु राज्य के तीन जिले शामिल है तो उत्तर प्रदेश के 7 जिले शामिल है। सिर्फ दो राज्यों के जनपद ही टॉप 10 में अपनी जगह बनाने में सफल हुए हैं। बुंदेलखंड के महोबा व हमीरपुर जनपद को बड़ी सफलता मिली है ।महोबा जनपद में जल जीवन मिशन के तहत पांच बृहद परियोजनाओं पर युद्ध स्तर पर कार्य जारी है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया को आड़े हाथों लेते हुए कहा

# कांग्रेस की सोच ने देश को पीछे ढकेला

### भ्रष्टाचार का पैसा तिजोरियों से निकालने का काम होगा और तेज

एजेंसी

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक बार फिर विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार भ्रष्टाचार के रास्ते लगातार बंद कर रही है और अगले पांच सालों में तिजोरियों से भ्रष्टाचार का पैसा निकालने का काम और तेजी से होगा।

श्री मोदी मध्यप्रदेश के आदिवासी अंचल बालाघाट में बालाघाट और मंडला लोकसभा पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी मंच पर उपस्थित रहे।



उपस्थित जनसैलाब को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश में चार पांच महीने पहले विधानसभा चुनाव में ही सभी ने मिलकर कांग्रेस को पूरी तरह साफ कर दिया। लोकसभा में कांग्रेस के लोग भाजपा से नहीं, एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। साल 2024 का ये चुनाव 21वीं सदी के भारत का अहम चुनाव है। ये नए भारत के निर्माण का मिशन है। उन्होंने कहा कि असंभव से दिखने वाले फैसले जब भारत लेता है तो सबको लगता है कि हमारे देश का सम्मान बढ़ा है। कभी कांग्रेस सरकार अपनी शिकायतें लेकर दूसरे देशों के पास जाती रहती थीं, पर आज वक्त बदल गया है, दुनिया के देश अब अपने मुद्दों पर बात करने के लिए भारत आते हैं। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सोच ने देश को पिछड़ेपन की ओर धकेल दिया। अब की सरकार देश के हर गांव को प्राथमिकता दे रही हे। भाजपा सरकार मध्यप्रदेश का कायाकल्प कर रही है। केंद्र सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि अभी तो ये ट्रेलर है, बहुत कुछ करना बाकी है और देश को बहुत आगे ले जाना है। मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकारें वंचितों को वरीयता दे रही है।

### तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मोदी

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के चरम पर पहुंचने के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के पक्ष में मंगलवार शाम चेन्नई में रोड शो किया। तमिलनाडु की 39 सीटों और पुडुचेरी की एकमात्र संसदीय सीट के लिए एकल चरण में मतदान 19 अप्रैल को होगा। श्री मोदी भाजपा के नेतृत्व वाले राजग उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार करने हेतु दो दिवसीय दौरे पर शाम करीब छह बजे यहां पहुंचे। हवाई अड्डे पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई, केंद्रीय मंत्री एल.मुरुगन और अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। बाद में वह रात्रि प्रवास के लिए राजभवन के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री बुधवार को वेल्लोर और कोयंबटूर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री मोदी हवाई अड्डे से सीधे टी.नगर क्षेत्र के पनागल पार्क पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा और उसके गठबंधन दलों के उम्मीदवारों के लिए वोट जुटाने के लिए रोड शो किया। उन्होंने चेन्नई के तीनों निर्वाचन क्षेत्रों - चेन्नई दक्षिण, चेन्नई मध्य और चेन्नई उत्तर - में चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे। इन क्षेत्रों को सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) का गढ़ माना जाता है।

### मुख्यमंत्री योगी ने रामपुर से की जनसभा



**रामपुर, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपने बदलते भारत को देखा है। 2014 के पहले भारत के पासपोर्ट का सम्मान नहीं था। पहले पाकिस्तान भारत में कहीं भी विस्फोट कर देता था लेकिन आज तेज से पटाखा भी बज जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमने कुछ नहीं किया है। दुश्मन को पता है कि भारत की तरफ टेढ़ी नजर से देखेंगे तो वह मांद में घुसकर एयर स्ट्राइक से जवाब देना जानता है। यह वह भारत नहीं है, जो विस्फोट और आतंकी घटनाओं पर चुप हो जाता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को रामपुर में सांसद व भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने उपस्थित लोगों को भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने रामपुर से दूसरी बार घनश्याम लोधी को जिताने की अपील की। सीएम ने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान दिवस को 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाने लगा है।

# उत्तराखंड में अनियंत्रित वाहन खाई में गिरा, आठ की मौत

समृद्धि न्यूज

**देहरादून/नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल जनपद से पड़ोसी देश नेपाल जा रहा एक वाहन अनियंत्रित होकर मंगलवार सुबह गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में चालक सहित कुल आठ लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो यात्री घायल हैं। मृतकों में चालक के अलावा, सभी नेपाल के निवासी हैं।

राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने बताया कि आज आपदा कंट्रोल रूम, नैनीताल द्वारा एसडीआरएफ टीम को सूचित किया गया कि बेतालघाट के पास एक वाहन खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है, जिसमें बचाव हेतु टीम की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सूचना पर एसडीआरएफ टीम उप निरीक्षक राम सिंह बोरा के नेतृत्व में आवश्यक बचाव उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंची। जहां ऊँचाकोट से महेंद्रनगर, नेपाल की ओर जा रहा वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो गया था। वाहन में कुल 10 लोग सवार थे। श्री मिश्र ने बताया कि बचाव टीम द्वारा घटनास्थल में लगभग 150 मीटर नीचे गहरी खाई में उतरकर राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया। स्थानीय लोगों एवं पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त बचाव अभियान में एसडीआरएफ टीम द्वारा घटना में मृत 08 लोगों के शवों को बाहर निकाला गया एवं 02 अन्य घायलों को निकालकर अस्पताल भिजवाया गया। उन्होंने बताया कि विशराम चौधरी, (50) , अंतराम चौधरी (40) , गोपाल बसनियत, (60) उदयराम चौधरी, (55) विनोद चौधरी, (30), तिलक चौधरी, (45) धीरज चौधरी (45) सभी निवासी महेंद्रनगर (नेपाल) और वाहन चालक राजेन्द्र कुमार पुत्र हरिराम, निवासी- बासकोट, बेतालघाट, नैनीताल (उत्तराखंड) की मौके पर ही मृत्यु हो गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीआरएस नेता कविता की न्यायिक हिरासत 23 तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति- 2021-2022 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति विधान पार्षद के. कविता की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आरोपी के वकीलों की दलीलें सुनने बाद यह आदेश पारित किया। ईडी ने कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ाने की गुहार लगाई, जिसे स्वीकार कर लिया गया। दो सप्ताह की न्याय हिरासत पूरी होने के बाद मंगलवार को उन्हें विशेष अदालत पेश किया गया। इससे पहले सोमवार को भारत राष्ट्र समिति के नेता कविता अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### मनोज पांडा 16वें वित्त आयोग के सदस्य नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अर्थशास्त्री मनोज पांडा को 16वें वित्त आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक निरंजन राजाध्यक्ष के आयोग में शामिल होने में असमर्थता जताने के बाद पांडा की नियुक्ति की गई है। आर्थिक मामलों के विभाग ने जारी एक अधिसूचना में कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ के पूर्व निदेशक, मनोज पांडा को 16वें वित्त आयोग के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया जा रहा है।

### एफआईआर के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंची एनआईए

**कोलकाता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर में छापा मारने गये अपने अधिकारियों के खिलाफ पुलिस में दर्ज की गयी प्राथमिकी को खारिज करने का अनुरोध करते हुए मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में एनआईए अधिकारियों के विरुद्ध पश्चिम बंगाल पुलिस की ओर से कोई भी दंडात्मक कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण दिए जाने की भी गुजारिश की गयी है। एनआईए के वकील अरूण मोहंती ने बताया कि जस्टिस जय सेन गुप्ता ने एनआईए को दिन में भोजनावकाश के बाद उनकी अदालत में आवेदन दायर करने की अनुमति दी।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने तमिलनाडु में 25 ठिकानों पर की छापेमारी

**चेन्नई/नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने डीएमके के पूर्व पदाधिकारी और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली सहित 25 ठिकानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ईडी की टीम ने डीएमके के पूर्व पदाधिकारी एवं तमिल फिल्मों के निर्माता जाफर सादिक, फिल्म निर्देशक अमीर और कुछ अन्य के परिसरों की तलाशी ली। यह कार्रवाई ईडी ने प्रिवेंशन आफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली स्थित 25 ठिकानों पर की गई। खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी। गौरतलब है कि 36 वर्षीय सादिक को पिछले महीने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने दो हजार करोड़ रुपये से अधिक की कीमत वाली लगभग 3,500 किलोग्राम स्यूडोएफ़ेड्रिन की तस्करी में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# खनिज भवन में लगी भीषण आग अहम दस्तावेज जलकर हुए राख

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोखले मार्ग स्थित खनिज भवन में मंगलवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं आग लगने की वजह से खनिज विभाग की कई अहम फाइल और दस्तावेज जलकर राख हो गए। बताया जा रहा है कि खनिज भवन के पीछे पड़े कूड़े के ढेर में किसी कारण आग लग गई। धीरे-धीरे आग फैलकर बिल्डिंग के निचले हिस्से में पकड़ ली और देखते ही देखते ती चौथे मंजिल तक बिल्डिंग का पिछला हिस्सा जलने लगा।

वहीं आग की उठती लपट और धुआं देखकर बिल्डिंग में मौजूद कर्मचारी में अफरा-तफरी मच गई और सीढ़ियों से सभी कर्मचारी सकुशल बिल्डिंग के बाहर निकल गए। फिलहाल आग की सूचना पर



मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस बल ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया। इस अग्निकांड में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। लेकिन विभाग के कई अहम दस्तावेज और फाइलें जलने की आंशका जताई जा रही है। सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि फायर विभाग को 2.18 मिनट पर आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। ऐसे में दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट है। हालांकि खनिज भवन के फायर सिस्टम अच्छे होने की वजह से एक ही दमकल की गाड़ी प्रयोग में ली गई और फायर सिस्टम की वजह से आग बुझाने में काफी मदद मिली।

## जेड श्रेणी की सुरक्षा में होंगे मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। केन्द्रीय खुफिया ब्यूरो की ओर से खतरे का इनपुट मिलने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को यह सुरक्षा कवर देने का फैसला गृह मंत्रालय की ओर से किया गया है। चुनाव आयोग के अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पूरे देश में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है। इसमें संबंधित व्यक्ति के आसपास 6 एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मियों समेत 22 जवान तैनात रहते हैं। ये सुरक्षा दिल्ली पुलिस, आईटीबीपी या सीआरपीएफ के जवानों द्वारा दी जाती है।

# हवाला के 50 लाख रुपए डकार गया इंस्पेक्टर, एसएसपी ने किया सस्पेंड

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां चेकिंग के दौरान पुलिस ने हवाला के 85 लाख पकड़े जाने पर एसएसपी ने बड़ी कार्रवाई की है। हवाला के 50 लाख लूटने का आरोपित चौकी इंचार्ज को ससपेंड कर दिया गया है। एसएसपी ने चौकी प्रभारी बेनीगंज आलोक सिंह को निलंबित किया है।

दरअसल, गोरखपुर के बेनीगंज क्षेत्र में बीते रविवार को चेकिंग के दौरान पुलिस के द्वारा हवाला के 85 लाख रुपये पकडे जाने पर अब एसएसपी ने बड़ी कार्रवाई हुई है। बता दें कि चेकिंग के दौरान पुलिस ने 50 लाख पकड़े थे। जिसमें आरोप था कि दारोगा ने 50 लाख रुपये की हेराफेरी करने के बाद शेष रुपये लौटा दिए थें। बताया जा रहा है कि हवाला वाले के पास कुल 85 लाख की रकम थी। ऐसे में जब युवक ने बाकी बचे रुपये की मांग की तो दरोगा ने एनकाउंटर की धमकी देकर उसे वहां से भगा दिया था। जिसके बाद नवीन श्रीवास्तव नाम के व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाने पर जब पुलिस ने दरोगा के घर छापा मारा तो वहां से उनको 44 लाख रुपए बरामद हुए। इस खबर ने पुलिस विभाग में हलचल तेज कर दी थी। जिसके बाद अब एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने मामले पर संज्ञान लेते हुए बेनीगंज चौकी प्रभारी आलोक सिंह को निलंबित कर दिया है। वहीं इस पूरे मामले की एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई जांच कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दरोगा और साथी पर मुकदमा लिखा जा सकता है। इस दौरान मामले पर जानकारी देते हुए एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने कहा कि, ÷क्योंकि हवाला के रुपये पकड़े जाने की शिकायत किसी ने नहीं की इसलिए कर्तव्य का पालन न करने पर बेनीगंज चौकी प्रभारी को निलंबित किया गया है।

### पुलिस ने दरोगा के घर छापा मारा तो बरामद हुए 44 लाख रुपए

## आयकर विभाग ने पोलाची हैचरी से जब्त किए 32 करोड़ रुपए

**चेन्नई (तमिलनाडु) ।** आयकर विभाग ने कोयंबटूर के पोलाची में स्थित एक हैचरी से मंगलवार को 15 घंटे की छापेमारी में लगभग 32 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग के अधिकारियों की एक टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक पोल्ट्री फार्म की तलाशी ली और हैचरी से लगभग 32 करोड़ रुपये बरामद किए, जो तीन बक्सों में रखे गए थे। कयास लगाया जा रहा है कि ये रुपये मतदाताओं को बांटने के लिए रखे गए थे। फिलहाल, इस मामले की जांच पड़ताल में आयकर विभाग के साथ-साथ चुनाव अधिकारी भी जुट गए हैं। हैचरी मालिक अरुल मुरुगन और सरवाना मुरुगन से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस हैचरी की राज्य भर में कई शाखाएं हैं। कंपनी पोल्ट्री इंडस्ट्री के लिए चूजे और भोजन का उत्पादन करती है, जिसकी सप्लाई देश के अन्य हिस्सों में भी की जाती है।

# केजरीवाल को झटका, गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने आबकारी घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने इस मामले में 3 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुनाते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि जब भी किसी आरोपित को सरकारी गवाह बनाया जाता है तो यह न्यायिक अधिकारी का काम होता है, न कि जांच एजेंसी यानि इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का। कोर्ट ने कहा कि किसने किस पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए पैसा दिया, ये



कोर्ट को तय नहीं करना है। इलेक्टोरल बांड के रूप में किसने किस पार्टी को पैसा दिया, ये कोर्ट को विचार नहीं करना है। केजरीवाल चाहें तो गवाहों का क्रास-एग्जामिनेशन कर सकते हैं।

ये ट्रायल का मामला है, हाई कोर्ट का नहीं। कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी किसी की भी जांच कर सकती है। कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान के फैसले का उदाहरण देते हुए कहा कि पब्लिक फिगर को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए।

प्रचार

## गृह मंत्री अमित शाह ने असम के लखीमपुर में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में की जनसभा, कहा

# मोदी ने असम में स्थापित की स्थायी शांति, हुए 10 से ज्यादा समझौते

एजेंसी

**गुवाहाटी (असम)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम में स्थायी शांति स्थापित की है। इस कारण राज्य के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। राज्य में 10 से ज्यादा शांति समझौते किए गए।



नौ हजार से अधिक युवा हथियार छोड़कर राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल हुए। बोडो समझौते के प्रावधानों को लागू किया गया। अमित शाह मंगलवार को असम के लखीमपुर में निवर्तमान सांसद तथा भाजपा उम्मीदवार प्रदान बरुवा के समर्थन में एक चुनावी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गृहमंत्री शाह ने कहा कि आज जहां एक तरफ राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडी गठबंधन है, वहीं दूसरी तरफ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पूरी ताकत के साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 400 से अधिक सीटें जीतकर भाजपा अगले 5 वर्ष तक पूरे दम के साथ सरकार चलाएगी।

अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी असम के कल्चर को लेकर बात करते हैं। लेकिन, यह सभी जानते हैं कि उनकी दादी के जमाने से ही असम में किस तरह अन्याय किया गया। जिस कारण हजारों युवा अशांति की राह पर चल पड़े। वहीं, हजारों युवा मारे गए। गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के जमाने में उग्रवाद हड़ताल, आतंकवाद के अलावा कुछ नहीं हुआ। कांग्रेस की नीतियों के कारण लोगों में व्यापक पैमाने पर असंतोष बना रहा।

### अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग : राजनाथ



**नमसाई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश में कई स्थानों का नाम बदलने के लिए चीन की आलोचना की और हैरानी जताते हुए पूछा कि भारत के भी ऐसा ही करने से परिणामस्वरूप क्या पड़ोसी देश के वे इलाके हमारे क्षेत्र का हिस्सा बन जाएंगे। अरुणाचल प्रदेश ईस्ट निर्वाचन क्षेत्र के नमसाई में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में 30 स्थानों के नाम बदलने के चीन के कदम से जमीनी हकीकत नहीं बदलेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। सिंह ने कहा, मैं चीन से पूछना चाहता हूं कि यदि हम पड़ोसी देश के विभिन्न राज्यों के नाम बदल दें तो क्या वे हमारे क्षेत्र का हिस्से होंगे? ऐसी हरकतों से भारत और चीन के रिश्ते खराब होंगे। रक्षा मंत्री ने कहा, हम अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। लेकिन अगर कोई हमारे स्वाभिमान को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा तो भारत मुंहतोड़ जवाब देने की क्षमता रखता है।

# बुजुर्गों को घर बैठे मिलेगी मतदान सुविधा

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने जनपद के वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा फार्म 12 डी की व्यवस्था की गई है, जिसके अंतर्गत वरिष्ठ नागरिक जिनकी उम्र 85 वर्ष या उससे अधिक है और बूथ तक आने में उन्हें समस्या है, उनके लिए घर पर ही पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह कार्य संबंधित बीएलओ के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा।

जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार नगर पालिका सभागार में उत्तर प्रदेश सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद द्वारा स्वीप के अंतर्गत आयोजित वरिष्ठ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए और लोकतंत्र के इस पर्व में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जनपद के समस्त विकासखंड से सेवा निवृत्त शिक्षक उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन, उपजिला अधिकारी श्वेता मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी एस पी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक बाराबंकी ओ पी त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बाराबंकी संतोष कुमार देव पांडे सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यदेव सिंह प्रदेश अध्यक्ष सेवा निवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष जिला मजिस्ट्रेट एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों की उपस्थित में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जनपद के प्रसिद्ध कवि अजय प्रधान, प्रदीप महाजन, जितेंद्र जीतू, अनिल श्रीवास्तव लल्लू, संत कुमार अनाड़ी, बाबा गुरु चरण दास, गोपाल कृष्ण मिश्र, डॉ अंबरीश अंबर, सुभाष चंद्र तिवारी आदि ने अपनी कविताओं के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान को बल प्रदान किया एवं होली पर सुंदर रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

# नुक्कड़ सभाओं में मिल रहा राजरानी रावत को समर्थन

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



बाराबंकी के सभी 339 शक्ति केंद्रों पर नुक्कड़ सभाओं के जरिए भारतीय जनता पार्टी अपनी पकड़ मजबूत करने की कयावद में जुट गई है इन नुक्कड़ सभाओं में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को वक्ता बनाकर मोदी योगी सरकार के विकास मॉडल को आम जनता तक पहुंचाएगी और साथ ही विपक्ष पर हमलावर भी होगी। नुक्कड़ सभा को धार देने के लिए लोकसभा 53 क्षेत्र बाराबंकी से प्रत्याशी राजरानी रावत और पार्टी कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है। अभी हाल ही में हुई विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ में नुक्कड़ सभाओं में भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत को अपार जन समर्थन प्राप्त हुआ। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने नुक्कड़ सभा के दौरान कहा कि हम चुनाव के बिल्कुल करीब खड़े हैं परंतु भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता साल के 365 दिन चुनाव की तैयारी में लगा रहता है।

देश के युवा, गरीब, महिला और किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता में हमेशा शामिल रहे हैं मोदी सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं और विकास मॉडल से विपक्ष घबराया हुआ है। और ग्रामीणों के बीच भ्रामक प्रचार करने में जुटा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हैदरगढ़ रामदेव सिंह जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंह आनंद सुशील जायसवाल मंडल अध्यक्ष रामसागर मौर्य सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चों से बाजार में लगवाया जा रही झाड़ू, नगर पंचायत अधिकारी कर रहे नजरअंदाज

**जैदपुर, बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर के सफाई कर्मचारीयों द्वारा वार्ड के छोटी बाजार में मासूम बच्चे से झाड़ू लगवाने का कार्य आज भी किया जा रहा है। फिर भी नगर पंचायत के अधिकारी मौन हैं? मामला कस्बे के नगर पंचायत जैदपुर का है जहां वार्ड के छोटी बाजार में एक मासूम से पढने लिखने व खेलने की उम्र में सफाई के लिए कर्मचारी की मनमानी से रोड व गलियों में खुले आम झाड़ू लगवाने का काम कर उसके भाविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। और बक्सी सहित जिम्मेदारान मौन है। ये मामला समझ से बाहर है। जबकि कुछ दिन पूव रईस कटरा वार्ड में भी एक मासूम के झाड़ू लगाने की खबर प्रकाशित करने पर नगर पंचायत द्वारा सफाई कर्मचारी को चेतावनी देकर मासूम से झाड़ू न लगाने की बात कही गयी थी।

# शिक्षक का पता नहीं, रसोईया चला रहे विद्यालय

- मामला प्राथमिक विद्यालय लालपुर मजरे अंसारी का

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**




परिषदीय विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था का स्तर लगातार गिरता हुआ नजर आ रहा है और विभागीय अधिकारी भी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण प्राथमिक विद्यालय लालपुर मजरे अंसारी में देखने को मिला जहां ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंचे हमारे प्रतिनिधि को 9:30 बजे विद्यालय में शिक्षक मौजूद नहीं मिली।

गौरतलब हो कि सुबह 8:00 से दोपहर 2:00 तक विद्यालय की अवधि है सभी शिक्षकों को समय से विद्यालय पहुंचने का निर्देश है परंतु इस विद्यालय की स्थिति यह है कि छात्र विद्यालय के गेट पर खड़े होकर शिक्षक के आने की प्रतीक्षा करते हैं शिक्षक तो आते नहीं वरन चपरासी द्वारा विद्यालय का गेट खोल दिया जाता है और बच्चों द्वारा प्रार्थना भी चपरासी द्वारा ही कराई जाती है। इस प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के तौर पर सिर्फ एक ही शिक्षिका तैनात है। ऐसे में विद्यालय में पढ़ रहे नौनिहालों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। कई बार वेतन कटने के बाद भी लगातार देर से आने का सिलसिला अभी भी जारी है। जब इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने फिर से निरीक्षण कर उचित कार्यवाही करने की बात कहकर फोन कट कर दिया।

# बिना भेदभाव के विकास कार्य कर रही सरकार : सतीश चंद्र शर्मा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

हमारी सरकार बिना किसी भेदभाव के सबके लिए विकास के काम कर रही है। सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर घर पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

यह बात सोमवार को राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने ब्लाक सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम तुरकानी, औलिया लालपुर व जलालपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कही है।

उन्होंने मोदी योगी की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पाने वाले लोगो से पुनः मोदी सरकार बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। बताते चलें अयोध्या लोकसभा के अन्तर्गत आने वाली विधानसभा दरियाबाद से तीसरी बार भारी अन्तर से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को जिताने के लिए दरियाबाद विधायक एवं राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा गांवों में जनसंवाद चौपाल के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों के साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा कर लोगों से पुनः सांसद प्रत्याशी लल्लू सिंह को जिताकर एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के लिए अपील किया।इस अवसर पर औलिया लालपुर प्रधान धर्मेंद्र वर्मा, बिरौली प्रधान अनिल वर्मा, मण्डल अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव विधानसभा प्रभारी भुल्लन वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में गरीब बेहाल, पूंजीपति मालामाल : तनुज पुनिया

- विकासखंड हैदरगढ़ के अमान का पुरवा में आयोजित ब्रह्म भोज में हुए शामिल

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



ब्रह्म भोज तो सिर्फ एक बहाना है मैं तो सिर्फ और सिर्फ आप लोगों का प्यार और आशीर्वाद पाने के लिए यहां पर उपस्थित हुआ हूं। आप सभी का आशीर्वाद ही मेरे लिए सर्वोपरि है। उक्त विचार विकासखंड हैदरगढ़ के अमान का पुरवा में विद्यासागर यादव के यहां आयोजित ब्रह्म भोज में पहुंचे तनुज पुनिया ने व्यक्त किये।

तनुज पुनिया ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार लोगों को मुद्दों से भटकाने का काम कर रही है भाजपा सरकार में निचले तबके का हर वर्ग परेशान है यह सरकार सिर्फ पूंजी पतियों की सरकार है इस सरकार में देश की सरकारी धरोहर का निजीकरण किया जा रहा है हमें देश को बचाने के लिए मिलकर लड़ाई लड़नी है। ब्लॉक अध्यक्ष हैदरगढ़ सियाराम यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी चरम पर है किसानो की सुनवाई नहीं की जा रही है नौजवान बेरोजगार घूम रहा है अब इस चुनाव में बड़ा परिवर्तन होगा अब जनता बदलाव की ओर बढ़ चुकी है। तनुज पुनिया ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी का आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी लोग जनता जनार्दन के बीच में पहुंचकर अधिक से अधिक मेहनत करें।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अरविंद यादव दिनेश शुक्ला राजकुमार सिंह डिंपल सिंह युवा सपा नेता पप्पू सिद्दीकी सरवर सिद्दीकी सभासद सूरज दीक्षित सक्रिय कार्यकर्ता पवन कुमार यादव युवा नेता रोहित मिश्रा अली रिजवी प्रदीप सिंह संतोष सिंह अंकुर यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### गेहूं की मड़ाई करते समय महिला मशीन में गिरी, मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** खेत में चल रही गेहूं की मड़ाई के दौरान एक 38 वर्षीय महिला की मशीन में गिरकर मृत्यु हो गई। मुकामी पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत सहावर निवासी रामू कनौजिया अपने परिवार के साथ गेहूं की मड़ाई कर रहे थे कि तभी अचानक मशीन में गेहूं डालते समय उनकी 38 वर्षीय पत्नी फंसकर मशीन में गिर गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** जैदपुर पुलिस टीम द्वारा दस लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफतार कर की गई कार्यवाही। बताते चलें कि जैदपुर पुलिस टीम ने हरख सतरिख जाने वाले मार्ग पर दस लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ मुखबिर की सूचना के आधार पर एक अभियुक्त को घेर घार कर गिरफ्तार किया जिसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्यवाही की गयी। अभियुक्त ने बताया लहर थाना जनपद लहर भिंड मध्यप्रदेश का निवासी है। और वर्तमान समय में अपने जीजा के घर हरख जनपद बाराबंकी में रहता था। जिसका नाम बादल पुत्र हरिनाम बताया गया है।

### सास-ससुर बिन अंगना न सोहे फिल्म की शूटिंग शुरु

**मसौली बाराबंकी।** भोजपुरी फिल्म स्टार विक्रांत सिंह द्वारा अभिनीत.भोजपुरी फिल्म सास ससुर बिन अंगना न सोहे फिल्म की शूटिंग मंगलवार को मुहर्त के साथ शुरु हुई। ऐज शॉपिंग प्रोडेक्शन प्रा लि के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म के पहले दिन की शुरुआत ग्राम डेढ़वा निवासी विक्रम बहादुर सिंह उर्फ़ दद्दू सिंह की कोठी मे की गयी। इस फ़िल्म की शूटिंग ग्राम डेढ़वा, बिरौली, मसौली, बड़ागांव सहित अन्य जगहों पर की जाएगी इस फिल्म भोजपुरी अभिनेता विक्रांत सिंह एव अभिनेत्री रिचा दीक्षित फ़िल्म निर्देशक कन्हैया विश्वकर्मा के निर्देशन में अपने अभिनय का जौहर दिखाएंगे और अपने फैंस व भोजपुरिया ऑडियंस का फुल इंटरटेनमेंट करने वाले हैं। फिल्म एक परिवारिक कथा पर आधारित है जो एक मा बाप अपने तीन बच्चो को पाल पोस कर बड़ा कर देती है लेकिन जब बच्चो की बारी आती है तो मा बाप को अकेला छोड़ देते हैं। मैनेजमेट का कार्य राहुल कुमार व अक्षय कुमार कर रहे हैं। इस फिल्म के कार्यकारी निर्माता संतोष वर्मा हैं। फिल्म के निर्माता अनंत सिंघल एन्ड देव पाण्डेय, निर्देशक कन्हैया एस विश्वकर्मा, लेखक सबा वर्मा, संगीतकार साजन मिश्रा है।

### 102 केन्द्रों पर आयोजित हुआ सास-बहू-ननद सम्मेलन

**बाराबंकी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज मतदाता जागरूकता हेतु 102 केन्द्रों पर सास-बहू-ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 4178 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को आगामी चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया और उपस्थित महिलाओं ने अपने परिवार के साथ मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

# हिंदू नव वर्ष के प्रथम दिन पर शुरु हुआ चैत्र नवरात्र

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



हिंदू नववर्ष बेहद महत्वपूर्ण होता है। यह वर्ष तो और भी अधिक विशेष है क्यों कि भगवान श्रीराम लला पांच शताब्दी के बाद अपने नव्य-भव्य धाम में हैं। नवसंवत्सर यानी विक्रम संवत 2081, जिसके स्वागत के साथ ही आने वाली है वह घड़ी, जब अयोध्या में विराजे सूर्यवंशी रामलला का सूर्य तिलक होगा। पाताल,धरती,गगनचारो दिशायो में, चहुंओर नव पल्लव की सुगंध फैल रही है। खेत-खलिहानों ने मानो सुनहरे वस्त्र धारण कर लिए हैं।

चैत्र मास प्रकृति के लिए भी विशेष होता है, जब प्रकृति अपने पूर्ण यौवन पर होती है। पुष्पों, पल्लवों, फलों से वृक्ष आच्छादित रहते हैं। गेहूं की फसल पककर तैयार हो जाती है। नूतन वर्ष सनातन गौरव की पुनर्स्थापना का वर्ष सिद्ध हो, ऐसी कामना के साथ लोग चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा (नौ अप्रैल) दिन मंगलवार के स्वागत लिये प्रतीक्षारत हैं। चैत्र मास एक-दो नहीं, अगणित शुभ मुहूर्तों और पर्वों का मास है। ब्रह्मा जी ने संपूर्ण सृष्टि का सृजन चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा के सूर्योदय से किया था। पांडु पुत्र युधिष्ठिर का राज्याभिषेक इसी दिवस पर हुआ। कहा जाता है कि विक्रम संवत का नामकरण सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर हुआ। उन्होंने उज्जयिनी में शकों पर अपनी विजय के उपलक्ष्य पर इस संवत का नामकरण किया। नौ देवियों की उपासना के नौ दिवसों का शुभारंभ भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही होता है।

चैत्र नवरात्रि की तैयारियां शुरू हो चुकी है. इस साल माता घोड़े पर सवार होकर आ भक्तों के बीच आएंगी. चैत्र नवरात्रि के 9 दिन घर, मंदिर शक्ति की देवी दुर्गा की विशेष पूजा की जाती है। 9 दिनों तक चलने वाले चैत्र नवरात्रि का चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर 9 अप्रैल को भारतीय नव संवत्सर 2081 को आगाज होगा तथा 17 अप्रैल को महानवमी पर कन्या पूजने के साथ नवरात्रि का समापन होगा. मां दुर्गा का समर्पित चैत्र नवरात्रि के प्रतिपदा से लेकर 9वीं तक व्रत रखे जाएंगे. 9 दिन पर शुभ संयोग रहेंगे, जो खुशहाली लेकर आएंगे।

## कुम्भी चीनी मिल के पेराई सत्र समापन की दूसरी नोटिस जारी

**अमीरनगर खीरी।** बलरामपुर ग्रुप की कुम्भी चीनी का चक्का 12 अप्रैल को थम जायेगा।

चीनी मिल प्रबंधन द्वारा मंगलवार को चीनी मिल पेराई सत्र 2023-24 के समापन की दूसरी नोटिस जारी कर दी गई है। चीनी मिल के ईकाई प्रमुख सुनील कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों के समस्त गन्ने की पेराई करने के उद्देश्य से चीनी मिल ने पर्ची फ्री कर दी हैं। जिन किसानों के पास गन्ना है, वह चीनी मिल से पर्ची प्राप्त कर अपना गन्ना तत्काल आपूर्ति कर दें। ईकाई प्रमुख ने बताया कि तौल फ्री होने के बावजूद भी मिल को पर्याप्त मात्रा में गन्ना आपूर्ति न होने से मिल को बार बार बंद कर चलाना पड़ रहा था।



## नवरात्र, ईद को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

**मालपुर खीरी।** नवरात्र, ईद ,रामनवमी, अम्बेडकर जयंती को लेकर पडरिया तुला पुलिस सहायता केंद्र पर मंगलवार को बैठक भीरा थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी की अध्यक्षता में की गई। भीरा थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने कहा कि सभी लोग धूमधाम से त्यौहार मनाए। आगामी त्योहार नवरात्रि ,ईद ,रामनवमीं ,भीम राव अम्बेडकर जयंती को लेकर थाना भीरा पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। इसके लिए थाने के विभिन्न चौकी व सहायता केंद्र क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। शांति समिति की बैठक में पडरिया तुला पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी सन्दीप यादव ने मौजूद लोगों के बीच सरकार के गाइडलाइन से अवगत कराया। पर्व के दौरान अफवाहों पर ध्यान नहीं देने कि अपील की। इस मौके पर क्षेत्र के सभी धर्म गुरु संभ्रांत लोग व क्षेत्रीय पत्रकार बंधु समेत भीरा थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी,बिजुआ चौकी प्रभारी चेतन तोमर,पड़रिया तुला चौकी प्रभारी संदीप कुमार व चंद्र मोहन त्यागी,अरविंद कुमार,विशाल कुमार मौजूद रहे।

# बैलगाड़ी से टकराकर बाइक सवार की मौत, शव पीएम के लिए भेजा

**धौरहरा खीरी,समृद्धि न्यूज।**

एनएच 730 पर थाना ईसानगर क्षेत्र के भरेठा के पास बहन के घर से वापस अपने घर जा रहा 23 वर्षीय बाइक सवार हाइवे पर गन्ना लेकर जा रही भैसा गाड़ी से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको आनन फानन में पुलिस सीएचसी खमरिया लाई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना परिजनों को देकर पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को थाना खमरिया क्षेत्र के महरिया गांव निवासी धुरू लाल उर्फ धीरू (23) पुत्र गया प्रसाद थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव रंजीतगंज में अपनी बहन के घर गया था,वहाँ से रात करीब 9 बजे बाइक से वापस अपने घर वापस आते समय वह हाइवे पर भरेठा के पास गन्ने से भरे डनलप में टकराकर घायल हो गया। जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुचीं पुलिस ने आनन फानन में उसे सीएचसी खमरिया लाई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जिसकी जानकारी परिजनों को देकर मौके पर बुलाकर उपनिरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। अचानक हुए हादसे में युवक की मौत से पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। वही इस बाबत उपनिरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजकर वाहनों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध कब्जा करने के आरोप मे महिला ने सीएम पोर्टल पर की शिकायत

**सिंगाही खीरी,समृद्धि न्यूज।**

विवादित भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाकर भू स्वामी की पत्नी ने मुख्यमंत्री पोर्टल आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की है वह गांव के ही ग्राम प्रधान के भाई पर अवैध तरीके से कब्जा करने का आरोप लगाया है।

तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के गांव फरवरी में बिटाना देवी पत्नी करवारी निवासी भूलनपुर भेड़ौरी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी निघासन एवं उप जिला अधिकारी एवं मुख्यमंत्री पोर्टल आइजीआरएस पर शिकायत भेज कर आरोप लगाया है। गाटा संख्या 11



24 कृषि योग्य भूमि है और मेरे पति की मौत 25 वर्ष पहले हो चुकी है क्षेत्रीय लेखपाल से साथ साट गांठ कर मेरे पुत्र कल्लू ने वसीयत दर्ज कर ली जिसमें मेरा जिक्र नहीं किया गया जिसका विवाद निघासन तहसील में नायक तहसीलदार के वहां चल रहा है। बतौर वसीयत के जरिए भूमि का एक बटा दो भाग को पहले ही बेच चुका है शेष भूभाग पति की मौत के बाद पत्नी को गुजरे में मिले भू भाग को भी विपक्षी राजेश पुत्र सहज राम निवासी भुलानपुर हल्का लेखपाल से साट गांठ कर विवादित जमीन पर खडी फसल को नष्ट कर जमीन पर अवैध कब्जा कर फसल उगाने की धमकी दी है। पीड़ित बिटाना देवी ने मुख्यमंत्री पोर्टल आइजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है। निघासन नायब तहसीलदार हरिराम ने बताया की यह प्रकरण बीस साल पुराना है उसे समय की जो भी विधि व्यवस्था थी उसके अनुसार वरासत में लड़के का नाम दर्ज हुआ था मां का नाम दर्ज नहीं किया जाता था जिससे बिताना देवी का जमीन पर कोई हक नहीं है। में विवादित जमीन को देखने मौके पर जा रहा हूं।

## नवरात्र में दुर्गा पूजा की धूम, सज गए पूजा पंडाल

**बिजुआ खीरी।** ग्रामीण अंचल क्षेत्र में चैत्र नवरात्र के अवसर पर जगह जगह पूजा पंडाल सज गए है। चारों ओर दुर्गा पूजा की धूम है। प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने माता शैल पुत्री की पूजा उपासना कर मां से क्षमा याचना की। साथ ही व्रत धारण करने वाले लोगों ने विधि विधान से कलश स्थापना की। मंगलवार से चैत्र नवरात्र प्रारम्भ हो गए दुकानों पर जहाँ पूजा सामग्री खरीदने वाले ग्राहकों की भीड़ रही। वहीं दुर्गा मंदिरों में पूजा करने वाले भक्तों की सुबह से ही कतारे लगी रहीं, साथ ही लोगो ने घरों में घट स्थापना, कलश स्थापना कर मां को लौंग ,पुष्प, वंदन , नैवेन्द्य, अर्पित कर मां से क्षमा याचना करते हुए,प्रथम दिन मां शैलपुत्री का व्रत धारण किया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सजाये गए पूजा पंडालों में मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम दिन भर चलता रहा। पूजा पंडालों में मूर्ति स्थापना के बाद रात को जागरण का कार्यक्रम व सजीव झांकियों का अवलोकन किया जायेगा। क्षेत्र में बस्तौली, बिजुआ, नौसर जोगी, गुलरिया चीनी मिल आदि स्थानों पर पूजा पंडाल सजाये गए हैं।

# इलेक्शन आइकॉन ने किया मतदाता जागरुकता आयोजित

- टीकाकरण के दौरान एएनएम भी देंगी मतदाता जागरुकता संदेश

**बिजुआ खीरी,समृद्धि न्यूज।**



आगामी 13 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जनपद खीरी में मतदाता जागरूकता हेतु ज़िले के मतदाता जागरूकता ब्रांड एम्बेसडर एस पी सिंह लगातार मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने स्वीप के तहत किए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यों की सराहना भी की । ब्रांड एंबेसडर की मतदाता जागरूकता बाइक सुबह निकलती है, और शाम को बंद होती है। कभी सब्ज़ी की दुकानों तो कभी पेट्रोल पंप ,चाट पकोड़ी के ठेले पर, जहां भीड़ दिखती है वहीं लोगों को वोट देने हेतु समझाने लगते हैं। मंगलवार को मतदाता जागरूकता के तहत इन्होंने एक नया उपाय सोचा और जा पहुँचे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ। अपने बनाए गए पोस्टर लगाए। सीएचसी अधीक्षक सुभाष वर्मा से मिलकर सभी बी एस डब्लू /ए एन एम कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और अपने टीकाकरण के दौरान मतदाताओं को 13 मई को मतदान अवश्य करने की अपील के बारे में बताया।

इसके बाद मरीज़ों से मिले और उनका हाल चाल लिया। मरीज़ों के साथ आये तीमारदारों से मिले और 13 मई को होने वाले चुनाव में बढ़ चढ़ कर भाग लेने एवं हर घर से एक -एक वोट डालने की अपील की। उसके बाद मरीज़ों के पर्चे बनाने वाली बुक पर मुहर लगायी ताकि घर घर मतदान करने की अपील का संदेश जा सके। सीएचसी के बीपीएम राकेश वर्मा से मिलकर एसपी सिंह ने मतदाता जागरूकता मुहिम को निरंतर चलाने हेतु आग्रह किया। इसके साथ ही अपने एवं अपनी टीम के द्वारा बनाये जाने वाले मतदाता जागरूकता संदेश से संबंधित पोस्टर भी चिपकाये, तकि यहाँ आने जाने वाले लोगों का ध्यान इस सन्देश पर पड सके और वे मतदान हेतु प्रेरित भी हो सकें।सीएचसी बिजुआ पर मतदाता जागरूकता बाइक पर बैठकर लोगों ने खूब फोटो खिचवाये।

# जुआ खेल रहे छह लोगों को पढुआ पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा

**सिंगाही खीरी,समृद्धि न्यूज।**

दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन के जंगल में आधा दर्जन जुआरी को पुलिस ने निजी मुचलके पर थाने से जमानत दे दी है। जामा तलाशी व फड से नगदी बरामद हुई है । सोमवार की शाम सिंगाही थाना क्षेत्र के दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की बीट बथुवा के भूसैला जंगल में अमित ,विकास, गुरदेव सिंह, केवल प्रसाद शर्मा, आफताब ,दिलीप, निवासी कस्बा सिंगाही मोटरसाइकिल से जंगल में लाखों रुपए का जुआ खेल रहे थे। पढुआ थाना प्रभारी हरिकेश राय को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर जंगल में लाखों रुपए का जुआ खेला जा रहा है। थाना प्रभारी ने मुखबिर की सूचना पर जंगल में दलबल के साथ पहुंच गए और जुवारियो को जुआ खेलते पकड़ लिया जामा तलाशी में 7000 की नगदी व फड से 5760 और 52 पत्ते ताश बरामद कर पुलिस ने थाने से निजी मुचलके पर जमानत दे दी है। सूत्र बताते हैं कि फड से लाखों रुपये बरामद हुआ है लेकिन बरामदगी में पुलिस ने गोलमाल किया है और पुलिस ने बरामदगी में बाइकों का जिक्र भी नहीं किया है। जबकि मौके से तीन मोटरसाइकिल भी बरामद की गई थी।

**NOTICE**

My husband's name in my daughter's (VAISHNAVI CHAUDHARY) admit card Unique ID-8189638 who is studying in class 10th is wrongly mentioned as 'GURUDUP KUMAR' instead of 'GURUDEEP KUMAR'. SUMAN R/O Rajya Vyavasayik Prashikshan Parishad, ITI Campus, Aliganj, Lucknow.

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए सीएसए में बनेगी जापानी तकनीक मॉडल परियोजना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/कानपुर।** उप्र के किसानों की आय बढ़ाने के लिए मंगलवार को जापानी कंपनियों द्वारा विकसित तकनीकों के आधार पर मॉडल परियोजना के लिए चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर और जापान के प्रतिनिधि मण्डल के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किया गया। यह जानकारी विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने दी।

उन्होंने बताया कि कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि तकनीकी टिकाऊ होनी चाहिए, वातावरण को हानि न पहुंचाने वाली हो, कम खर्चीली तथा प्रति इकाई क्षेत्रफल पर अधिकतम शुद्ध लाभ दे सके ऐसी तकनीक को प्रदर्शित किया जाए। जापानी प्रतिनिधिमंडल के साको नोडो का जापान ने बताया कि विश्वविद्यालय की कार्य क्षेत्र के अंतर्गत दलीप नगर के वी के प्रक्षेत्र पर विभिन्न जापानी कंपनियों द्वारा विकसित तकनीकों को प्रदर्शित किया जाएगा। तथा तकनीकी का स्थानीय परिस्थिति के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जब तकनीकी उत्तर प्रदेश की जलवायु एवं मिट्टी के अनुरूप सफल हो जाएगी। तब उसे विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्र पर विस्तारित किया जाएगा तथा बाद में व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों के खेतों तक भी पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में शिमादा मित्सू निदेशक दक्षिण एशिया ने बताया गया कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की आर्थिक स्थिति को शुद्रण करना होगा। जापानी प्रतिनिधि मंडल में ओता मसामी भारत में जापानी दूतावास के अधिकारी, एवं अमन जापान विकास कंपनी कुबोता द्वारा कहा गया कि परियोजना के कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने के लिए एक वर्किंग ग्रुप बनाया जाएगा।

# धरोहर काशी की कार्यक्रम में शामिल होंगे 20 देशों के राजदूत

समृद्धि न्यूज

**शिल्प और हस्तकला को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम धरोहर काशी की का आयोजन 13 से, 14 को अंतर्राष्ट्रीय फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा नमो घाट पर अपने फैशन शो में बनारस के बुनकर शिल्प को करेंगे प्रदर्शित**

**लखनऊ/वाराणसी।** बनारस के बुनकरों के शिल्प और हस्तकला को बढ़ावा देने के लिए इंडियन माइनॉरिटी फाउंडेशन ने दो दिवसीय कार्यक्रम धरोहर काशी की का आयोजन 13 अप्रैल से किया है। कार्यक्रम में दूसरे दिन 14 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा नमो घाट पर अपने फैशन शो में बनारस के बुनकर शिल्प को प्रदर्शित करेंगे। शो में बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन और अभिनेता रणवीर सिंह रैम्पवॉक करेंगे।

मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ÷धरोहर काशी की÷ कार्यक्रम के



एक भाग के रूप में 13 अप्रैल को 20 देशों के राजदूत काशी विश्वनाथ दरबार में आएंगे। दर्शन पूजन के बाद मेहमान गंगा आरती में शामिल होंगे। आईएमएफ कन्वीनर सतनाम सिंह संधू ने कहा कि ÷यह कार्यक्रम वंदे भारत के माध्यम से नई दिल्ली से वाराणसी तक यात्रा करने वाले 20 से अधिक देशों के राजदूतों के साथ शुरू होगा। जो पिछले 10 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किए गए प्रौद्योगिकी-संचालित विकास का अनुभव करेंगे।

13 अप्रैल की शाम गंगा आरती में भाग लेने के दौरान, विभिन्न देशों के राजदूत प्रधानमंत्री मोदी की प्रमुख पहल विकास भी, विरासत भी का भी अनुभव करेंगे, जिसमें सरकार भारत की समृद्ध, पुरानी विरासत को फिर से जीवंत और सुंदर बनाने में सक्रिय रूप से शामिल है। उन्होंने बताया कि बनारस के हस्तशिल्प और हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए मेगा प्रदर्शनी 14 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। राज्यसभा सांसद ने कहा कि काशी की भूमि बुनकर समुदाय का घर है, जिनके पास बनारसी रेशम सहित पारंपरिक हथकरघा बुनाई का एक लंबा इतिहास रहा है। धरोहर काशी की कार्यक्रम, बनारस हैंडलूम की इस सदियों पुरानी विरासत को आगे बढ़ाने और वोकल फॉर लोकल की भावना को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के स्थानीय विनिर्माण और उत्पादों को बढ़ावा देने की एक महान पहल की है। फैशन शो के दौरान नमो घाट पर भोजपुरी अभिनेता और भाजपा सांसद रवि किशन एक सांस्कृतिक और संगीतमय प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन काशी के बुनकर समुदाय के प्रमुख बुनकरों और हस्तियों को भी सम्मानित करेगा। दो दिवसीय धरोहर काशी की मेगा कार्यक्रम में भाग लेने वाली अन्य प्रमुख हस्तियों में कला और शिल्प, कपड़ा तथा हथकरघा क्षेत्र से पद्म पुरस्कार विजेता भी शामिल होंगे। वार्ता में एमएलसी और बनारसी वस्त्र उद्योग के संरक्षक अशोक धवन, बनारसी डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सईद अंसारी, बुनकर समुदाय के नेता अतीक अंसारी, काशी में मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन के सदस्य घनश्याम दास, सिल्क ट्रेडर्स एसोसिएशन अध्यक्ष वैभव कपूर , ईयूपीए अध्यक्ष नवीन कपूर, साड़ी व्यवसायी दीपेश वशिष्ठ आदि भी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### रोड पर दौड़ती वैगनआर सीएनजी कार में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में कानपुर बाईपास पर एक वैगनआर सीएनजी कार में आग लग गई। आग लगने के बाद कुछ ही मिनट में वैगनआर कर आग का गोला बन गई। हालांकि गाड़ी में आग लगते ही गाड़ी सवार बाहर निकल आए जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। गाड़ी को जलते हुए देख राहगिरों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने वैगनआर कर में लगी आग पर काबू पा लिया है। गाड़ी में आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। यह पहला मामला नहीं है जब राजधानी लखनऊ की सड़कों पर दौड़ रही चार पहिया गाड़ियों में आग की घटना सामने आई है। इससे पहले भी कई ऐसी घटनाएं सामने आई है। राजधानी लखनऊ में आग लगने की घटनाएं लगातार हो रही है जहां मंगलवार को कानपुर बाईपास में वैगनआर कार में आग लगने की घटना सामने आई तो इससे पहले 1090 चौराहे पर भी एक कार में आग लग गई थी। पिछले दिनों एक मोटरसाइकिल में आग लगने की घटना सामने आई थी।

### पाइपलाइन लीकेज से सड़क पर बह रहा पानी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम और जलकल विभाग की उदासीनता राजधानी में भारी पड़ रही है। मंगलवार की सुबह 10 बजे पक्का पुल पर जाने वाले रास्ते पर पाइप लाइन लीकेज होने से बीच रास्ते में तेजी से फव्वारा बहने लगा। पानी का प्रेशर इतना तेज था कि बीच सड़क पर रहगीर भीगने को लाचार दिखे। लापरवाही का आलम यह है की शिकायत के बाद भी कोई जिम्मेदार संज्ञान नहीं ले रहा है जिसका खामियाजा सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोग नगर निगम प्रशासन को ट्रोल करते रहे लेकिन घंटों तक कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों का कहना था की पाइपलाइन का लीकेज दे रहा है किसी बड़े हादसे को दावत।

### बस चालक की लापरवाही : ओमनी में मारी टक्कर, पांच घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के तहत चलने वाली महानगर बस सेवा के चालकों के लापरवाही आए दिन राहगीरों पर भारी पड़ रही है। सिटी बस चालकों की लापरवाही के चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। मंगलवार की सुबह कानपुर रोड पर रोड शोरूम के सामने सिटी बस और ओमनी की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जहां कानपुर जा रही ओमनी सड़क पर पलट गई। पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सिटी बस चालक की लापरवाही के चलते ओमनी में सवार दो महिला दो पुरुष एक ड्राइवर एक 5 साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से सिटी बस का चालक फरार हो गया। आनंद पालन पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सूझबूझ से घर लोगों को ओमनी से बाहर निकाला।

### लखनऊ में महिला सिपाही से छेड़छाड़

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के राजाजीपुरम में दो युवकों ने रविवार रात घर लौट रही महिला सिपाही से छेड़छाड़ की। महिला सिपाही सादे कपड़ों में थी। उसके विरोध करने पर दोनों युवक नहीं माने। उनकी हरकत बढ़ते देख महिला सिपाही हिम्मत दिखाते हुए उनसे भिड़ गई। दोनों युवक भागने लगे तो वह भी शोर मचाते हुए स्कूटी से पीछा करने लगी। बाजारखाला कोतवाली में तैनात महिला सिपाही रविवार रात सादे कपड़ों में स्कूटी से राजाजीपुरम स्थित घर लौट रही थी। एमआईएस चौराहे के पास पहुंची थी तभी पीछे से बाइक सवार दो युवक अश्लील टिप्पणी करने लगे। पीड़िता ने कहा कि वह बाजारखाला कोतवाली में तैनात है और सिपाही है। वह पुलिस को बुलाने के लिये फोन करने लगी तो दोनों युवक भागने लगे। शोर सुनकर राहगीर मदद को आ गये। राहगीरों ने थोड़ी दूरी पर ही दोनों युवकों को पकड़ लिया। रात में महिला से छेड़छाड़ की बात जानकर राहगीरों ने दोनों युवकों की पिटाई कर दी। पीड़िता सिपाही की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। इंस्पेक्टर तालकटोरा कैलाश चन्द्र दुबे ने बताया कि आरोपितों की पहचान काकोरी निवासी हसीब व उसके चचेरे भाई मुबारक के रूप में हुई है।

### मानव जीवन की गरिमा का बोध कराता है ऋषि का सद्ज्ञान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''सेठ विशम्भरनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी ब्रांच देवा, बाराबंकी, उ.प्र.'' में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 406वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री एम.के. निरंजन जी ने अपने पूर्वजों की स्मृति में भेंट किया साथ-साथ उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को भी एक-एक अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ऋषि का सद्ज्ञान मानव जीवन की गरिमा का बोध कराता है, श्री वी.के. श्रीवास्तव, एम.के. निरंजन, संस्था के निदेशक डॉ. अर्पिता सिंह, ने अपने विचार व्यक्त किये। डॉ. विपिन बिहारी जी ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया।

### चैत्र नवरात्रि के पहले दिन देवी मंदिरों में पूजी गईं मां शैलपुत्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार से शुरु हुए चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन देवी मंदिरों में भारी भीड़ जुटी। राजधानी के चौक स्थित छोटी काली जी मंदिर में बीकेटी स्थित चंद्रिका देवी और शास्त्री नगर दुर्गा देवी समेत अन्य देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। लोग देवी मां के दर्शन-पूजन कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने का आशीर्वाद लिया। नवरात्र के पहले दिन शक्ति पीठ चंद्रिका देवी मंदिर में मां का भव्य श्रृंगार किया गया। चैत्र नवरात्र के आज पहले दिन शक्ति पीठ चौक स्थित छोटी काली जी में देवी माँ स्वरूप पालने की भव्य आरती की गई और भोर से ही मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। आरती के वक्त मौजूद श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए देवी गीत भी गाए। साथ ही वैदिक पंडितो द्वारा विशेष अनुष्ठान कराये जा रहे है।

# मतदेय स्थलों पर हों लू से बचाव के इंतजाम

**▸ प्रशिक्षण में कर्मियों को दी जाए गर्मी मे बचाव की जानकारी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने अप्रैल-जून महीनों की भीषण गर्मियों के दौरान हो रहे है लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा विधानसभा उपनिर्वाचन ने व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों जैसे मतदाताओं के साथ चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों की लू से सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम विभाग आईएमडी की लू के सम्बन्ध में की गयी भविष्यवाणी के दृष्टिगत और स्थानीय जलवायु पैटर्न के आधार पर लू की स्थिति वाले क्षेत्रों में स्थित मतदेय स्थलों की समय से पहचान कर लें। इसके लिए लू के प्रभाव को कम करने के लिए मतदेय स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं समय से पूरी करना सुनिश्चित करें। मतदाताओं को



धूप से बचाने के लिए ऐसे मतदेय स्थलों पर पर्याप्त छायादार संरचनाओं जिसमें-टेंट, छतरियां कुर्सियों की व्यवस्था हों।

मतदाताओं और मतदान कर्मियों के लिए आरामदायक तापमान बनाए रखने के लिए, जहां भी आवश्यक हो, पंखे या मिस्टिंग पंखे जैसे आदि उपकरण भी लगाये जाए। मतदेय स्थलों पर पर्याप्त वेंटिलेशन भी हो। मतदेय स्थलों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था अवश्य की जाये।

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदेय स्थल के कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र में गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को पहचानने और उनसे बचाव की समुचित प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी जाए। लू के प्रभाव को कम करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों के साथ ही स्थानीय सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य विभाग और आपातकालीन सेवाओं के साथ समन्वय भी बनाकर रखे। आम जनता को लू से बचाने संबंधी सुरक्षा नियमों का सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने और सार्वजनिक घोषणाओं सहित विभिन्न संचार चौनलों का उपयोग किया जाए।

### कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त, निर्देशों के अनुपालन में कोताही नहीं

**लखनऊ,।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1825 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 08 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 480 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3946 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 20,79,645 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 13,61,464 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 5022 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 5249 कारतूस, 2066.5 किलोग्राम विस्फोटक व 260 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 1634 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 88 केन्द्रों को सीज किया गया। 08 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 02 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 25 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 75,593 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। साथ ही 266 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 241 कारतूस व 4 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 121 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 06 केन्द्रों को सीज किया गया।

# एसएचओ के साथ भाजपा नेताओं ने की अभद्रता, विपक्ष ने सरकार को घेरा

समृद्धि न्यूज

**▸ सपा अध्यक्ष का सरकार से सवाल, कब चलेगा इन पर बुलडोजर**

**लखनऊ ।** वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के पास गोदौलिया चौराहे पर पुलिस वालों के सामने एक दरोगा से दुर्व्यवहार किया गया। मारपीट के साथ ही वर्दी फाड़कर बिल्ला नोच लिया। सरकारी जीप क्षतिग्रस्त कर दी। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वीडियो को शेयर करते हुए प्रदेश की योगी सरकार पर निशाना साधा है।

अखिलेश ने लिखा कि देश के प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दरोगा के साथ हिंसक व्यवहार भाजपाई अराजकता की पराकाष्ठा है। इन असामाजिक तत्वों के घरों पर बुलडोजर कब चलेगा? वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आखिर ये क्या हो रहा है? सरेआम आरएसएस के लोगों द्वारा दरोगा की पिटाई कर दी जाती है सरकार मूकदर्शक बनकर मौन है। आरएसएस के लोगों को खुली छूट कोई कार्यवाही नहीं । इन मनबढ़ों को आखिर किसका है संरक्षण? अजय राय ने वाराणसी में ही एक अन्य थाने में पुलिस वालों से दुर्व्यवहार का भी वीडियो पोस्ट किया है। वाराणसी के थाना चिताईपुर में एसएचओ के साथ भाजपा नेताओं द्वारा की गयी अभद्रता की जितनी निंदा की जाए कम है। क्यों आरएसएस मनबढ़ों को संरक्षण दे रही है ? डबल इंजन की भाजपा सरकार में कानून के रखवाले भी सुरक्षित नहीं है। गोदौलिया की घटना रविवार रात की है। पुलिस ने मौके पर ही मारपीट करने वालों को पहले हिरासत में ले लिया था लेकिन बाद में छोड़ दिया। वीडियो वायरल हुआ तो दरोगा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तहरीर में किसी पार्टी का नाम तो नहीं लिखा गया है कि लेकिन छह युवकों को नामजद किया गया है। एसीपी दशाश्वमेध प्रज्ञा पाठक ने बताया कि वायरल वीडियो में नजर आ रहे लोगों की पहचान कर ली गई है। उनके घर का पता लगाया जा रहा है। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। दबिश के लिए कई पुलिस टीम का गठन किया गया है।

# अटल के कलाकार नेहा जोशी और आशुतोष कुलकर्णी पहुंचे अयोध्या

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या/लखनऊ।** राम नवमी सबसे पवित्र त्योहारों में से एक है और इस दिन भगवान राम के जन्म का उत्सव मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश की पावन नगरी अयोध्या प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि के रूप में अत्यधिक धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व रखती है। इस साल अयोध्या में श्रीराम का जन्मोत्सव काफी धूमधाम के साथ मनाये जाने की उम्मीद है, क्योंकि हाल ही में यहां पर भव्य राम मंदिर का उद्घाटन हुआ, जो आस्था, समर्पण, सांस्कृतिक विरासत एवं वास्तुशिल्प कौशल का प्रतीक है।

विश्व विख्यात राम मंदिर की भव्यता को निहारने और राम नवमी के भव्य उत्सव को लेकर शहर की तैयारियों को देखने के लिये एण्डटीवी के शो 'अटल' के प्रमुख कलाकारों कृष्णा देवी वाजपेयी (नेहा जोशी) और कृष्ण बिहारी वाजपेयी (आशुतोष कुलकर्णी) ने पहली बार अयोध्या की यात्रा की। यह एक यादगार पल था, जिसने उन्हें अपने आध्यात्मिक सफर को प्रदर्शित करने और उत्सव से पहले राम लला का



आशीर्वाद लेने में सक्षम बनाया। नेहा जोशी ऊर्फ एण्डटीवी के 'अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी ने अपने रोमांच और अनुभव के बारे में बताते हुये कहा, ''राम मंदिर जाने के सिर्फ विचार ने ही मेरे मन को आभार एवं समर्पण की भावना से भर दिया था।

भगवान राम का भक्त होने के नाते, अयोध्या जाने और मंदिर में दर्शन करने का मौका पाना, मेरे लिये किसी सपने के सच होने जैसा था। राम लला की पावन मूर्ति के सम्मुख खड़े होना एक ऐसा अनुभव था, जिसे मैं कभी भुला नहीं पाऊंगी। मैं वाकई अवाक् एवं भावुक थी। मैंने जैसे ही राम लला का मनभावन मुखड़ा देखा, मेरी आंखों में खुशी के आंसू उमड़ पड़े। जब राम लला के सामने खड़े होकर मैंने प्रार्थना की और आशीर्वाद मांगा, तो उनकी मूर्ति को देखना मेरे लिए असंभव हो गया।

### डमी बैलेट पेपर का आकार और रंग असली जैसा न हो : रिणवा

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रयोग की जा रही डमी बैलेट यूनिट के निर्माण एवं उपयोग करने से सम्बन्धित दिशा निर्देश जारी किए हैं। मतदाताओं को जागरूक करने तथा प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रत्याशियों व राजनैतिक दलों द्वारा तैयार की गयी डमी बैलेट यूनिट के संबंध में आयोग को आपत्ति नहीं है। डमी बैलेट यूनिट लकड़ी, प्लास्टिक या प्लाई बोर्ड बक्सों की हो सकती है, जो आधिकारिक बैलेट यूनिट के आधे आकार की हो सकती है और इसे भूरे, पीले व स्लेटी कलर से रंगी जा सकती है। डमी बैलेट पेपर की तरह ही डमी बैलेट यूनिट में भी उम्मीदवार का क्रमांक, नाम और प्रतीक दिखाने का प्रावधान हो सकता है। इसमें एक बैटरी चालित बटन और एक लैंप भी हो सकती है, जो कि बटन दबाते समय जल सके। उम्मीदवार द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चुनाव में उपयोग किये जाने वाले वास्तविक बैलेट पेपर में वह स्थान जहां पर उसका प्रतीक दिखायी देगा, अपने नाम और प्रतीक का उपयोग करके डमी बैलेट पेपर छपवाता है।



**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से बुधवार को राजभवन में प्रदेश के लोकायुक्त न्यायमूर्ति संजय मिश्रा ने भेंट की।**

### तनावग्रस्त पुलिसकर्मियों को सशस्त्र गार्ड और स्कॉर्ट ड्यूटी से रखा जाए दूर : डीजीपी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस के मुखिया डीजीपी प्रशांत कुमार ने ड्यूटी पर तैनात होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को लेकर निर्देश जारी किए हैं। डीजीपी के निर्देश है कि जो पुलिस कर्मचारी तनाव ग्रस्त हैं उन्हें सशस्त्र गार्ड व एस्कॉर्ट ड्यूटी से दूर रखा जाएगा। पिछले दिनों वाराणसी में एक हेड कांस्टेबल द्वारा शिक्षक की हत्या के मामले में देखा गया था कि तनाव ग्रस्त पुलिस कर्मचारियों ने घटना को अंजाम दिया है जिसके बाद सीख लेते हुए अब तनाव से ग्रसित पुलिस कर्मचारियों को सशस्त्र ड्यूटी नहीं दी जाएगी। आला अधिकारियों की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि मानसिक रूप से परेशान, बीमा, तनाव ग्रस्त व नशे के आदि पुलिस कर्मचारियों को शास्त्र नहीं उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही उन्हें महत्वपूर्ण ड्यूटी से दूर रखा जाएगा। डीजीपी की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं कि राजपत्रित अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि सशस्त्र ड्यूटी उन्ही कर्मचारियों की लगाई जाए जो मानसिक रूप से स्वस्थ व जिम्मेदार है जो कर्मचारी लापरवाह और तनाव ग्रसित प्रतीत होंगे उन्हें सशस्त्र ड्यूटी पर नहीं लगाया जाएगा। पिछले दिनों वाराणसी व उससे पहले भी कई ऐसी घटनाएं देखने को मिली है जब तनाव में ग्रसित पुलिस कर्मचारियों द्वारा आमजन मानस को ड्यूटी के दौरान नुकसान पहुंचाया गया है ऐसे में इस बात का विशेष ख्याल रखा जा रहा है कि वाराणसी जैसी घटनाएं दोबारा ना हो, इसलिए डीजीपी उत्तर प्रदेश की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। जहां एक और डीजीपी उत्तर प्रदेश की ओर से जारी किए निर्देशों के बाद तनाव में रहने वाले पुलिस कर्मचारियों को सशस्त्र ड्यूटी नहीं दी जाएगी वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार पुलिस कर्मचारी को महत्वपूर्ण स्थान पर सशस्त्र ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके लिए राजपत्रित अधिकारी को जिम्मेदारी दी जाएगी, जो जिम्मेदार कर्मचारी को चुनकर महत्वपूर्ण स्थान पर सशस्त्र ड्यूटी पर लगाएंगे।

**निर्देश** — कोर्ट ने बैंक के जोनल मैनेजर को कोर्ट में हाजिर होने के दिए निर्देश

# रेनू बनाम पंजाब सिंध बैंक मामले में कोर्ट का ऑर्डर कंप्लायंस नहीं

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** रेनू चौरसिया बनाम पंजाब सिंध बैंक मामले में कोर्ट का ऑर्डर कंप्लायंस नहीं हुआ। इस पर कोर्ट ने बैंक के जोनल मैनेजर को कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है। अधिकारियों को एफिडेविट भी फाइल करना पड़ेगा। कोर्ट मामले में 29 अप्रैल को फिर से सुनवाई करेगा। बैंक में अधिकारी के रूप में तैनात रेनू चौरसिया को मेजर पनिशमेंट देकर बैंक ने दो साल साल के लिए चार इंक्रीमेट डाउन कर दिया था और इसे रिस्टोर भी नहीं किया जा सकता था। इसी को लेकर रेनू ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसपर हाई कोर्ट ने 19 अप्रैल 2023 को रेनू चौरसिया के पक्ष में फैसला दिया




था। जस्टिस पंकज भाटिया ने मामले की सुनवाई कर आदेश दिया था।

बावजूद इसके ऑर्डर कॉम्प्लीएंस बैंक की तरफसे नहीं किया गया। इसपर रेनू चौरसिया की तरफ से 18 दिसंबर 2023 को कोर्ट में कंटेंप्ट फाइल की गई। कोर्ट ने 21 दिसंबर 2023 को मामले में ऑर्डर दिया। मामले में जोनल मैनेजर को कोर्ट ने नोटिस दी। इसके बाद तीन अप्रैल 2024 को फिर से कोर्ट ने सुनवाई की। इसमें लखनऊ जोन के जोनल मैनेजर को कोर्ट में मौजूद रहने के लिए कहा है। इस दौरान कंप्लायंस की एफिडेविट भी फाइल करने को कहा गया। मामले में कोर्ट 29 अप्रैल को सुनवाई करेगा। रेनू चौरसिया पंजाब एंड सिंध बैंक में अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। उनके खाते से सैलरी से कई गुना अधिक लेन देन होने पर बैंक ने जांच की। इस दौरान खाते में आए रुपए के श्रोत की जानकारी नहीं देने की बात कही गई। इसके बाद रेनू के दो साल के चार इंक्रीमेंट डाउन कर दिए गए थे। रेनू ने कोर्ट में कहा कि उनके पिता लकवे से पीड़ित हैं। 2009 से बेड रेस्ट पर हैं। इसके संदर्भ में लोगों से उधार रुपए लिए। इसके साथ ही उन्होंने कई और भी सबूत रखे, जिसपर कोर्ट ने 19 अप्रैल 2023 को उनके पक्ष में निर्णय दिया था।

### मेगा समर गंजिंग कार्निवल में यात्रियों ने की खरीदारी

**लखनऊ।** यूपी मेट्रो रेल कार्पोरेशन की ओर से इस बार 8 से 9 अप्रैल को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर दो दिवसीय मेगा समर गंजिंग कार्निवल का आयोजन किया। मेगा कार्निवल में हस्तशिल्प, बेकरी, गृह सज्जा, सिरेमिक प्लांट, पौधे पूरी तरह से श्मेक इन इंडियाश् स्वदेशी वस्तुओं को प्रदर्शन,बिक्री के लिए करीब 40 स्टॉल विक्रेताओं ने हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर सजाया था। मंगलवार को मेट्रो स्टेशन पर समर कार्निवल का समापन समारोह खूब धूम रही। मेट्रो यात्रियों की भारी भीड़ हस्तशिल्प उत्पादों को खरीदने के लिए उत्साहित दिखी। लखनऊ मेट्रो ने छोटे एवं मझौले विक्रेताओं को मंच देने के लिए मेट्रो स्टेशनों पर स्टॉल लगाने की सुविधा दी है। लखनऊ मेट्रो ने पिछले एक साल में ऐसे करीब 40 आयोजन किए हैं जहां स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिला है। लखनऊ मेट्रो ने चारबाग एवं हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर पुस्तक मेले का भी आयोजन किया है।

# राष्ट्रवाद की कटिबद्ध कसौटियों पर भाजपा की केंद्र सरकार पूर्णतया विफल : दीपक

समृद्धि न्यूज

**▸ सपा अध्यक्ष अखिलेश से मिले समाजवादी चिंतक दीपक मिश्र**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से समाजवादी चिंतक और बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्र ने मुलाकात की। दीपक ने अखिलेश के साथ हुए संवाद को सार्थक, स्नेहासिक्त और सकारात्मक बताते हुए कहा कि बात चीत समाजवाद व गणतंत्र के सर्वतोन्मुखी सशक्तीकरण पर केंद्रित रही ।

संवादोपरांत बौद्धिक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक ने कहा कि भारतीय राष्ट्रवाद की कटिबद्ध कसौटियों पर भाजपा की केंद्र सरकार पूर्णतया विफल है। भारत की लगभग 43 हजार 1सौ 80 वर्ग किलोमीटर पर चीन जबरन काबिज है जिसमें हिंदुस्तान की 5 हजार 1सौ 80 वर्ग किलोमीटर भूमि पाकिस्तान ने चीन को गिफ्ट दे रखा है। भारत की 78 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर पाकिस्तान अपना झंडा फहरा रहा है। पिछले 10 सालों में मोदी सरकार 10 इंच जमीन भी वापस नहीं ले सकी। पवित्र कैलाश और मानसरोवर तक विदेशी कब्जे में है।

शिवस्थान के दर्शन के लिए चीन से वीजा लेना पड़ता है। दुखद है कि कैलाश मानसरोवर समेत भारत की भूमि की वापसी के लिए केंद्र सरकार कोई उल्लेखनीय प्रतिबद्ध प्रयास तक नहीं किया गया। भाजपा ने राष्ट्र प्रथम को केवल चुनावी नारा बना कर छोड़ दिया है। भाजपा पहले अपने एक दशक के कार्यकाल का हिसाब दे फिर पिछली सरकारों पर प्रश्नचिन्ह लगाए। मोदी हर सार्वजनिक मंच से कहते थे कि जिस दिन वे प्रधानमंत्री बनेंगे, भारत की सारी जमीन वापस लाएंगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद राष्ट्रीय स्वाभिमान से जुड़े इतने संवेदनशील सवाल को भूल गए। दीपक ने बताया कि बौद्धिक सभा नवसंवत्सर से प्रतिदिन राष्ट्रहित से जुड़े हुए एक प्रश्न को उठाएगी और सरकार से जवाब मांगेगी। यह अभियान दो जून तक चलेगा। बौद्धिक सभा रामराज्य, राष्ट्रीयता और समाजवाद की अवधारणाओं से जनमानस को अभियान चला अवगत कराएगी ताकि इनके नाम पर बोले जा रहे झूठ का पर्दाफाश हो।

# आग लगने से छह दुकानें राख

▸ दमकल कर्मियों ने स्थानीय की मदद से आग पर पाया काबू



**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

तहसील मुख्यालय स्थित सरकारी अस्पताल तिराहे के पास मंगलवार की सुबह अचानक लगी आग से कई दुकानें जलकर राख हो गईं। सूचना पर दमकल के साथ पुलिस मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई।

मिली जानकारी के मुताबिक गोण्डा-लखनऊ हाइवे स्थित कर्नलगंज सरकारी अस्पताल तिराहे पर मंगलवार की सुबह अज्ञात कारणों से लगी आग से आधा दर्जन से ज्यादा दुकानें जलकर राख हो गईं। वहीं आग की लपटों को देखकर मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस और अग्नि शमन टीम भी पहुंच गई और आग बुझाने में जुट गई। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक आधा दर्जन दुकानें जल कर राख में तब्दील हो गईं। घटना में सूर्य कुमार का होटल, मुनव्वर नाई की सैलून की दुकान, मोतीलाल त्यागी की सब्जी की दुकान, मोहम्मद शाहिद की फल व सब्जी की दुकान, इम्तियाज़ अहमद की पान मसाला व अंडे की दुकान, मोहित मौर्य की कोल्ड्रिंक की दुकान में रखा नकदी समेत लाखों के सामान जल गए।

इस संबंध में तहसीलदार मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि लेखपाल को भेज कर नुकसान का आकलन कराते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जायेगी।



## आरपीएफ ने मृत मोर को वन विभाग को सौंपा

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने 9 अप्रैल को समय करीब 12:30 बजे रात्रि डियूटी में तैनात कान्स महेश कुमार बीट सं0 5 व 6 पर तैनात सुरक्षा बल के जवान ने गश्त के दौरान प्लेटफार्म नंबर चार के पश्चिमी साइड में एक मोर मृत अवस्था में पाया गया जिसे रात्रि अधिकारी को सूचित करते हुये राष्ट्रीय पक्षी मोर को वहां से सम्मान पूर्वक पोस्ट हाजा पर लाया गया जिसे अमित कुमार वर्मा बीट प्रभारी वन रक्षक वन विभाग गोण्डा को सूचित किया गया उनके द्वारा एक स्टाफ रघुनाथ पाण्डेय दैनिक श्रमिक के साथ पोस्ट पर उपस्थित हुये तथा बताये कि हमलोग इसे ले जायेगे जिसे उनि सुरेन्द्र कुमार,सउनि रामदत्त प्रसाद, हेका सुभाष चन्द, मका सरोज कुमारी सभी रेसुब गोण्डा द्वारा उक्त राष्ट्रीय पक्षी मोर को ससम्मान पूर्वक अमित कुमार वर्मा बीट प्रभारी वन रक्षक वन विभाग गोण्डा साथ स्टाफ को को सुपुर्द किया गया है।

# अवैध टैक्सी स्टैंड बढ़ा रहा यात्रियों की दुश्वारियां

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



आदर्श रेलवे स्टेशन का हाल भी विचित्र है।यहां दो-दो वाहन स्टैंड हैं। सूत्र बता रहे है कि एक वैध तो दूसरा अवैध।दोनों स्टैंड स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने परिसर में ही चल रहा है,जो यात्रियों की दुश्वारियां बढ़ा रहा है। यह इसलिए संभव है कि सुरक्षा कर्मियों का इन्हें संरक्षण है। जीआरपी का कहना है कि परिसर कोतवाली क्षेत्र में आता है जबकि विभागीय अधिकारियों का निरीक्षण होने पर गेट तक सुरक्षा कर्मी तैनात होते हैं,तब इन वाहनों का दूर तक पता नहीं चलता। सूत्रों की मानें तो रेल प्रशासन ने स्टेशन के उत्तर तरफ टैक्सी स्टैंड स्थापित किया ताकि आदर्श रेलवे स्टेशन की सुंदरता बनी रहे और यात्रियों को असुविधा न हो। स्टेशन साफ-सुथरा दिखाई दे। इसके विपरीत परिसर में खड़े वाहन विभाग को मुंह चिढ़ा रहे हैं।

चौबीस घंटे डग्गामार परिसर को जाम रखते हैं लेकिन सुरक्षा कर्मी उन्हें देखते तक नहीं। कारण खुद समझा जा सकता है। आलम यह कि लोगों को प्लेटफार्म तक पहुंचने में नाकों चने चबाने पड़ते हैं। किसी यात्री ने वाहन चालकों का प्रतिरोध किया तो उनकी दबंगई आसमान छूने लगती हैं। सूत्र बताते हैं वाहन चालक साहब को नजराना देते हैं। जब साहब की जेब गर्म हो तो आम यात्रियों से उन्हें क्या लेना-देना है। टैक्सी चालक जहां चाहें शौक से अपने वाहन खड़ा करें।यहां तो सब कुछ साहब के रहमो करम पर चलता है।

साहब को यात्रियों से कोई मतलब ही नहीं है। वह तो सब सिविल पुलिस जाने की रेलवे स्टेशन के बाहर क्या हो रहा है।

# जुमेरात 11 अप्रैल को, जिले में मनाया जायेगा ईद उल फितर का त्यौहार

**नवाबगंज/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

कुदरती तोहफा ईद उल फितर की तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई है। जामा मस्जिद कमेटी ने ईदगाह की साफ सफाई और व्यवस्था का जायजा लिया है। वहीं क्षेत्र के सभी मस्जिदों में नमाज की मुकम्मल तैयारी कर ली गई है।

इस मौके पर नवाबगंज के गांधी चौक के स्थित सुन्नी जामा मस्जिद से इमाम कारी मोहम्मद शरीफ ने ईद उल फितर की नमाज के समय का ऐलान करते हुए कहा कि मस्जिद रहमत सराय मोहल्ला पड़ाव में 7:30 बजे, मस्जिद ईददन मोहल्ला संचरही में 8:00 बजे, मस्जिद दारुल अमन कटी तिराहा पर 9:00 बजे, ईदगाह पटपरगंज में सुबह 9:30 बजे, मौलाना तौफीक रजा निजामी ने बताया कि हुसैनी जामा मस्जिद रघुराज नगर टिकरी में 7:30 बजे, ईदगाह सुदामापुर टिकरी में 7:00 बजे, वरिष्ठ समाजसेवी राजिक उस्मानी ने बताया कि ईदगाह शाहपुर में 8:00 बजे, प्रधान नबी अहमद ने बताया कि मीरपुर जामा मस्जिद में 7:30 बजे, अयाज खान ने बताया कि ईदगाह होलापुर में 7:30 बजे, वही देवबंद मसलक से मिली जानकारी के मुताबिक हाफिज मुदस्सिर ने बताया कि मोहल्ला चाईटोला स्थित मस्जिद आलीशान में ईद उल फितर की नमाज 8:00 बजे, मुट्ठीगंज से हाफिज खालिद ने बताया कि मस्जिद कूबा में 7:30 बजे, हाफिज कमरुद्दीन ने कहा की मस्जिद मदनी मोहल्ला कहरान में 8:00 बजे ईद उल फितर की नमाज अदा की जाएगी। सभी जिम्मेदारों ने नमाजियों से वक्त से पहले पहुंचकर ईद उल फितर की नमाज अदा करने की अपील की है।

# डॉ. सौम्या पाण्डेय ने हासिल की एमबीबीएस की डिग्री

**परसपुर/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड के ग्राम पंचायत लोहंगपुर पूरे पंडित निवासिनी डॉक्टर सौम्या पाण्डेय ने एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर परिवार सहित क्षेत्र का मान बढ़ाया है। लोहंगपुर पूरे पंडित निवासी पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय कोषाध्यक्ष संतोष पाण्डेय की पुत्री डॉ0 सौम्या पाण्डेय ने बाबा राघवदास मेडिकल कॉलेज से 2018 बैच में एमबीबीएस में प्रवेश लिया। डॉ0 सौम्या पाण्डेय ने बताया कि एक मई 2023 से 31 मार्च 2024 को 366 दिन की इंटर्नशिप पूर्ण करने के बाद सोमवार को कॉलेज के दीक्षांत समारोह में एमबीबीएस की डिग्री प्रदान की गई। डाक्टर सौम्या के डॉक्टर बनने पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय,अरुण कुमार शुक्ला, रामकुमार पाण्डेय,पवन पाण्डेय, विपिन सिंह,मनोज पाण्डेय सहित क्षेत्र वासियों ने प्रसन्नता जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# डग्गामार वाहनों पर नहीं चलता पीटीओ का फरमान

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़ ।**

जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश का शासनादेश संख्या 1848/30-4-13-220/99टीसी 28 नवम्बर 2013 में मुख्य सचिव जावेद उस्मानी के द्वारा एक लेटर जारी किया गया था।

जिसमें साफ़ साफ़ बताया गया है कि बस स्टेशन के एक किलो मीटर की परिधि के अन्दर स्थित समस्त प्राइवेट टैक्सी/बस स्टैण्ड को कड़ाई के साथ विस्थापित कराया जाए तथा बिना परमिट के अनाधिकृत संचालित प्राइवेट बसें/ मिनी बसें/ टैक्सी को सघनता से चेकिंग कर वाहन के निरुद्ध चालान करने की कार्यवाही की जाए। वही कुछ बसे एलबीएस चौराहे से आकर पोस्ट ऑफिस वाले सड़क पर खड़ी रहती जब गुरु नानक चौक के पास वाली भर जाती है तब पोस्ट ऑफिस वाले रास्ते से दूसरी आकर वही गुरुनानक चौक पर सवारियां



भारती है। कुछ बसे शर्मा होटल पर खड़ी रही व एक बस पेट्रोल पंप पर तेल भरवा रही थी वहीं कुछ टैक्सी एके मेडिकल स्टोर पर सवारी भरती है कभी कभी प्राईवेट परिवहन के परिचालकों द्वारा उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के चालको व परिचालको से झड़प भी करते हैं लेकिन पुलिस सिर्फ इस कारनामें से अनजान बनी रहती है जबकि संज्ञान में लेने के लिए अगर इसका अनुपालन सही ढंग से कराया जाए तो बहराइच के तरफ से आने वाली बसों पर रोक लगाने हेतु मिश्रौलिया पुलिस ,अन्य जगहों पर जाने के लिए रोडवेज पुलिस व गुरुनानक चौक वाली पुलिस चौकी है सभी पुलिस चौकियों पर कैमरा लगा हुआ है।

अगर इस गोरख धंधे पर पुलिस अगर रोक लगाना चाहे तो आसानी से लगा सकती है क्योंकि इसके पहले 2023 के जुलाई व अगस्त माह का रिकार्ड देखा जाए तो पूर्व में रहे पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर व कोतवाल राकेश सिंह ने इस पर अंकुश लगा रखा था इसके बाद पूर्व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के आने के बाद एक दिन उनकी गाड़ी के आगे बस आ जाने के कारण कुछ देर के लिए जाम लग था। जिसके बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए 33 ज्ञात व 20अज्ञात लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किए थे।

# अज्ञात कारणों से खेतों में लगी आग, कई बीघे फसल हुई राख



**डलमऊ रायबरेली,समृद्धि न्यूज़ ।**

डलमऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम कुंवर मऊ पकरी मजरे गौरा उबरनी में मंगलवार को शाम 5:00 बजे अज्ञात करणे से गेहूं की फसल में आग लग गई देखते देखते आग ने विशाल रूप धारण कर लिया। आग की सूचना पर गांव वालों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन आग की भयानकता को देखते हुए कुछ लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने में जुट गई लेकिन तब तक काफी किसानों की फसले जलकर राख हो गई थी ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक दर्जन से अधिक किसानों की फसले जल गई है मौके पर फायर ब्रिगेड ना पहुंचती तो सैकड़ो बीघे फसल जलकर नष्ट हो जाती प्रधान गौराउबरनी महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि गांव के एक दर्जन से अधिक किसानो की फसले जल गई जिससे लाखों का नुकसान हो गया।

# मवेशी के वध से नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के बदरौली गांव में मंगलवार को अज्ञात मवेशी का किसी ने वध कर दिया। इससे लोगों में नाराजगी फैल गई। लोगों ने दुकान बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पाकर एसडीएम, सीओ और कोतवाल पहुंच गए। जिनसे हिंदू संगठन के लोगों से हाटटाक हुई।

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बदरौली बाजार से 200 मीटर की दूरी पर गन्ने के खेत में प्रतिबंधित मवेशी का वध कर दिया गया। इसकी जानकारी होने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

आरोप है कि कोतवाली के एक उप निरीक्षक ने साक्ष्य छिपाने का आरोप लगाया। इसके बाद सभी बाजार बंद कर नारेबाजी शुरू कर दी। दुकान बंद कर सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच गए। सीओ रूपेंद्र गौड़ मौके पर गए, लेकिन कुछ देर बाद वह वापस चले गए। इससे आम लोग और नाराज हो गए।

हिंदू संगठन के श्रवण सिंह बिसेन, अमर शुक्ला, मरकंडेश्वर शुक्ला, धीरेंद्र सिंह गोलू, हनुमानत पाठक, रुद्रांश सिंह प्रिंस, शेखर सिंह, अंश सिंह, किशन सिंह, शिवम सिंह, आनंद गौड, ललित यादव की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जानकारी होने पर एसडीएम पंकज दीक्षित, सीओ रूपेंद्र गौड़, कोतवाल राजनाथ सिंह हेलमेट लगाकर पहुंचे। सभी से पुलिस की हाटटाक किया। एसडीएम,सीओ के निर्देश पर प्रदर्शन शांत हुआ हिंदू संगठन ने उचित कार्यवाही के लिए ज्ञापन सौपा।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, लखनऊ रेफर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

▸ बहराइच से घर की तरफ जा रहा था बाइक सवार

जिले के धरसवा के पास बाइक सवार युवक बहराइच से घर की तरफ जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए बहराइच अस्पताल लेकर आए।

यहां इलाज के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया।श्रावस्ती जिले के गिलौला थाना क्षेत्र अंतर्गत गिलौला बाजार निवासी ललित शुक्ल (30) पुत्र राम बचन शुक्ल बहराइच से समान लेकर वापस घर जा रहे थे।तभी कोतवाली देहात अंतर्गत धरसवा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोकर मार दी। जिसे बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। जिन्हें उपचार के लिए बहराइच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है।

# ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत, पटरी के निकट मिला शव

## कोतवाली देहात की पुलिस ने पंचायत नामा भर के पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले में गोंडा-बहराइच मार्ग पर डेमो ट्रेन से कट कर एक बुजुर्ग की सोमवार को रात आठ बजे मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत चितौरा के पास डेमो पैसेंजर ट्रेन गोंडा से बहराइच की तरफ आ रही थी। तभी अचानक दरगाह थाना क्षेत्र अंतर्गत अहिरौरा गांव निवासी 72 वर्षीय बुजुर्ग राम शंकर पुत्र राम आधार की मौत हो गई।

सूचना पाते ही मौके पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव मर्चरी भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ साम राज ने बताया की बुजुर्ग ट्रेन की चपेट में आ गया था। जिसे मौत हो गई थी। कोतवाली देहात की पुलिस पंचायत नामा भर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि बुजुर्ग घर से तकरीबन चार बजे शाम को निकला था। काफी खोजबीन की गई, लेकिन जानकारी नहीं मिली। सूचना मिली की ट्रेन से काटकर उनकी मौत हो गई।

# सृष्टि के निर्माण से शुरू हुआ भारतीय नववर्ष का पर्व : वासुदेव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

▸ मुगलों से युद्ध जीतने के बाद शिवाजी ने पहली बार मनाया था पर्व

मंगलवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 युगाब्द 5124 को प्रातः 7:00 बजे नगर के पुलिस लाइन रोड स्थित सी के गार्डन के प्रांगण में स्वयंसेवकों द्वारा नव वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह शिवम ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद जिला संघचालक वासुदेव का उद्बोधन स्वयंसेवकों को प्राप्त हुआ। नव वर्ष प्रतिपदा के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला संघचालक ने कहा कि आज ही के दिन सम्राट विक्रमादित्य का राज्याभिषेक हुआ था तभी से सम्पूर्ण सनातन समाज आज के दिवस को हिन्दू नववर्ष के रूप में मनाता आ रहा है। उन्होंने कहा कि चैत्र ही एक ऐसा माह है जिसमें वृक्ष तथा लताएं पल्लवित व पुष्पित होती हैं। इसी मास में उन्हें वास्तविक मधुरस पर्याप्त मात्रा में मिलता है। ब्रह्माजी ने जब सृष्टि का निर्माण किया था तब इस तिथि को प्रवरा (सर्वोत्तम) माना था। इसलिए भी इसका महत्व ज्यादा है। उन्होंने कहा कि गुड़ी पड़वा के दिन ही ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना का काम प्रारम्भ किया था।

# मां शैलपुत्री का आशीर्वाद लेकर चुनाव प्रचार के लिए निकलीं स्मृति ईरानी



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी की अमेठी से लोकसभा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री सांसद स्मृति ईरानी ने नवरात्रि के पहले दिन माता के मंदिरों में दर्शन पूजन। परशदेपुर के माता मिढ़ुरिन देवी धाम में पहुंचकर स्मृति ईरानी ने पूजन अर्चना की। माता की पूजा अर्चना करने के बाद शंख भी उन्होंने स्वयं बजाया। मंदिर में उपस्थित लोगों को प्रसाद का किया वितरण। इस दौरान मौजूद बच्चों को भी स्मृति ईरानी ने प्रसाद वितरण किया।

**अमेठी में एक बार फिर स्मृति ईरानी चुनाव मैदान में उतरीं:** माता के मन्दिर में दर्शन करने के पश्चात स्मृति ईरानी अमेठी लोकसभा क्षेत्र में अपने प्रस्तावित कार्यक्रमों की तरफ प्रस्थान कर गईं। आपको बता दें कि अमेठी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी तरफ से एक बार फिर से स्मृति ईरानी को मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस की तरफ से अभी तक पूर्व प्रत्याशी रहे राहुल गांधी के नाम की घोषणा नहीं की गई है। अभी तक यह सवाल बना हुआ है कि अमेठी व रायबरेली लोकसभा सीट से गांधी परिवार की तरफ से कौन चुनाव लड़ेगा। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी मिली है कि 26 अप्रैल तक कांग्रेस कमेटी की तरफ से इन दोनों वीवीआईपी सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। स्मृति ईरानी अपने कार्यक्रमों में लगातार राहुल गांधी को टारगेट किए हुए हैं । गत दिवस भी स्मृति ईरानी ने कहा था कि राहुल गांधी अब वायानाड के सांसद हो गए हैं। उन्होंने अमेठी की जनता के साथ वफा नहीं की। जिन्होंने उन्हें 15 साल यहां की बागडोर दी थी। अब वह वायनाड की जनता को ज्यादा भरोसेमंद बताते हैं। कांग्रेस पार्टी इतनी डरी हुई है कि अभी तक यहां पर कौन लड़ेगा यह तय नही कर पाई है।

## मझरा गांव में लगी आग से 30 मकान जलकर राख



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के मझरा गांव में मंगलवार दोपहर में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग लगने से 30 ग्रामीणों के मकान राख के ढेर में तब्दील हो गए। लाखों का नुकसान अग्निकांड में हुआ है। एसडीएम और तहसीलदार ने अग्निकांड का जायजा लिया है।तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत मंझरा के मिर्जवनपुरवा में मंगलवार दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे 30 ग्रामीणों के मकान पूरी तरह जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गए। आग लगने से नकदी, कपड़ा, बर्तन और जेवरात पूरी तरह जल गए। ग्राम प्रधान की सूचना पर उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार व नायब तहसीलदार अर्सलान रसीद एव राजस्व कर्मी पहुंचे। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम आग बुझाने में लगी हुई है।नायब तहसीलदार ने बताया कि सर्वे कराया जा रहा है, जितने भी घर जले होंगे सबको सरकारी अनुदान दिलवाने की कार्रवाई की जाएगी इस दौरान पीड़ित घर स्वामियों को राशन एवं तिरपाल की व्यवस्था कराई जा रही है।

# ट्रैफिक व्यवस्था हुई ध्वस्त, जाम में फंसी एंबुलेंस

▸ एंबुलेंस को 100 मीटर की दूरी तय करने में लगा 25 मिनट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या पर शहर में भीषण जाम लग गया। जिसके चलते जाम में मोतीपुर से मरीज को ला रही एंबुलेंस भी फंस गई। शहर में 100 मीटर की दूरी तय करने में 25 मिनट का समय लग गया। शहर में जाम की समस्या आम लोगों के लिए मुसीबत का शबब बनती जा रही है।

सोमवार रात को देखने को मिला। रात में आठ बजे शहर के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम से डिगिहा तक लंबा जाम लग गया। जाम में लोग पैदल नहीं निकल पा रहे थे। जाम में मोतीपुर तहसील के बकोइया गांव निवासी आठ वर्षीय बालक को तबियत खराब होने पर एंबुलेंस से उसके पिता विनोद कुमार ला रहे थे, वह भी फंस गए। जिसके चलते डिगिहा से अस्पताल के नीचे की दूरी 100 मीटर तय करने में 25 मिनट लग गया। इसी तरह राम गांव में सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में जिला अस्पताल आ रहे थानाध्यक्ष रामगांव शशि राणा भी फंस गए। लगभग एक घंटे जाम की स्थिति रही। लोग काफी परेशान दिखे। इस मामले में नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभियान चलाया जाएगा। पटरियों पर लग रहीं दुकानों को हटवाने के साथ उन्हें नगर पालिका से नोटिस जारी करने के लिए कहा जाएगा।

**सड़क की पटरियों पर दुकान लगने से हो रही दिक्कतः** चैत्र नवरात्र और ईद को लेकर लोगों की ओर से दुकान के सामने सड़क की पटरियों पर भी दुकान लगा दी गई या भाड़े पर दे दिया गया है। इसके बाद सामने खड़ी बाइकें जाम की समस्या उत्पन्न कर रही है। इस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।



# लोकसभा चुनाव : महसी विधानसभा कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव के निमित्त महसी विधानसभा के अन्तर्गत लोकसभा चुनाव कार्यालय का सुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने उपस्थित होकर विधि विधान से पूजन अर्चन कर किया। साथ में लोकसभा प्रत्यासी डॉ आनन्द गोंड़ व विधायक प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह गोलू उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला महामंत्री लोकसभा संयोजक डॉ जितेंद्र त्रिपाठी, जिला महामंत्री नन्हेंलाल लोधी, जिला मंत्री रामनिवास जायसवाल, डिंपल जैन, मंडल अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, संजय त्रिवेदी, सर्वजीत सिंह ,प्रदीप सैनी एवं सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मतदान अधिकारियों के चल रहे प्रशिक्षण का सीडीओ ने किया गहन निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच में आयोजित 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रथम पॉली में कोड संख्या 2501 से 3750 तक तथा द्वितीय पाली में कोड संख्या 3751 से 5000 तक के पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने अन्य अधिकारियों के साथ महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सघन निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनर्स, पर्यवेक्षणीय अधिकारियों तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण कक्षों के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने में पीठासीन और मतदान अधिकारी-प्रथम का रोल सबसे महत्वपूर्ण है। निर्वाचन में मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए ज़रूरी है कि सभी पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रथम प्रशिक्षण कक्ष को छोड़ने से पूर्व सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया विशेषकर ई.वी.एम. संचालन से सम्बन्धित तकनीकी जानकारी प्राप्त कर लें और यदि किसी प्रकार की कोई शंका हो तो उसका भी समाधान अवश्य करें। मास्टर्स ट्रेनर्स को निर्देश दिया गया कि प्रशिक्षण की जॉच-परख के लिए मतदान कार्मिकों से सवाल-जवाब भी किया जाय। सीडीओ रम्या आर ने मतदान कार्मिकों को निर्देश दिये कि मतदान के दौरान ई.वी.एम. मशीन में एरर आने पर उसे दूर करने के तरीकों को भली प्रकार से सीख लें। इसके अतिरिक्त एस.एम.एस. और पंजिका को भरने के बारे में भी पूरी जानकारी प्राप्त की जाय। सभी कार्मिकों को सुझाव दिया गया कि प्रशिक्षण के दौरान आप में इतनी परिपक्वता आ जाए कि मतदान के दिन यदि कोई दिक्कत आती है तो आपको पता होना चाहिए कि आपको क्या करना है। रम्या आर ने मतदान कार्मिकों का आहवान्ह किया कि पूरे मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें।

# फ्लोर मिल के गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान



**मिल एरिया,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

मिल एरिया थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फ्लोर मिल के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। गोदाम से उठता हुआ धुआं देखकर मौके पर मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया। मिल मालिक की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक गोदाम में रखे लाखों रुपए के बोरे जलकर स्वाहा हो गए। घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र में इंडस्ट्रियल एरिया स्थित रायबरेली फ्लोर मिल की है। सुबह 6:30 बजे के करीब फ्लोर मिल के बोरे के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। गोदाम से उठता हुआ धुआं देखकर दौड़े कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। थोड़ी ही देर में गोदाम के अंदर से ऊंची ऊंची लपटें उठने लगी। स्थिति बिगड़ती देख मिल कर्मचारियों ने घटना की सूचना मिल मालिक को दी मिल मालिक की सूचना पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों से दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन खिड़कियों के रास्ते की जा रही पानी की बौछारों से भी आग शांत नहीं हुई। इस पर आनन फानन जेसीबी की मदद से गोदाम की एक दीवार गिरवा कर आग बुझाने का काम शुरू किया गया। कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक गोदाम में रखे लाखों रुपए की कीमत के बोरे जलकर खाक हो गए। मिल के मालिक सुक्खू बाबू ने बताया बोरे के गोदाम में आग लगी थी। उन्होंने बताया किसी कर्मचारी द्वारा बीड़ी पीकर फेंकने से आग लगने की संभावना है। बोरे का गोदाम मिल के आखिरी हिस्से में बना होने के कारण प्रोडक्शन गोदाम सुरक्षित रहा। नहीं तो ज्यादा नुकसान हो सकता था।

## छप्पर में आग लगने से गाय व बछड़े की मौत

**महराजगंज,रायबरेली।** आग ने मचाया हाहाकार मोटरसाइकिल मवेशी एवं गेहूं की खड़ी फसल जली महराजगंज कस्बे के आर्य नगर (घेरा) छप्पर मे अज्ञात कारणों से लगी आग से लाखों का हुआ नुकसान मेडा देवी पत्नी स्वर्गवास श्री राम के घर में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई जिसमें टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल लगभग 1 कुंतल सरसों कपड़ा बर्तन चारपाई और 10000 जलकर राख हो गए तो वही बगल में ही रामकिशोर पुत्र रामदयाल के घर के समीप भूसा कंडा रखा हुआ था वह भी जल गया हल्का लेखपाल विपिन मौर्य ने बताया कि क्षति का आकलन किया गया है लगभग 100000 एक लाख की



क्षति हुई है वही गाय और बछड़ा अत्यधिक जल जाने के कारण मरणासन्न है। मोहल्ले वालों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और तब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच चुकी थी ।दूसरा मामला क्षेत्र के बाबूगंज मंजरे अटरा गांव में हाई टेंशन विद्युत लाइन की शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से 25 विश्व गेहूं की फसल जलकर राख हो गई किसान अब्दुल अली की 10 विश्वा दयाराम की पांच विश्वा जगदेव यादव की 10 विश्वा फसल हाई टेंशन लाइन की चिंगारी की भेंट चढ़ गई ग्रामीणों ने पानी से भर भर कर किसी तरह आग को बुझाया और अगल-बगल की फसल को बचाया।

### क्षेत्रीय विधायक व चेयरमैन प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे

महराजगंज नगर पंचायत के आर्य नगर मे आग की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती मौके पर पहुंचे और आर्थिक सहायता प्रदान की तहसील प्रशासन को फोन कर जांच कर पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता प्रदान करने को भी कहा इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू फिरोज अहमद सोभनाथ वैश्य नगर पंचायत की टीम फायर विभाग की टीम राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायबरेली।** ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। रायबरेली ऊंचाहार रेलवे लाइन पर मंगलवार की सुबह ट्रेन से कटा हुआ क्षत-विक्षत शव मिला। जिसकी पहचान विनय कुमार यादव उर्फ मुन्ना (35) पुत्र स्व. बैजनाथ निवासी दरियापुर थाना भदोखर के रूप में हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक मुन्ना पिछले कई सालों से बीमार रहता था। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि मृतक मुन्ना मानसिक रूप से विक्षिप्त था। ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई है। बड़े भाई अन्ना ने बताया कि मुन्ना की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। मंगलवार सुबह घर से लोगों से मिलते हुए खेतों की तरफ गये थे। तभी रेलवे लाइन पार करते समय शटल की चपेट में आने से इनकी मौत हो गई है। मृतक मुन्ना के आर्यन और बेटी यती हैं।

# त्रिवेणी एक्सप्रेस की बोगी से निकला धुआं, मची भगदड़

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जनपद में सोमवार देर रात त्रिवेणी एक्सप्रेस की बोगी में धुआं निकलने से यात्रियों के बीच भगदड़ मच गई। धुआं निकलता देख ट्रेन की बोगी में सवार यात्री जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना पर पहुंचे रेलवे पुलिस के कर्मचारियों ने धुएं पर काबू पाया तब जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली। करीब आधे घंटे बाद ट्रेन को रायबरेली स्टेशन से प्रयागराज के लिए किया गया। वहीं, ट्रेन में सवार यात्रिओ में भय का डर बना रहा। कुछ यात्री तो ट्रेन से कूद कर दूसरे साधन से भी निकल गए।

**यात्रियों ने कूदकर बचाई जानः** रायबरेली रेलवे स्टेशन से प्रयागराज जाने के लिए त्रिवेणी एक्सप्रेस निकली तो आउटर पर एस- 4 कोच से धुंआ निकलने की सूचना से हड़कंप मच गया। ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरा तफरी मचना शुरू हो गई, लोगों ने ट्रेन से कूद-कूद कर भागना शुरु कर दिया, तभी ट्रेन में सवार किसी यात्री ने चेन पुलिंग करके ट्रेन रोकी। चेन पुलिंग होते ही रेलवे के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुँचे तो एस- 4 कोच धुँए के गुबार से भरा हुआ था। आरपीएफ ने जब जाँच पड़ताल की तो पता चला कि किसी शरारती तत्व ने कोच में रखे फायर सिलेंडर की पिन निकाल दी, जिससे कोच में धुंवा भर गया। मामला बरेली से सिंगरौली जाने वाली त्रिवेणी एक्सप्रेस का है। आरपीएफ प्रभारी आलोक मौर्य ने बताया कि ट्रेन में भीड़ बहुत अधिक थी। यात्रियों में से किसी ने अग्निशमन उपकरण की पिन निकाल दी, जिससे धुंआ फैल गया। कुछ ही देर में स्थिति संभाल ली गई और आधे घंटे बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

> यात्रियों में से किसी ने अग्निशमन उपकरण की पिन निकाल दी, जिससे धुंआ फैला

# एडीएम ने गेहूँ फसल की उपज का लिया जायजा

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी द्वारा सोमवार को तहसील सदर, विकासखंड राही के ग्राम सनही में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत गेहूँ फसल की उपज का अनुमान लगाने हेतु सांख्यिकीय विधि द्वारा कराये गये कॉप कटिंग प्रयोगों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रयोग संख्या-प्रथम/गाटा संख्या-1286/ उपज 10.800 किग्रा/उत्पादकता 25 कु/हे लगभग एवं प्रयोग संख्या-द्वितीय/गाटा



संख्या-1024/उपज 06.800 किग्रा/उत्पादकता 16 कु/हे लगभग गेहूँ उत्पाद के रूप में प्राप्त हुआ। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने बताया जनपदों से प्राप्त कॉप कटिंग प्रयोगों के इन आँकड़ों का प्रयोग कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा फसलों की उत्पादकता का ऑकलन करनें हेतु किया जाता है तथा कृषि निदेशालय से प्राप्त फसलों के इन्हीं आँकड़ों के आधार पर, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत जनपदों में कार्यरत बीमा कम्पनियाँ बीमित फसलों के कृषकों की फसलों के नुकसान की क्षतिपूर्ति का ऑकलन करती हैं।

## कलश स्थापना संग नवरात्रि की पूजा शुरू



**रायबरेली।** मंगलवार से शुरू हुए चैत्र नवरात्रि के पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब आज़ से लोगों के घरों में कलश स्थापना के साथ नवरात्र की शुरुआत हो गई इस बार के नवरात्रि पूरे 9 दिन की होंगे और इसका समापन 17 अप्रैल को श्री रामनवमी के दिन होगा उत्सव के साथ इसका समापन होगा, इस साल की चैत्र नवरात्रि पर 30 साल बाद अतिदुर्लभ योग बन रहा है। रायबरेली के मां मंशा माता मंदिर में भक्तों का ताता लगा रहा। वही सबसे बड़ी बात यह मंदिर डेढ़ सौ से 200 वर्ष पुराना है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन यानी प्रतिपदा तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इस योग में मां दुर्गा की पूजा करने से साधक को अनंत फल की प्राप्ति होगी। चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा इस बार घोड़े पर सवार होकर आएंगी। हिंदू नववर्ष के एक दिन पहले सूर्यग्रहण भी लगा लेकिन उसका कोई प्रभाव नही रहेगा, क्योंकि यह सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखाई पड़ेगा, फिलहाल इस बार माता जी के मंदिर पर चारों तरफ से पुलिसिंग व्यवस्था पूरी तरीके से सतर्क दिखाई दे रही है।

# दो छात्राओं को गायत्री संस्थान ने किया सम्मानित

**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज घूराडीह की छात्राएं हुई सम्मानित। जिला स्तरीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन अखिल विश्व गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा कराया गया था।

जिस परीक्षा में विद्यालय की दो छात्राओं अंशिका सिंह कक्षा12 ग्राम ज्यौना तथा प्रीति मौर्या कक्षा 11 ग्राम दौतरा द्वारा जिला स्तरीय प्रदर्शन करने पर उन्हें गायत्री संस्थान रायबरेली द्वारा मेडल देकर सम्मानित



किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह अध्यापक अमर मिश्रा द्वारा शुभकामनाएं एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय का चयन करने हेतु उनके अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

> प्रबंधक व अध्यापक ने शुभकामनाएं देकर उनके विकास के लिए विद्यालय का चयन करने के लिए उनके अभिभावकों का किया धन्यवाद

## खबरें एक नजर में

### अधिवक्ता ने उपजिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**महराजगंज, रायबरेली।** वकील ने की उपजिला अधिकारी से शिकायत ग्राम सभा की जमीन पर उगे वृक्षों पर ठेकेदार ने चलाया आरा अशोक कुमार त्रिपाठी एडवोकेट निवासी ग्राम तिवारी का पुरवा मंजरे सुल्तानपुर थाना बछरावां जनपद रायबरेली ने महराजगंज एसडीएम राजित राम गुप्ता को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि यतीन्द्र नाथ पुत्र स्वर्गवासी बैजनाथ निवासी ग्राम तिवारी का पुरवा मंजरे सुल्तानपुर थाना बछरावां के द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर यूकोलिफ्ट्स( सफेदा) के 47 पेड़ 49000 में बेच दिया है और ठेकेदार नरेंद्र सिंह ने पेड़ों की कटान भी शुरू कर दी है प्रतिपक्षी द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर खेती भी की जा रही है। प्रतिपक्षी सरहगं किस्म का व्यक्ति है जो इसी तरह ग्राम समाज की अन्य भूमि के ऊपर कब्जा किए हुए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी ने महराजगंज उपजिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए न्याय की मांग की है।

### शॉर्ट सर्किट की चिंगारी से फसल जलकर हुई खाक

**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र की थुलेड़ी चौकी के अंतर्गत अटरा गांव में हाईटेंशन लाइन की शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी तीन किसानों के लिए आफत का सबब बन गई और तीनों की पांच पांच बिस्वा कुल पंद्रह बिस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो गईद्य ग्रामीणों द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया गया। हल्का लेखपाल ने बताया कि मौके पर पहुंचकर उनके द्वारा जांच पड़ताल की गई है, अटरा गांव के रहने वाले किसान दया राम, जगदेव और हरदोई गांव के रहने वाले अब्दुल अली तीनों की पांच पांच बिस्वा कुल पंद्रह बिस्वा फसल हाईटेंशन लाइन की शार्ट सर्किट से जली हैद्य जिसकी रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को दी जाएगी।

### व्यापार मंडल ने मनाया हिंदू नववर्ष



**बछरावां,रायबरेली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में हिंदू नववर्ष का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संगठन युवा कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के उद्घोष के साथ कार्यक्रम स्थल को गुंजायमान कर दिया वहीं हिंदू नववर्ष का दूसरा कार्यक्रम शिवगढ़ रोड स्थित दयाल प्रोविजन स्टोर के प्रांगण में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री मनोज मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जहां पर कस्बे के अनेक गणमान्य जनों ने पहुंचकर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई कार्यक्रम में पूजन अर्चन के बाद सनातन धर्म एवं जय श्री राम के नारे लगाए गए। कार्यक्रम के इस मौके पर डॉ. विजयपाल यादव, ओमिक सोनी, राकेश सोनी, भूपेश कुशवाहा, वीरभान सिंह, अंजनी गुप्ता, अमित वर्मा, अनूप कुशवाहा, सतीश सिंह, संदीप, आदित्य, विजय मिश्रा, आर्यन मिश्रा, राकेश चौधरी, हरिओम सिंह सहित संगठन के अनेकों सदस्यगण पदाधिकारी बंधु एवं गण जन उपस्थित रहे।

# वंदे भारत ट्रेन बनी अराजक तत्वों का निशाना, चटका शीशा

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

वंदे भारत ट्रेन बीते सोमवार को एक बार फिर अराजक तत्वों का बनी निशाना, चटका शीशा! जानकारी के अनुसार आपको बताते चले सोमवार दोपहर घटना उस समय घटित हुई जब बंदे भारत ट्रेन लखनऊ से रायबरेली जा रही थी। तभी बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां कुंदनगंज रेलवे स्टेशन के बीच कन्नावा गांव के पास इस ट्रेन पर पत्थर फेके गए।

यह बंदे भारत ट्रेन गोरखपुर और प्रयागराज के बीच फर्राटा भरती है, लखनऊ के बाद रायबरेली रेलवे स्टेशन पर इसका ठहराव है, जिससे बछरावां में ट्रेन नहीं रुकती है सोमवार को लखनऊ से रायबरेली जा रही यह ट्रेन तकरीबन समय 11:50 बजे क के पास से गुजरी तो इस पर अराजक



तत्वों ने पत्थर फेंका पत्थर लगने से ट्रेन के कोच संख्या सी 4 का शीशा चटक गया। इस घटना का पता उस समय लगा जब ट्रेन प्रयागराज पहुंची और गोरखपुर में बने कंट्रोल रूम को सूचना दी गई गोरखपुर कंट्रोल रूम से घटना की जानकारी बछरावा रेलवे स्टेशन को दी गई तो स्थानीय अधिकारियों के साथ ही रेलवे सुरक्षा बल छानबीन में जुट गया है बछरावां के आरपीएफ चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार ने बताया कि बंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेके जाने की घटना के संबंध में अभी केस दर्ज नहीं हुआ जांच शुरू कर दी गई है अभी कुछ पता नहीं चल पाया है।

> गोरखपुर कंट्रोल रूम से घटना की जानकारी बछरांवा रेलवे स्टेशन को दी गई

### मार्च में भी घटित हो चुकी है यह घटना पकड़े गए थे तीन

किशोर वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेके जाने की यह घटना कोई नई नहीं है बीते 18 मार्च को भी बछरावां थाना क्षेत्र के नीमटीकर गांव के पास राजक तत्वों द्वारा इस पर पत्थर फेके गए थे घटना का केस दर्ज किया गया था और छानबीन चल रही थी इस घटना के कुछ दिन बाद ऊंचाहार क्षेत्र में भी पत्थर फेक जाने की जानकारी हुई थी। बछरावां क्षेत्र में घटी घटना की छानबीन के लिए ट्रेन के सीसीटीवी फोटोज निकाले गएद्य सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चिह्नित किए गए तीन किशोर को पकड़ा गया और बीते सप्ताह खुलासा करते हुए तीनों किशोर को बाल सुधार गृह लखनऊ भेज दिया गया था।



## राधा कृष्ण मंदिर पर मनाया नववर्ष उत्सव

**महराजगंज,रायबरेली।** क्षेत्र के थुलवांसा स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अमांवा खण्ड के स्वयं सेवकों के द्वारा समाज के अन्य बंधुओं के द्वारा नव संवत्सर उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया आज के दिन पर प्रकाश डालते हुए सह जिला बौद्धिक प्रमुख रविन्द्र ने बताया कि आज से ही विक्रमी संवत की शुरुआत हुई थी हमारा सनातन धर्म पूर्णतया वैज्ञानिक है आज से ही शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा की उपासना प्रारंभ होती है चारों तरफ़ प्रकृति हर्षोल्लास से भरी हुई है हमारे घर नये धान्य का आगमन हो रहा है अतः आज का दिन समृद्धि का प्रतीक भी है यह त्योहार हमारा राष्ट्रीय पर्व है जो हमें सतत् राष्ट्र की प्रगति के लिए प्रेरित करता है इस मौके पर खण्ड संघ चालक जीवन लाल के साथ भारी संख्या में स्वयं सेवक और समाज के लोग उपस्थित हुए।

# अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत के बगल मे लगी आग, फसल सुरक्षित

**सरेनी, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

मंगलवार की दोपहर अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत के बगल में घासफूस तथा पेड़ों में भीषण आग लग गई। वहीं पहले तो मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग को बुझाने का भरसक प्रयास किया लेकिन आग की विकरालता को देखते हुए तत्काल मामले की सूचना फायर बिग्रेड को दी। वहीं सूचना पर पहुंची फायर सर्विस सरेनी यूनिट ने ग्रामीणों के साथ मिलकर समय रहते आग पर काबू पा लिया और सैकड़ों बीघे गेहूं की पकी तैयार फसल को सुरक्षित बचा लिया।जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के तखतखेड़ा गांव निवासी स्वयंबर सिंह पुत्र स्व. अर्जुन सिंह की गेहूं की फसल के बगल में अज्ञात कारणों से आग लग गई।आग की लपटों को देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। वहीं आग की विकरालता को देखते हुए मामले की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई।वहीं सूचना पर पहुंची फायर सर्विस सरेनी यूनिट ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि आगजनी से सैकड़ों बीघे गेहूं की फसल नष्ट हो सकती थी,लेकिन ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद समय रहते आग पर काबू पा लिया और सैकड़ों बीघे गेहूं की फसल को नष्ट होने से बचा लिया।

# कैबिनेट मंत्री ने आम जनमानस को मतदान के लिए किया जागरूक

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

विकासक्षेत्र के कई स्थानों पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ मनोज कुमार पांडे ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर लोगों के साथ मुलाकात की। चुनावी सर गर्मी के बीच क्षेत्र में निकले पूर्व कैबिनेट मंत्री ने होली मिलन के साथ-साथ आम जनमानस को मतदान के लिए जागरूक किया। इसी क्रम में बछरावां विधान सभा क्षेत्र के ग्राम कन्नावा, बछरावां कस्बा एवं ग्राम रामपुर मुजर नीमटीकर सहित कई जगह लोगों से मुलाकात की। तथा ग्राम रामपुर में होली मिलन समारोह के आयोजन मे सम्मिलित हुए, जहां कार्यक्रम के आयोजन कर्मचारी संघ के नेता प्रेमानंद चतुर्वेदी ने उनका स्वागत किया जगह-जगह लोगों से



मिलकर उपस्थित जन समूह को होली की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित एवं सशक्त भारत की परिकल्पना नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही साकार हो सकती है। प्रधानमंत्री ने देश के साहसिक निर्णय लेते हुए जिस तरह देशव्यापी मुद्दों का समाधान किया है। वह और किसी के बस की बात नहीं थी। कार्यक्रम के इस मौके पर कृष्णकांत त्रिवेदी, शंकर तिवारी विनीत मिश्रा, पंकज द्विवेदी, आशु नेता, प्रशांत चतुर्वेदी, मनीष गुप्ता, सुशांत चतुर्वेदी, रामकुमार गुप्ता, ऋषभ चतुर्वेदी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण व जनमानस मौजूद रहा।

## माता विंध्यवासिनी धाम के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**बछरावां,रायबरेली।** क्षेत्र मे नवरात्र शुरू होने से एक दिन पूर्व देर शाम हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जत्था बछरावा स्टेशन पर दिखाई पड़ा। बछरावां क्षेत्र के दूर-दराज से आए हुए श्रद्धालु विंध्याचल धाम जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर हजारों की संख्या में दिखाई पड़े। नवरात्रि के एक दिन पूर्व मां विंध्यवासिनी के दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु बछरावां रेलवे स्टेशन से विंध्याचल धाम जनपद मिर्जापुर के लिए रवाना हो रहे हैं। स्थानीय कस्बे सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवो से अलग-अलग कई जत्थे रवाना हुए। जत्थे में शामिल अरुण कुमार ने बताया प्रत्येक वर्ष नवरात्र के महीने में विंध्याचल के दर्शन करने के लिए हम लोग जाते हैं।

# स्मृति ईरानी के बयान पर कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किया पलटवार

> स्मृति के बयान पर दुबे बोले, पीएफआई का अर्थ है पेट्रोलियम एंड फ़ूड इम्प्लीमेंटेशन: अभय दुबे

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर संगठन के साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर हिन्दू विरोधी संघठन के साथ खड़े होने के आरोप लगाने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने पलटवार किया है। स्मृति ईरानी बयान पर दुबे ने कहा कि पीएफआई का अर्थ है पेट्रोलियम एंड फ़ूड इम्प्लीमेंटेशन । महंगाई की आग



में देश को झोंकने वाली सरकार देश के लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है। गृह मंत्री अमित शाह को कटघरे में खड़ा करते हुए दुबे ने कहा कि अगर पीएफआई संगठन अभी भी सक्रिय है तो स्मृति ईरानी का आरोप देश के गृह मंत्री पर है। अगर पीएफआई संगठन प्रतिबंधित किया है तो उसके राजनीतिक संगठन एसडीपीआई को सक्रिय क्यों छोड़ा है। जो आतंकी संगठन हमारे देश के प्रधानमंत्री की हत्या करना चाहता है उसे कैसे सक्रिय छोड़ा हुआ है।

**जनता की इच्छा के अनुरूप ही होगा रायबरेली व अमेठी में प्रत्याशी- अभय दुबे :** अभय दुबे ने राहुल व प्रियंका गांधी के रायबरेली आने के सवाल पर कहा कि रायबरेली उनके दिलों में बसती है। हम उम्मीद करते हैं कि वह रायबरेली अमेठी यूपी का दौरा जल्द ही बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी केंद्रीय कमेटी जल्द ही अमेठी व रायबरेली से उम्मीदवार की घोषणा कर देगी। कांग्रेस पार्टी छोड़ने वाले नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि धीरुभाई भाग रहे हैं, सत्ता के तलवे चाट रहे हैं। जो डरपोक हैं, जो लड़ नहीं सकते राहुल गांधी जी के साथ वह सत्ता के अतिथि कलाकार हैं। जहां तक प्रश्न सनातन धर्म का है जहाँ सभी लोग एक साथ रहते हो वही रामराज है। कांग्रेस पार्टी ने सभी धर्म का आदर किया है। सनातन के नाम पर भाजपा का सिर्फ एक ही धर्म है सत्ता का भोग करना। देश के प्रधानमंत्री भरी सभा में अजीत पवार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं। 3 दिन बाद अजीत पवार को गले लगा लेते हैं। और ईडी अजीत पवार व उनकी पत्नी का नाम घोटाले की लिस्ट से हटा देती है। अमेठी के विकास को गर्त में डाल दिया है। इतिहास गवाह है कि ही अमेठी का विकास सिर्फ कांग्रेस ने ही किया है।

**कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र के 5 न्याय को गिनाया:** तिलक भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुवे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस लोकसभा चुनाव में 5 न्याय (हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय) के तहत 25 गारंटियों के माध्यम से देश की तस्वीर बदलने का संकल्प लेती है।

# माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण 12 व 15 मई को

> मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण 15 से 19 अप्रैल व द्वितीय प्रशिक्षण 10 से 15 मई को

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मतदान कार्य में लगाये गये मतदान कार्मिकों को निर्वाचन सम्बन्धी सैद्वान्तिक एवं ईवीएम व वीवी पैट का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देश दिये गये है कि निर्वाचन को निष्पक्ष, निर्भीक, सकुशल सम्पन्न कराने के लिए समस्त चुनावी गतिविधियों का संचालन विधिवत समझ के साथ ही मतदान कार्मिको/माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण देना जरूरी है।

मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने जानकारी देते हुए बताया है कहा कि मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के निर्धारित कक्षों में 15 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024 तक एवं द्वितीय प्रशिक्षण 10 मई से 15 मई 2024 तक दो पालियों में प्रथम पाली 10 से 01 बजे तक द्वितीय पाली 02 बजे से 05 बजे तक ईवीएम एवं वीवीपैट का व्यवहारिक प्रशिक्षण बेहतर तरीके से सम्पन्न कराया जाऐगा।

इसी प्रकार माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में 12 मई तथा 15 मई को अपराह्न 04 बजे से सम्पन्न कराया जाऐगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि मतदान कार्मिकों/माइक्रो आब्जर्वर के आयोजित प्रशिक्षण हेतु फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज रायबरेली के निर्धारित सभी कक्षों, ऑडिटोरियम सहित अन्य कक्षों की समुचित साफ-सफाई, फॉगिंग, समुचित प्रकाश व्यवस्था, लाउडस्पीकर, डेस व्यवस्था, पीने हेतु स्वच्छ ठंडा पेयजल, गिलास मेज, कुर्सी व अन्य आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री/स्टेशनरी की व्यवस्था निर्धारित प्रशिक्षण तिथि के एक दिन पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर कराना सुनिश्चित करायें।

## अपने स्वत्व की ओर लौटता भारत

अंग्रेजी नव वर्ष के बढ़ते प्रभाव के बीच राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर भारतीय नागरिकों को सचेत करते हुए लिखते हैं कि ये नव वर्ष हमें स्वीकार नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं, है अपनी ये तो रीत नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं। इन पंक्तियों का आशय पूरी तरह से स्पष्ट था कि अंग्रेजी नव वर्ष हमारा अपना नहीं, बल्कि अंग्रेजों द्वारा भारतीयता को मिटाने के लिए भारत पर थोपा गया था। विसंगति यह है कि अंग्रेज जो भारत में छोड़कर गए थे, उसे हमने अपना मान लिया। उसके पीछे मूल कारण यही था कि हम अपनी भारतीय संस्कृति को विस्मृत कर चुके थे। अपने स्वत्व का बोध भी हमको नहीं रहा था। जब हम स्वत्व की बात करते हैं तो स्वाभाविक रूप से इसमें वह सब दिखाई देगा, जो मूल भारत की कल्पना था। अब पहला सवाल यह आता है कि अपना मूल भारत क्या था? क्या हमें इसका भान है? यकीनन नहीं, क्योंकि आज जो भारत दिख रहा है, उसे पहले मुगलों ने अपने हिसाब से बनाया और फिर अंग्रेजों ने भारतीय समाज को हमें अपनी संस्कृति से विमुख कर दिया। विचार कीजिए कि भारत का स्वत्व क्या है? अगर भारत का स्वत्व जानना है तो हमें मुगलों से पूर्व के भारत का अध्ययन करना होगा, वही वास्तविक भारत है। आज हम भले ही अंग्रेजी दिनचर्या का उपयोग करते हैं, लेकिन आज भी यह सत्य है कि अंग्रेजी दैनंदिनी का प्रयोग हम अपने त्यौहारों में कभी नहीं करते। क्योंकि हमारे सारे त्यौहार सांस्कृतिक और प्राकृतिक हैं। वे प्रकृति के हिसाब से ही तय किए जाते हैं। इसीलिए प्रारंभ से ही भारत के समस्त त्यौहार दिशा बोध कराने वाले रहे हैं। वसंत के त्यौहार को ही ले लीजिए, इसमें प्राकृतिक बोध होता है। वसंत के पश्चात पतझड़ और फिर प्रकृति में नवीनता का उल्लास। यही उल्लास प्राकृतिक नव वर्ष का आभास कराता है। इसीलिए यही भारत का अपना नव वर्ष है, अंग्रेजों वाला नहीं। भारतीय की संस्कृति में पुरातन काल से नव वर्ष का प्रारंभ चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही माना जाता रहा है। इस तिथि को भारतीय संस्कृति में अति पावन दिन माना गया है। क्योंकि इसी प्रतिपदा दिन रविवार को सूर्योदय होने पर ब्रह्मा ने सृष्टि के निर्माण की शुरुआत की थी। इसलिए इसको सृष्टि का प्रथम दिवस भी कहते हैं। यह प्राकृतिक संयोग ही है कि अब भारत के नागरिक अपनी मूल की ओर लौट रहे हैं। जो लोग कल तक अपने नव वर्ष मनाने वाले समाज की हंसी उड़ाता था, वे स्वयं होकर नव वर्ष मनाने की ओर प्रवृत्त हो रहे हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि भारत अपने स्वत्व की ओर लौट रहा है। भारत के नागरिकों को यह आभास होने लगा है कि हमारा देश किसी भी मामले में दुनिया के देशों से पीछे नहीं रहा, बल्कि उसे षड्यंत्र पूर्वक पीछे कर दिया गया था। अब यह षड्यंत्र भी समझ में आने लगा है। इसलिए अब बहुत बड़ी संख्या में भारत का अपना नव वर्ष मनाने के लिए एकत्रित होने लगे हैं। वर्तमान में जिस प्रकार से श्रद्धा केन्द्रों पर भीड़ बढ़ रही है, वह इस बात का प्रमाण है कि भारत का युवा जाग्रत हो रहा है। उसे सांस्कृतिक रूप से अपने पराए का बोध हो रहा है। समाज अपने विवेक से श्रेष्ठ और बुराई के बीच तुलनात्मक अध्ययन करने लगा है। समाज के व्यवहार में भी व्यापक परिवर्तन आया है। जो बुद्धिजीवी पहले हर बात की अपने हिसाब से व्याख्या करते थे, आज वे भी भारतीय संस्कृति के अनुसार चलते की ओर प्रवृत्त हुए हैं। इसलिए अब भारतीय समाज को भ्रमित करने के दिन बहुत दूर जा चुके हैं।

# न सब का साथ, न सब का विश्वास, विकास सिर्फ धन्नासेठों का

**राजेंद्र शर्मा**

अब सब का साथ, सब का विकास, सब का विश्वास, सब का प्रयास और श्सब को न्याय, तुष्टीकरण किसी का नहीं। मोदी राज के ये नारे, झूठ बोलने में इस राज के दूसरे सभी नारों से भी आगे हैं। सच्चाई यह है कि यह झूठा नारा लगाते-लगाते, संघ-भाजपा ने स्वतंत्र भारत की धर्मनिरपेक्षता की प्रतिबद्धताओं को पलटते हुए, देश पर ऐसा राज थोपा है, जिसने अल्पसंख्यकों को तो ज्यादा से ज्यादा पराया बनाया ही है, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और महिलाओं को भी ज्यादा से ज्यादा दबाया है।

इसका नतीजा अल्पसंख्यकों, खासतौर पर मुसलमानों व ईसाइयों के खिलाफ तेजी से बढ़ते हमलों के साथ-साथ सभी वंचितों के खिलाफ बढ़ते हमलों के रूप में सामने आ रहा है। इसीलिए, तो राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के ताजातरीन यानी 2022 के आंकड़े, अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों के खिलाफ अपराधों तथा अत्याचारों में तो बढ़ोतरी दिखाते ही हैं, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी पूरे 4 फीसद बढ़ोतरी दिखाते हैं। ईसाई धार्मिक स्थलों तथा शिक्षा संस्थाओं के खिलाफ आम हमलों के अलावा, आदिवासी इलाकों में ईसाई आदिवासियों के खिलाफ संघ परिवार द्वारा विशेष रूप से हमलावर अभियान चलाए जा रहे हैं। आदिवासियों पर हिंदू धार्मिक तौर-तरीके थोपने की कोशिश करने के अलावा, जिसका आदिवासियों का एक हिस्सा प्रतिरोध भी कर रहा है, ईसाई आदिवासियों का अनूसूचित जाति का दर्जा समाप्त करने की मांग का अभियान भी अब इस मुद्दे का एक महत्वपूर्ण पहलू हो गया है। वास्तव में आदिवासियों के अनुसूचित जाति के दर्जे को खत्म कराने के इसी हथियार का, मणिपुर में बहुसंख्यक मैतेई उग्रवादियों द्वारा कुकी समुदाय के खिलाफ इस्तेमाल करने की कोशिश की जा रही है। याद रहे कि उत्तर-पूर्व के इस संवेदनशील राज्य में मैतेई तथा कुकी समुदायों के बीच के इथनिक विभाजन को, हिंदू-ईसाई टकराव के रूप में तब्दील करने की, मौजूदा शासन तथा संघ परिवार की राष्ट्रविरोधी कोशिशों के चलते ही, मणिपुर दस महीने से ज्यादा से जल रहा है।

इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि प्यू रिसर्च सेंटर के धार्मिक समुदायों के बीच की खाई को दर्शाने वाले श्सोशल होस्टिलिटीज इंडैक्स पर, भारत को बहुत ऊंचा की श्रेणी में रखा गया है, पाकिस्तान तथा श्रीलंका के साथ सबसे ऊपर। और इस सूचकांक पर 2019 और 2020 के बीच, हालात का और बिगडना भी दर्ज किया गया है। नौबत यह है कि नरसंहार या होलोकॉस्ट के खतरों पर नजर रखने वाली संस्थाओंध् विशेषज्ञों ने भारत के नरसंहारों की कगार पर पहुंच जाने की चेतावनियां देना भी शुरू कर दिया है। जाहिर है कि इसका रास्ता, नफरती बोल-वचन के बढ़ते प्रकोप से बन रहा है और इसे केंद्र तथा अनेक राज्यों में सत्ता में बैठी भाजपा



**इसका नतीजा अल्पसंख्यकों, खासतौर पर मुसलमानों व ईसाइयों के खिलाफ तेजी से बढ़ते हमलों के साथ-साथ सभी वंचितों के खिलाफ बढ़ते हमलों के रूप में सामने आ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के ताजातरीन यानी 2022 के आंकड़े, अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों के खिलाफअपराधों तथा अत्याचारों में तो बढ़ोतरी दिखाते ही हैं, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी पूरे 4 फीसद बढ़ोतरी दिखाते हैं।**

की खुली शह ने, एक महामारी ही बना दिया है। इसी की पूरक है। फेक न्यूज की महामारी। इसके मामले में तो गजा में इजरायली नरसंहार के बीच यह तथ्य भी सामने आया है कि मौजूदा निजाम की शह पर भारत, दुनिया भर की मुस्लिमध् इस्लामद्वेषी फेक न्यूज की राजधानी तो पहले ही बन भी चुका है।

और झूठा दावा बार-बार दोहराया जाता है कि मोदी के राज में कोई दंगे नहीं होते। इस झूठे दावे से वे दो मकसद साधने की कोशिश करते हैं। एक, कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर मोदी राज की छवि चमकाना। दूसरे, यह दिखाना कि मोदी से पहले रहे उन शासनों में ही दंगे होते थे, जिन्हें वे अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण करने वाले शासन बताते हैं। यानी दंगे अल्पसंख्यकों को छूट दिए जाने की वजह से ही होते हैं और मोदी राज ने और भाजपा की राज्य सरकारों ने, सख्ती का रुख अपनाकर रोक दिया है! उत्तर प्रदेश के भाजपायी मुख्यमंत्री, आदित्यनाथ ने तो राज्य में 2017 से 2021 के बीच चएक भी दंगा नहीं होनेश् का ही दावा कर दिया था। लेकिन, यह सफेद झूठ है।

मोदी राज में तमाम सरकारी आंकड़ों से की गयी छेड़छाड़ के हिस्से के तौर पर, सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं को कम कर के दिखाने की कोशिश किए जाने के बावजूद, उपलब्ध सरकारी आंकड़े भी यही कहते हैं कि मोदी राज में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं लगातार और अच्छी-खासी संख्या में होती रही हैं। केंद्रीय गृहराज्य मंत्री, नित्यानंद राय ने 7 दिसंबर 2022 को राज्यसभा में यह जानकारी दी थी कि 2017 से 2021 तक, मोदी राज के पांच साल में सांप्रदायिक हिंसा की 2,900 घटनाएं दर्ज हुई थीं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, मोदी राज के पहले तीन वर्षों में यानी 2014 से 2016 तक ऐसी हिंसा की 2,885 घटनाएं दर्ज हुई थीं। दूसरी ओर, 2022 में भी 272 घटनाएं दर्ज हुई थीं। यूनाइड क्रिश्चियन फोरम ने 2023 के पहले छरू महीने में ही ईसाईविरोधी हिंसा के 525 मामले दर्ज किए थे। लेकिन, ये संख्याएं तो सिर्फ भाजपा राज में कोई दंगा नहीं होने का झूठा होना ही दिखाती हैं।

वास्तविक स्थिति इससे बहुत भयानक है। 2020 की फरवरी के उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दंगे, 2023 की जुलाई के हरियाणा के नूह के दंगे और 2024 के उत्तराखंड में हल्द्वानी के दंगे, इस कडुव्वी सच्चाई को दिखाते हैं कि भाजपा के राज में पुलिस-प्रशासन को ज्यादा से ज्यादा मुस्लिमविरोधी सांप्रदायिक दमन के हथियार में तब्दील किया जा रहा है। और प्रशासन के खुद दंगाई की भूमिका संभाल लेने से, जाहिर है कि बाकायदा दंगों की जरूरत बेशक कुछ कम हो जाती है। अल्पसंख्यकों पर हमले और दमन को, बेशर्मी से राजकीय कार्रवाई का रूप देकर छुपाया जा सकता है। दूसरी ओर, सांप्रदायिक हिंसा का इकतरफापन तेजी से बढ़ रहा है। पिछले दो वर्षों के दौरान राजधानी दिल्ली से लेकर राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, बंगाल व अन्य कई राज्यों में, कथित हिंदू नव वर्ष से लेकर, राम नवमी तथा हनुमान जयंती तक के बहाने से, भड़काऊ जुलूस निकालकर, सरासर इकतरफा हिंसा की गयी है और पुलिस-प्रशासन द्वारा पूरी तरह से इकतरफा कार्रवाइयां की गयी हैं। इनमें भाजपा सरकारों की बुलडोजर कार्रवाइयां भी शामिल हैं।

वास्तव में मोदी के राज में बुलडोजर को बहुसंख्यकवादी सरकारी जोर-जब्र की निशानी ही बना दिया गया है। एमनेस्टी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट में ऐसी 128 कार्रवाइयों को दर्ज किया गया है, जिनमें 600 लोग प्रभावित हुए हैं। इनमें ज्यादातर मुसलमानों को ही निशाना बनाया गया गया है। ऐसी सबसे ज्यादा 56 कार्रवाइयां भाजपा शासित मध्य प्रदेश में दर्ज हुई हैं।

की भाजपा सरकार के गृहमंत्री ने पिछले ही दिनों बाकायदा विधानसभा में गर्व के साथ ऐलान किया कि, 108 मजारें ध्वस्त हो चुकी हैं। पूरे राज्य में मुख्यमंत्री का बुलडोजर घूम रहा है। यह यकायक नहीं हो गया है। इन दस वर्षों में सिर्फ प्रकटत धार्मिक मुद्दों को लेकर ही नहीं, गोरक्षा, लव जेहाद, धर्मांतरणविरोध, आबादी विस्फोट की चिंता, धारा-370 का खात्मा, समान नागरिक संहिता, नागरिकता अधिकार संशोधन आदि, आदि के नाम पर, तुष्टीकरण विरोध के झूठे नारे की आड़ में, जिस तरह एक के बाद एक अल्पसंख्यकविरोधी तथा सबसे बढ़कर मुस्लिमविरोधी अभियान छेड़े गए हैं।

## विचार

# सामाजिक-आर्थिक विकास का वाहक बन रहा मध्यम वर्ग

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

इसमें कोई दोराय नहीं कि किसी भी देश के आर्थिक-सामाजिक विकास में मध्यम वर्ग की प्रमुख भूमिका रही है। यह केवल हमारे देश के संदर्भ में ही नहीं अपितु समूचे विश्व की बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं का अध्ययन किया जाएगा तो कारण यही सामने आएगा। सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के बदलाव में मध्यम वर्ग की प्रमुख भूमिका रही है। औद्योगिक क्रांति के बाद जिस तरह से श्रमिक वर्ग उभर कर आया तो औद्योगिक क्रांति का ही बाई प्रोडक्ट मध्यम वर्ग का उत्थान माना जा सकता है।

आर्थिक विश्लेषकों की माने तो आर्थिक विकास का कोई ग्रोथ इंजन है तो वह मध्यम वर्ग है। ज्यादा दूर नहीं जाएं और केवल वर्तमान दशक की शुरुआत बल्कि 2021 की ही बात करें तो देश में 30 फीसद परिवार मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में आ गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि 2031 तक यह आंकड़ा बढ़कर 46 फीसद को छू जाएगा। यानी की इस दशक में बचे साढ़े पांच साल में भी मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में तेजी से सुधार होगा। 2021 में जहां 9.1 करोड़ परिवार मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में थे वहीं 2031 तक यह संख्या बढ़कर 16.9 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया है। किसी भी देश और उसकी अर्थव्यवस्था के लिए यह अपने आप में किसी बढ़ी उपलब्धि से कम नहीं आंकी जा सकती। विशेषज्ञों के अनुसार 5 लाख से 38 लाख सालाना



आय वाले परिवारों को मध्यम आय वर्ग श्रेणी में माना गया है। यह भी समझना होगा कि मध्यम वर्ग के विस्तार का सीधा अर्थ गरीबी रेखा से लोगों का बाहर आना और बाजारू गतिविधियों में तेजी है। मांग और आपूर्ति को भी मध्यम वर्ग के संदर्भ में ही देखा और समझा जा सकता है।

मध्यम आय वर्ग में इजाफा होने का मतलब साफ-साफ यह हो जाता है कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। इसे यूं समझा जा सकता है कि मध्यम आयवर्ग या दूसरे अर्थ में हम मध्यम वर्ग की बात करें तो जीवन जीने का कोई आनंद लेता है तो वह मध्यम वर्ग ही है। मध्यम वर्ग के लोग जीवन को जीने में विश्वास रखते हैं भले ही उन्हें ऋण कृत्वा घृतं पीबेत की मानसिकता के अनुसार जीवनयापन करना पड़े। यही कारण है कि मध्यम वर्ग दिल खोलकर पैसा खर्च करता है। इसका एक कारण सामाजिक ताने -बाने की भाषा में हम कहें तो यह कहा जा सकता है कि बहुत कुछ वह दिखावे के लिए करता है। जीवनयापन की दिखावे की इस प्रतिस्पर्धा में वह वो सब कुछ पाना चाहता है जो उसके परिवार, पड़ोसी, मित्रगण या आसपास के लोगों के पास है। इसमें रहन-सहन, खान-पान, पहनना-ओढ़ना, शिक्षा और इसी तरह की अन्य वस्तु/साधन शामिल होते हैं। इसी कारण बाजार में नित नए उत्पादों की मांग बढ़ती है तो देश के लोगों के जीवनस्तर का पता चलता है।

दरअसल मध्यम वर्ग व्हाइट कॉलर का प्रतिनिधित्व करता है। वह इस प्रयास में रहता है कि दिन प्रतिदिन वह अधिक से अधिक साधन जुटाए, भले ही उसके लिए उसे उधार का सहारा लेना पड़े। यहां यह भी समझ लेना जरूरी हो जाता है कि उच्च आय वर्ग की अपनी समझ व पहुंच होती है। पहली बात तो उच्च आय वर्ग की दायरे में कम लोग है। उनकी पसंद नापसंद अलग होती है। उनके लिए जो उत्पाद बाजार में आएंगे वो अलग श्रेणी के होंगे। मध्यम वर्ग लगभग उसी दौड़ में दौड़ने का प्रयास करता है। उच्च वर्ग के पास लक्जिरियस चौपहिया वाहन है तो उसकी मांग पहले चरण में चौपहिया वाहन व उसके बाद ज्यों ज्यों वह थोड़ा आगे बढ़ना चाहेगा अपनी पहुंच के सुविधाजनक चौपहिया वाहन

**मध्यम आय वर्ग में इजाफा होने का मतलब साफ-साफ यह हो जाता है कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। इसे यूं समझा जा सकता है कि मध्यम आयवर्ग या दूसरे अर्थ में हम मध्यम वर्ग की बात करें तो जीवन जीने का कोई आनंद लेता है तो वह मध्यम वर्ग ही है। मध्यम वर्ग के लोग जीवन को जीने में विश्वास रखते हैं भले ही उन्हें ऋण कृत्वा घृतं पीबेत की मानसिकता के अनुसार जीवनयापन करना पड़े। यही कारण है कि मध्यम वर्ग दिल खोलकर पैसा खर्च करता है। इसका एक कारण सामाजिक ताने -बाने की भाषा में हम कहें तो यह कहा जा सकता है कि बहुत कुछ वह दिखावे के लिए करता है।**

पाने की कोशिश में जुट जाएगा। इसी तरह से बाजार की मांग को मध्यम वर्ग ही बढ़ाता है। तस्वीर हमारे सामने हैं। ज्यादा पुरानी बात नहीं दो दशक ही हुए होंगे कि घरों में पंखों की जगह कूलरों ने ली और कूलरों में भी हैसियत अनुसार ब्राण्डेड कंपनियों से लेकर लोकल कंपनियों के कूलरों ने घरों में जगह बनाई। आज तस्वीर का दूसरा पहलू सामने आ गया है जिस एयर कंडीशनर के लिए केवल सोचा जा सकता था वह आज घर-घर में पहुंच गया है। कम से कम एक एसी तो मध्यमवर्गीय परिवार में देखने को आसानी से मिल जाएगा। इसे यूं समझा जा सकता है कि मध्यम वर्ग के विस्तार के अनुसार बाजार में मांग बढ़ी तो नित नई कंपनियां बाजार में आईं और इससे अर्थव्यवस्था को गति मिलने के साथ ही रोजगार के अवसर बढ़े। यह तो एक उदाहरण मात्र है। देखा जाए तो फास्ट फूड हो या कंफेक्सरी या शॉफ्ट ड्रिंक या इसी तरह की अन्य खाने पीने की चीजें, इसको बाजार मिला है तो इसका श्रेय मध्यम वर्ग को ही जाता है। पर्सनल केयर आइटम्स की मांग और आपूर्ति भी मध्यम वर्ग के कारण ही बढ़ी है। आज ऑनलाइन का जो बाजार खड़ा हुआ है उसको गति दी है तो वह मध्यम आयवर्ग के लोगों ने ही दी है। स्कूटर, स्कूटी, कार से लेकर वाहनों की जो रेलमपेल देखी जा रही है वह इस मध्यम वर्ग के कारण ही है। रियल स्टेट जिस तरह से आगे बढ़ रहा है और गगनचुंबी इमारतों का जिस तरह से जाल बिछ रहा है वह मध्यम वर्ग के कारण ही संभव हो पा रहा है। यही कारण है कि आज देशी-विदेशी कंपनियां मध्यम वर्ग को केन्द्रित कर अपने उत्पादों को बाजार में उतार रही है। सही मायने में कहा जाए तो जिसने मध्यम वर्ग की मांग को समझा वह मालामाल होता जा रहा है और उसकी बाजार में पकड़ तेज होती जा रही है। ऐसे में यह मानने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का बहुत कुछ श्रेय मध्यम वर्ग को जाता है।

## इलेक्ट्रिक वाहन के लिए महत्वपूर्ण वर्ष होगा 2024

**के रवीन्द्रन**

वर्ष 2024 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्रांति में एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित करने के लिए तैयार है। पर्यावरणीय चिंताओं, सख्त नियमों और तकनीकी प्रगति से प्रेरित, ईवी बाजार में विस्फोटक वृद्धि हो रही है, जिससे वैश्विक स्तर पर परिवहन परिदृश्य बदल रहा है। इस परिवर्तन में सबसे आगे चीन खड़ा है, एक ऐसा देश जिसने रणनीतिक रूप से खुद को ईवी उद्योग में निर्विवाद नेता के रूप में स्थापित किया है। चीन का प्रभुत्व अनेक कारकों के संगम से उत्पन्न होता है।

उदार सब्सिडी और आक्रामक उत्पादन लक्ष्य जैसी सरकारी नीतियों ने एक जीवंत घरेलू ईवी बाजार का पोषण किया है। बीवाईडी और एनआईओ जैसे चीनी निर्माताओं ने इन प्रोत्साहनों का लाभ उठाया है, अनुसंधान और विकास में संसाधन लगाए हैं, और आकर्षक मूल्य बिंदुओं पर प्रतिस्पर्धी ईवी की एक विविध श्रृंखला तैयार की है।सामर्थ्य पर यह ध्यान विशेष रूप से सफल साबित हुआ है, जिससे ईवी चीनी आबादी के व्यापक हिस्से के लिए सुलभ हो गई है। परिणाम? चीन वैश्विक ईवी बाजार में जबरदस्त हिस्सेदारी का दावा करता है। 2023 में, सभी नई ईवी बिक्री में चीनी कंपनियों की हिस्सेदारी 69 फीसदी थी। बीवाईडी टेस्ला को पछाड़कर दुनिया की अग्रणी ईवी निर्माता बन गई है। यह प्रभुत्व घरेलू सीमाओं से परे तक फैला हुआ है। पिछले साल की गति पर सवार होकर, चीनी वाहन निर्माता आक्रामक रूप से उभरते बाजारों में विस्तार कर रहे हैं, तथा वे स्थापित खिलाड़ियों पर भारी पड़ रहे हैं। यह बदलाव विशेष रूप से यूरोप में स्पष्ट है, जहां एक स्थिर ईवी बाजार को बजट-अनुकूल चीनी ब्रांडों के आगमन में आशा मिलती है। चीनी ईवी निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। बीवाईडी और एसएआईसी जैसी कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजारों, विशेष रूप से दक्षिण पूर्व एशिया और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों पर अपनी नजरें जमा रही हैं। यहां, चीन के मजबूत आर्थिक संबंध और स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी के लिए उसका जोर एक विजयी फॉर्मूला साबित हो रहा है। हालांकि, चीन का नेतृत्व चुनौतियों से रहित नहीं है।

तीव्र वृद्धि ने आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। लिथियम और कोबाल्ट जैसी महत्वपूर्ण सामग्री की कमी से उत्पादन बाधित होने का खतरा है, जबकि बैटरी रीसाइक्लिंग और इन संसाधनों के खनन के पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में चिंताएं बनी हुई हैं। इसके अतिरिक्त, चीनी ईवी निर्माताओं के बीच भयंकर प्रतिस्पर्धा से मूल्य युद्ध हो सकता है। इससे संभावित रूप से लाभ मार्जिन कम हो सकता है और दीर्घकालिक स्थिरता में बाधा आ सकती है। इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप और जापान में स्थापित वाहन निर्माता आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पारंपरिक कार कंपनियां विद्युतीकरण में भारी निवेश कर रही हैं। वे अपने स्वयं के ईवी प्लेटफॉर्म विकसित करने में संसाधन लगा रही हैं और बैटरी प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ साझेदारी कर रही हैं। आगामी 2024 अमेरिकी चुनाव ईवी नीतियों के लिए एक युद्ध का मैदान होने की उम्मीद है, जिसमें संभावित सरकारी प्रोत्साहन अमेरिकी ईवी बाजार के भविष्य को आकार देंगे। यूरोप में, सख्त उत्सर्जन नियम कार निर्माताओं को मजबूत चार्जिंग बुनियादी ढांचे के निर्माण पर विशेष ध्यान देने के साथ, अपने ईवी रोलआउट में तेजी लाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। जहां एक ओर चीन और स्थापित खिलाड़ी वर्तमान कथा पर हावी हैं, दावेदारों की एक नई लहर उभर रही है। भारत, जिसका बढ़ता मध्यम वर्ग और कुख्यात प्रदूषित परिवहन क्षेत्र ईवी के लिए एक विशाल अप्रयुक्त बाजार प्रस्तुत करता है।

भारत सरकार फेम योजना जैसी पहलों के माध्यम से सक्रिय रूप से इलेक्ट्रिक गतिशीलता को बढ़ावा दे रही है, जो ईवी खरीद के लिए सब्सिडी प्रदान करती है। मारुति सुजुकी और टाटा मोटर्स जैसे प्रमुख भारतीय कार निर्माता तेजी से ईवी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, हाल के महीनों में मारुति सुजुकी ईवी एक्स और टाटा नेक्सॉन ईवी जैसे नए मॉडल बाजार में आए हैं। हालांकि, भारत की ईवी महत्वाकांक्षाओं को महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ता है। उच्च अग्रिम लागत व्यापक रूप से अपनाने में एक बड़ी बाधा बनी हुई है, खासकर दोपहिया ईवी के लिए, जो भारतीय बाजार पर हावी है। इसके अतिरिक्त, मजबूत चार्जिंग बुनियादी ढांचे की कमी, विशेष रूप से टियर 2 और टियर 3 शहरों में, संभावित खरीदारों के बीच चिंता पैदा करती है।इन चुनौतियों के बावजूद, विश्लेषक भारत के ईवी भविष्य को लेकर आशावादी हैं। आने वाले वर्षों में बाजार में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है, पूर्वानुमान के अनुसार 2025 तक 6 फीसदी से अधिक की संभावित बाजार हिस्सेदारी होगी। इस उभरते उद्योग की सफलता कई कारकों पर निर्भर करती है। सब्सिडी और बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से निरंतर सरकारी समर्थन महत्वपूर्ण होगा।



## राशिफल

**मेष**:- कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**बृषभ**:- स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुन**:- किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्क** :- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**सिंह**:- किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्या**:- समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

**तुला**:- मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा।

**वृश्चिक**:- सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनु**:- नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें।

**मकर**:- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**कुंभ**:- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे।

**मीन**:- क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

# बहुत याद आते हैं सर्कस के बब्बर शेर

**के. विक्रम राव**

तब तक टीवी ने हम लोगों की शाम को बख्श दिया था। ईजाद ही नहीं हुआ था। मोबाइल ने दिनरात हड़पे नहीं थे। वह भी नहीं बना था। उस दौर में वक्त खुद प्रतीक्षा करता था। शहर में सर्कस लगने की खबर आते ही, आग जैसी फैलती थी। परिवारों में तो खासकर। मगर अब सर्कस में चौपायों में केवल घोड़े ही बचे हैं। ढाई सदी बीते दुनिया का सर्वप्रथम सर्कस चार अप्रैल 1768 के दिन ही आया था।

लंदन में फिलिप और उनकी पत्नी पैट्सी ने घुड़सवारी के करतब दिखाकर सर्कस की नींव डाली थी। इस छह फुटे फौजी अश्वारोही ने ही करिश्मायी शो आयोजित किया। वही बाद में विकसित होकर मनोरंजन में नया आयाम लाया। फिर अन्य चौपाये सर्कस में शरीक हुए। खासकर शेर बब्बर, बाघ, रीछ, हाथी इत्यादि। मगर पशुओं के प्रति क्रूरता वाला कानून संसद द्वारा बनते ही, सब बंद हो गया। फीका पड़ गया। लखनऊ की एक लोमहर्षक वारदात चिरस्मरणीय रहती है। पचास साल बीते। दयानिधान पार्क (लालबाग, नावेल्टी थ्येटर के ठीक सामने) में सर्कस के तंबू गड़ा करते थे। एक दफा (1974) का किस्सा है, दैनिक नवजीवन के चीफ रिपोर्टर साथी हसीब सिद्दीकी की जुबानी। उनके न्यूज एडिटर सुरेश मिश्र आधी रात नगर संस्करण में अंतिम खबर भेजकर, आदतन नजीराबाद के अब्दुल्लाह होटल के लिए रवाना हुए।

हजरतगंज के काफी हाउस से कई सालों पूर्व ही यह होटल दानिश्वरों जमावड़े के लिए मशहूर था। खासकर दूध की मोटी परतवाली मलाई के खातिर। सुरेश मिश्र वहां पहुंचे ही थे कि फुटपाथ पर सोने वालों की भगदड़ मच गई थी। पता चला था कि लालबाग पार्क में लगे सर्कस का एक शेर पिंजरे से निकलकर अमीनाबाद की सैर कर रहा था। वह एक सुशुप्त श्रमिक का मुंह चाटने लगा। नींद टूटने से नाराज श्रमिक आक्रोशित था। शेर पर हथेली चलाई। फिर उसे देखकर उसके होश उड़ गए।

**हजरतगंज के काफी हाउस से कई सालों पूर्व ही यह होटल दानिश्वरों जमावड़े के लिए मशहूर था। खासकर दूध की मोटी परतवाली मलाई के खातिर। सुरेश मिश्र वहां पहुंचे ही थे कि फुटपाथ पर सोने वालों की भगदड़ मच गई थी। पता चला था कि लालबाग पार्क में लगे सर्कस का एक शेर पिंजरे से निकलकर अमीनाबाद की सैर कर रहा था। वह एक सुशुप्त श्रमिक का मुंह चाटने लगा। नींद टूटने से नाराज श्रमिक आक्रोशित था। शेर पर हथेली चलाई। फिर उसे देखकर उसके होश उड़ गए। भागा। इस पूरे हादसे को सुनकर सुरेश मिश्र जी ने सर्वप्रथम दफ्तर फोन किया कि संस्करण देर से छपेगा। फिर स्वयं आकर पूरी खबर लिखी। इससे लखनऊ में जबरदस्त सनसनी फैली।**

भागा। इस पूरे हादसे को सुनकर सुरेश मिश्र जी ने सर्वप्रथम दफ्तर फोन किया कि संस्करण देर से छपेगा। फिर स्वयं आकर पूरी खबर लिखी।

इससे लखनऊ में जबरदस्त सनसनी फैली। ÷नवजीवन÷ एकमात्र दैनिक था जिसमें यह समाचार छपा था। दाद दी गई इस समाचारपत्र संपादक को कि ऐसी विलक्षण खबर चलाई। स्वाभाविक है कि बाकी अखबारों की प्रातःकालीन बैठक मे संपादकों ने रिपोर्टरों का कोर्ट मार्शल किया। इतनी बड़ी खबर ? भीड़भरे मार्केट में शेर का टहलना ! कैसे छूट गई ? मगर हम सब सुरेश मिश्र की कसीदे गाते हैं।

मिलता-जुलता एक हादसा हुआ था इसी दयानिधान पार्क में 1950 में भी। उस दिन भी एक सर्कस में शेरों का शो हो रहा था। अकस्मात एक शेर रिंग मास्टर पर लपका और उसे घायल कर दिया। कुछ देर के लिए तो कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। सारे स्थानीय संवाददाता कार्यालय की ओर लपके। खबर शाया करने। मगर मेरे बड़े भ्राता स्वर्गीय श्री के. प्रताप राव सर्कस के अगले शो तक रुके रहे। तब वे हिंदुस्तान टाइम्स के यूपी संवाददाता थे। उनका कार्यालय हजरतगंज में हलवासिया मार्केट के ठीक सामने पहली मंजिल पर जगदीश भवन में था।

बगल में मकबरे का फाटक है। उन्होंने अगले शो में देखा कि वही घायल रिंग मास्टर फिर शेरों का शो पेश करता है? शो सफलता से पूरा हुआ। उस हमलावर शेर की कचूमर निकलने तक मारा। फिर दर्शकों की करतल ध्वनि के बीच शो का अंत हुआ। दफ्तर आकर मेरे भाई साहब ने रपट भेजी। खासकर रिंग मास्टर की फोटो तथा बहादुरी वाली कि घायल होकर भी शेरों का शो दोबारा दर्शाया। रोका नहीं। अगले दिन लखनऊ के दैनिकों के संपादकों ने सवाल किए अपने रिपोर्टरों से कि ऐसा बेहतर मानवीय पहलू क्यों नहीं लिखा ? तब हिंदुस्तान टाइम्स दिल्ली से ही छपता था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# मंडलायुक्त चित्रकूट धाम की अध्यक्षता में हुई लोकसभा निर्वाचन की बैठक

## मतदान दिवस पर यातायात की समुचित व्यवस्था रखने के सम्बन्ध में माइक्रोप्लान तैयार करने के निर्देश

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में आयुक्त ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में निर्वाचन कार्य में लगे प्रभारी अधिकारियों एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों तथा उप जिलाधिकारियों से निर्वाचन की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिये कि सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के द्वारा दिये गये निर्देशों का आपस में समन्वय स्थापित करें एवं अपने-अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित करें, इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने आदर्श आचार संहिता एवं कानून व्यवस्था का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस को दिये। उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढाये जाने के लिए समस्त आशा, आंगनबाडी, स्वयं सहायता समूह की सदस्य, किसान सहायक तथा पंचायत सचिव के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता लाने हेतु घर-घर सम्पर्क करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के हर वार्ड में मतदान करने के लिए प्रचार किया जाए तथा मतदान पर्ची घर-घर तक अवश्य पहुंचायी जाए। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर मतदान दिवस के दिन सभी आवश्यक व्यवस्थायें पेयजल, छाया एवं अन्य संशाधनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने मतदान के दिन माकपोल प्रत्येक बूथ पर समय पर कराये जाने तथा मतदान कर्मियों को बेहतर रूप से मतदान के दिन किये जाने वाले कार्यों का गहनता एवं विस्तृत रूप से प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने डिस्ट्रिक कॉन्टेक्ट सेन्टर 1950 एवं सी-विजिल में प्राप्त होने वाली शिकायतों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए शिकायतों के निस्तारण की क्रॉस चेकिंग भी करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराने हेतु हल्के एवं भारी वाहनों की उपलब्धता, कार्मिकों की व्यवस्था एवं प्रशिक्षण व्यवस्था, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती एवं प्रशिक्षण तथा बेब कास्टिंग किये जाने वाले बूथों पर की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए सभी कार्य समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी महत्वपूर्ण आदेश एवं निर्देश थाना स्तर तक उपलब्ध कराये जायें और उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नामंकन के समय की जाने वाली तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था, वीआईपी आगमन के समय सुरक्षा व्यवस्था एवं कार्य के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए निर्वाचन के दौरान पोलिंग पार्टी रवानगी वाले दिन, मतदान दिवस एवं मतगणना दिवस पर यातायात की समुचित व्यवस्था रखने के सम्बन्ध में माइक्रोप्लान तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने अवैध शराब एवं अन्य मादक पदार्थ की बिक्री पर कडी नजर रखने, शान्तिपूर्ण निर्वाचन को सम्पन्न कराये जाने हेतु असमाजिक तत्वों एवं निर्वाचन को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों पर समय से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने सोशल मीडिया पर कडी नजर रखने के निर्देश देते हुए निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी।

बैठक में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने निर्वाचन को शान्तिपूर्णढंग से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में प्रभारी अधिकारी कार्मिक चित्रसेन सिंह ने निर्वाचन कार्मिकों की तैनाती एवं प्रशिक्षण के सम्बन्ध में अवगत कराया।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मो. मोइनुल इस्लाम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, डिप्टी कलेक्टर मृत्युँजय नारायण मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद सहित निर्वाचन से जुडे समस्त प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित

**इटावा।** महावारी के दौरान महिलाओं को संक्रमण से बचाने हेतु ग्लोबल पीस फाउंडेशन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बस्तियों में जाकर मुफ्त सेनेटरी पैड वितरित किए जा रहे हैं फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह ने कार्यक्रम में किशोरियों के प्रश्नों, समस्याओं एवं शंकाओं का समाधान किया साथ ही बताया की मासिक धर्म के समय कपड़ा का उपयोग बहुत ही घातक व हानिकारक होता है। फाउंडेशन की सचिव गरिमा दुबे ने व्यक्तिगत स्वच्छता को लेकर संपूर्ण जानकारी दी। प्रभागावा ने महिलाओं को को सैनिटरी पैड के अधिकाधिक उपयोग का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में रंजना भदोरिया,शकीला बानो, गरिमा दुबे, प्रीति शर्मा, नेहा दुबे, प्रभा गावा आदि ने सहभागिता की।

# ट्रक की टक्कर से बिजली के दो खंभे टूटे

**पनवाड़ी,महोबा।समृद्धि न्यूज**



पनवाड़ी कस्बा के मुहल्ला पाठकपुरा बस स्टैंड पर मार्ग का निर्माण कार्य से वाहनों को निकलने में आने जाने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बीती रात्रि को बालू से भरे ट्रैक नगाराघाट ,बरानाघाट ,स्योढी घाट से घाट से रात दिन आवागमन रहता है। रात्रि में पाठकपुरा, बसस्टैंड पर ट्रक मोड़ते समय विद्युत खंभे समेटते हुए ट्रक ने दो खंभे गिरते हुए केवल के सहारे ट्रांसफार्मर गिरते गिरते बचा लेकिन ट्रांसफार्मर के चबूतरे पर ही ट्रांसफॉर्मर पलट गया। जिससे तेल जमीन पर सारा बह गया इसी कारण पूरी रात्रि दो मुहालों की विद्युत बिजली गुल रही। महल पाठकपुरा व रैकवारपुराठाकुरसपुरा, मातनपुरा, बजनापुरा मुहाल वासी कनेक्शन धारक पूरी रात्रि सो नहीं पाए, दूसरी तरफ मच्छरों का आतंक इतना है कि छोटे-छोटे बच्चे विद्युत ना आने से रात्रि भर परेशान रहे।

विद्युत के कर्मचारी रात्रि में मौके पर पहुंचते तो थे मगर अंधेरे के कारण कार्य नहीं कर पाए, उन्होंने सुबह आश्वासन दिया की लाइन ठीक करनी पड़ेगी ,जब इस बाबत विद्युत सब इंस्पेक्टर पावर हाउस पनवाड़ी के जेई ईश्वर सिंह यादव से बात की तो उन्होंने कहा कि विद्युत के कर्मचारी सुबह से खंभे बदलने लगे हैं, जल्द मुहालो को सप्लाई दी जाएगी।

# डांट से नाराज किशोर को बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द

- पुलिस ने किशोर को समझाया कि भविष्य में इस तरह परिजनों से नाराज होकर घर छोड़ने का विचार मन में न लाए

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



महोबा अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा पुलिस द्वारा पढ़ाई के लिये मामा की डांट से नाराज होकर गये किशोर को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द। गौरतलब हो कि सुभाषनगर थाना कोतवाली नगर जिला महोबा मूल निवासी ग्राम टिकैयापुर्वा पोस्ट अनौगी थाना गुरसहांयगंज जनपद कन्नौज के रहने वाले डा0 अनुज प्रताप सिंह पुत्र जुग्गीलाल उम्र करीब 28 वर्ष निवासी की तहरीरी सूचना पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 148/24 धारा 363 भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत किया गया कि उनका भांजा प्रबल प्रताप पुत्र संजय उम्र करीब 12 वर्ष निवासी ग्राम जरौली जनपद इटावा हालपता सुभाषनगर थाना कोतवाली जो अपने मामा की डांट से नाराज होकर कहीं चला गया काफी खोजबीन करने पर भी उसका पता नहीं चल पा रहा है । उक्त सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुये थाना स्तर पर टीमें गठित कर तत्परता से बस स्टैण्ड, कोचिंग सेटन्टर, रेलवे स्टेशन, ढाबा, मुहल्लों, सोशल मीडिया ग्रुप , गांव व आस पास के लोगों से पूछताछ करते हुए किशोर को ग्राम घुटवई से सकुशल बरामद कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए परिजनों( मामा ) को सुपुर्द किया गया।

पुलिस द्वारा किशोर को समझाया गया कि भविष्य में इस तरह परिजनों से नाराज होकर घर छोड़ने का विचार मन में ना लाये । किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें, पुलिस हर सम्भव मदद करेगीं। परिजनों द्वारा पुलिस के सहयोग की प्रशंसा करते हुए पूरी टीम को धन्यवाद किया।

## खबरें एक नजर में

### कन्या उच्च प्रा.वि ने छात्रा को किया सम्मानित



**महोबा।** जैतपुर विकासखंड के अंतर्गत कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय जैतपुर मे कन्या उच्चतर प्राथमिक विद्यालय जैतपुर में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत छात्र छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई छात्राओं द्वारा स्लोगन व नारे लगाए गए विद्यालय में अध्यनरत छात्रा कुमारी स्नेहा अनुरागी कक्षा 9 में अटल आवासीय विद्यालय बांदा में चयन होने पर छात्रा को मेडल व गिफ्ट देकर सम्मान किया गया कुमारी स्नेहा अनुरागी ने अटल आवासीय विद्यालय बांदा मंडल में तीसरा स्थान पाया छात्रा के माता-पिता ने विद्यालय परिवार को बहुत-बहुत बधाई दी छात्रा के पिता का कहना है कि बच्चों को मेहनत और लगन से हर माता-पिता को पढ़ाना चाहिए छात्रा के माता-पिता का कहना कि अध्यापकों की मेहनत का फल हमारी बच्ची को प्राप्त हुआ है तदनुपरांत विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुन्नालाल तिवारी एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### बिजली की समस्या का नहीं हो पा रहा समाधान, एक महीने से समस्या से जूझ रहा है सालट गांव



**चरखारी, महोबा।** जनपद महोबा की चरखारी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सालट में बिजली की समस्या एक विकराल रूप धारण कर चुकी है, भयंकर गर्मी में अंधेरे में जीने के लिए मजबूर हैं सालट गांव के रहने वाले। लोगों द्वारा बताया जा रहा है की 1 महीने से लगभग गांव की तमाम डीपी तथा ट्रांसफार्मर खराब पड़ी हुई हैं जिसके कारण बिजली आपूर्ति में काफी समस्या लोगों के सामने आ रही है, लोगों द्वारा बताया जा रहा है की कई बार बिजली विभाग के कर्मचारियों को इस बात से अवगत कराया गया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है, इस बात को लेकर गांव वालों ने काफी नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि पहले तो मिट्टी का तेल मिल जाता था जिस घर में उजाला हो जाता था लेकिन अब तो वह भी नहीं मिल रहा है तथा बिजली भी नहीं मिल पा रही है।

### शिक्षक साहित्यकार बद्री प्रसाद वर्मा का हुआ देहांत

**हमीरपुर।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षक साहित्यकार बद्री प्रसाद वर्मा का मंगलवार सुबह 6 बजे देहांत हो गया। वे अपने पीछे एकमात्र पुत्र जगदेव और चार पुत्रियों को छोड़ गए। बताते चलें कि वे इस्लामिया इंटर कॉलेज में अंग्रेजी विषय के प्रवक्ता रहे और साहित्यकार के रूप में उन्होंने दर्पण नामक पुस्तक की रचना भी की।वे काफी समय तक अभिव्यक्ति संस्था के मंत्री भी रहे तथा वह वर्तमान में सर्वोदय साहित्य संस्था हमीरपुर में संरक्षक की भूमिका निभा रहे थे। उनका जाना साहित्य जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है जिसे काफी समय तक भरा नहीं जा सकता है।साहित्य सर्वोदय संस्था हमीरपुर दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है।



## स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली का किया शुभारंभ

**महोबा।** मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिवकुमार राय द्वारा झडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य समस्त मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करना था इस रैली में नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटीपुरा जनपद महोबा में तैनात डॉक्टर अब्दुल आहत फार्मासिस्ट जितेंद्र कुमार सिंह स्टाफ नर्स अंकिता एवं रिचा एएनएम प्रतिमा उपासना और राबिया परवीन के साथ संबंधित क्षेत्र की आशा, रजनी, राजकली, विद्या, देवकी, रूबी, सुखदेवी, शीला आशा सहित अन्य समस्त कर्मचारीयों को मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## अभिभावक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**इटावा।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ड्रा राजेश कुमार के निर्देशन में समस्त विद्यालयों में अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विद्यालय के प्रधानाध्यापकों द्वारा मतदाताओं को मत के महत्व के विषय में बताया गया और 7 मई मैनपुरी लोक सभा एवम 13 मई को इटावा लोकसभा में सपरिवार शत प्रतिशत वोट करने की अपील की गई। उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला छत्ते जसवंतनगर में अभिलाषा तिवारी द्वारा अभिभावकों को शतप्रतिशत मतदान के विषय में जागरूक किया गया उच्च प्राथमिक विद्यालय कर्वा बुजुर्ग महेवा की रश्मि पालीवाल ने संगोष्ठी में महिला मतदाता को 13 मई (इटावा लोकसभा) को बूथ पर जा कर पहले मतदान फिर जलपान के लिए अनुरोध किया।

# डीएम, एसएसपी ने कालीवांह मंदिर की सुरक्षा परखी



**इटावा। समृद्धि न्यूज**

आगामी नवरात्रि, रामनवमी के त्योहारों के दृष्टिगत जिलाधिकारी इटावा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा एवं अन्य प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों ने थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्थित माता कालीवांह देवी मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी इटावा अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार एवं अन्य प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों द्वारा नवरात्रि, रामनवमी के त्योहार की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्थित माता कालीवांह देवी मंदिर पर लगने वाले मेले की सुरक्षा व्यवस्था एवं मंदिर में श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

## 25 साल पुराने दंगे में तीन पर दोष सिद्ध, कस्बे के 27 युवक थे नामजद

**सुमेरपुर।** राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के छात्र शिवप्रकाश की ट्रक से कुचलकर हुई मौत के बाद उग्र हुये छात्रों के आंदोलन के बाद एक युवक की और हुई मौत के प्रकरण में 23 वर्ष बाद अदालत ने सजा का निर्धारण किया है। आज आरोपियों को सजा सुनाई जाएगी। कस्बे के बस स्टॉप में 31 अगस्त 2001 को कस्बा निवासी छात्र शिवप्रकाश वाहन का इंतजार कर रहा था। तभी उसे ट्रक ने कुचल दिया था। इसकी मौके पर मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही हमीरपुर एवं कस्बे के सैकड़ो छात्र मौके पर छात्र नेता राजेंद्र धमाका के नेतृत्व में एकत्र हुए थे और रोडवेज सहित कई वाहनों में आग लगा दी और पुलिस के ऊपर पथराव कर दिया था।

## एक्सपायरी डेट की बोतल लगने से हड़कंप

**मौदहा।** कस्बे के सरकारी अस्पताल में सोमवार रात एक मरीज को एक्सपायरी डेट की बोतल लगाने की घटना से हड़कंप मच गया हालांकि अधीक्षक ने जांच के बाद कार्यवाही करने की बात कही है वहीं अभिलेखों में चढाई जाने वाली दूसरी बोतल दर्ज है जिससे सवाल खड़ा होता है कि यह बोतल कहां से आई। सोमवार की शाम एक बच्चे को उसके परिजन इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे थे जिसकी जांच के बाद डाक्टरों ने डी-5 बोतल और कुछ इंक्जेक्शन लिखे लेकिन जब बच्चे को बोतल चढने के लिए लगाई गई तो एक्सपायरी डेट की डी-10 बोतल लग गई जिसके लगते ही हड़कंप मच गया।

# दो माह में ध्वस्त हो गया वार्ड, दो में बना सीसी मार्ग

**सुमेरपुर,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



कस्बे के वार्ड संख्या दो भगत सिंह नगर में नगर पंचायत द्वारा बनाई गई सीसी महज दो माह में ही ध्वस्त हो गई है। इससे घटिया निर्माण की पोल स्वतः खुल गई है? कस्बे के वार्ड संख्या 2 में भगत सिंह नगर में पाल के दरवाजे से छत्रपाल के दरवाजे तक नगर पंचायत ने राज्य वित्त की धनराशि से सीसी का निर्माण 2.20 लाख में जनवरी माह में कराया था। यह सीसी मार्ग महज दो माह में ही ध्वस्त होकर रह गया है। यहां के निवासी अनुरुद्ध सिंह,अजय तिवारी, अटल तिवारी, राघवेंद्र मिश्रा, राहुल अवस्थी, पूर्व सभासद नईम अख्तर ने बताया कि ठेकेदार ने मानको को दरकिनार करके घटिया निर्माण कराया है। इस वजह से वह दो माह में ही क्षतिग्रस्त हो गई है। नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी कुलकमल सिंह ने कहा कि सीसी क्षतिग्रस्त होने की जानकारी उनको नहीं है। वह मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगे। अगर मामला सहित पाया गया तो सम्बंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# तीन हत्यारोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में थाना बकेवर व मानीटरिंग, पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते हत्या करने वाले अभियुक्ता सहित कुल तीन अभियुक्तों को न्यायालय इटावा ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 3- 3 हजार रूपये का अर्थदंड दिया।

वादिनी पूजा सोनी पत्नी दीपक सोनी निवासिनी मोहल्ला अकालगंज थाना कोतवाली जनपद इटावा द्वारा थाना बकेवर पर सूचना दी गयी कि 3 व्यक्तियों द्वारा वादिया के पति दीपक सोनी के साथ मारपीट कर हत्या कर दी गयी है तहरीर के आधार पर थाना बकेवर पर धारा 302/34 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विवेचना अधिकारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कराते हुए थाना बकेवर पुलिस टीम, पैरोकार हे. का. जयचन्द्र एवं मानीटरिंग सैल व एडीजीसी संजीव कुमार चतुर्वेदी द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समयानुसार समस्त गवाहों व अन्य साक्ष्यों को न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गयी जिसके परिणाम स्वरुप उक्त अभियोग से संबंधित आरोपियों शशि प्रभा पाल उर्फ गुडिया पत्नी दीपक सोनी निवासी राजा का बाग थाना सिविल लाइन इटावा, विमला पत्नी विजय सिंह निवासी राजा का बाग थाना सिविल लाइन इटावा, अवधेश कुमार पुत्र राममूर्ती निवासी रावलपुर थाना अजीतमल जनपद औरैया को न्यायालय एडीजे/ स्पेशल गैंगस्टर कोर्ट इटावा ने आजीवन कारावास की सजा तथा 3-3 रूपये का अर्थदंड दिया।

## धूं-धूं कर जला बेवा का आशियाना

**मौदहा।** विधवा महिला के घर में अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से आशियाना धू-धू कर जलने लगा जिससे हजारों की ग्रहस्ती व दो बकरिया जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर निकट के तलैया से पानी लेकर आग पर काबू पाया। बताते चले की विकासखंड के बड़ी आबादी वाले गांव करहिया में सोमवार की देर रात अज्ञात कारणों से रामकली पत्नी राजा भैया प्रजापति के घर में अचानक आग लग गई जिसे देख पड़ोसियों में हड़कंप मच गया और आनंन फानन में पड़ोसियों ने गृह स्वामी को जगा कर घर से बाहर निकाल और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

# फसलों में अग्निकांड की घटनाओं पर डीएम हुए नाराज

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में हीटवेव एवं सूखा से बचाव हेतु विभागों द्वारा की गई तैयारी और किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में मंगलवार को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में बैठक आयोजित हुई। जनपद की भौगोलिक स्थिति के अनुसार प्रतिवर्ष माह अप्रैल से माह जून तक प्रायः 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान हो जाने के कारण लू की स्थिति बनी रहती है । संभावित सूखे एवं लू के दृष्टिगत विभागवार बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि चिकित्सालय में ओआरएस काउंटर स्थापित किए जाएं एवं लू से प्रभावित व्यक्तियों हेतु अतिरिक्त बेड आरक्षित किए जाएं।

लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत लू प्रकोप से बचाव हेतु मतदान केन्द्रों पर मेडिकल टीम की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। लू के प्रवाह से बचाव हेतु समस्त एएनएम आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों को प्रशिक्षित किया जाये तथा उन्हें ओआरएस उपलब्ध करा दिया जाये एवं वह अपने कार्य क्षेत्रों में आमजन मानस को जागरूक करें वर्तमान समय में सार्ट सर्किट से अग्निकांड के दृष्टिगत अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया की फसलों को अग्निकाण्ड से बचाव हेतु बिजली आपूर्ति के समय में परिवर्तन किया जाये। सार्ट सर्किट से फसलों में अग्निकांड की घटनायें होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधिशाषी अभियंता विद्युत एवं सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्यवाही किया जायेगा तथा क्षतिपूर्ति की भरपाई की जाएगी।

ग्राम पंचायत एवं नगर क्षेत्र के समस्त मरम्मत एवं बंद बड़े हैण्ड पम्पों का मरम्मत कार्य पूर्ण कर क्रियाशील किया जाये, तथा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में स्थापित पेयजल कंट्रोल रूम नम्बर 05282.298176 पर प्राप्त होने वाली पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों का अविलम्ब निस्तारण कराया जाये। जिन ग्रामों में सूखे की स्थिति में वाटर लेविल अत्यन्त कम हो जाने के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है, उन ग्रामों में टैंकरों से पेयजल उपलब्ध कराने हेतु रूटचार्ट तैयार करने तथा खराब टैंकरों की मरम्मत का कार्य पूर्ण किये जाए।




## उजनेड़ी में निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम उजनेड़ी व कुम्हऊपुर में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। प्रभारी बीडीओ ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को ग्राम उजनेड़ी व कुम्हऊपुर में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। दोनों गांवों में ई-रिक्शा में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने रैली के साथ भ्रमणकर बुजुर्ग मतदाताओं को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली में शामिल महिलाओं व पुरुषों ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमे और गलियों में माइक से नारे लगाए। जिसमें वोट हमारा है अनमोल,कभी न लेंगे इसका मोल, जागो जागो हे मतदाता,तुम भारत के भाग्य विधाता। सरकार बनाना आता है।

## महिला की मौत के मामले में पुलिस जांच में जुटी

**मौदहा।** काफी समय पहले भटक कर क्षेत्र में आई वृद्धा की मौत के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। कोतवाली क्षेत्र के मंकराव स्थित खेरापति महाराज के स्थान पर बीते कुछ समय से एक भटकी हुई मानसिक विक्षिप्त महिला रह रही थी।जिसकी मंगलवार को मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतका की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि महिला काफी वृद्ध और मानसिक विक्षिप्त है जो काफी समय इस स्थान पर रह रही थी गांव वाले महिला को खाना आदि दे दिया करते थे उसी की मौत हो गई है शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था।

# एमएसपी रेट पर गेहूं खरीद के फरमान का व्यापारियों ने निकाला तोड़

- नगर में कई स्थानों पर गुप्त रूप से मनमाने रेट में खरीदा जा रहा गेहूं



**कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**शासन के** एमएसपी पर गेहूं खरीद के फरमान का व्यापारियों तोड़ निकाल लिया है। वह अब नगर के विभिन्न स्थलों पर गुप्त रूप से खरीद कर रहे हैं। जिससे किसानों को उपज का उचित मूल्य तो मिल ही नहीं रहा है साथ ही मण्डी शुल्क की भी चोरी हो रही है। विदित हो कि किसान आंदोलन के चलते शासन ने एमएसपी निर्धारण होने वाली जिन्सों को निर्धारित कीमत पर ही खरीद करने के निर्देश दिए हैं। गत शुक्रवार को इसी व्यवस्था को परखने गल्ला मण्डी आये खाद्य एवं रसद आयुक्त सौरभबाबू ने मण्डी प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कम कीमत पर मण्डी में किसानो की फसल बिकी तो कठोर कार्यवाही होगी। शासन का फरमान जारी होते ही मण्डी प्रशासन भी सख्त हो गया है और व्यापारियों को गेहूं की खरीद 2275 रुपये कुन्तल पर ही करने को कहा है जबकि वह गेहूं को महज 2100 रुपये तक ही खरीद रहे हैं जिसके चलते व्यापारियों ने गेहूं की खरीद बन्द कर रखी और किसानो को गेहूं की उपज सरकारी खरीद केन्द्र पर ले जाने की सलाह दे रहे हैं। लेकिन सूत्रो की माने तो व्यापारियों ने भले ही मण्डी में गेहू खरीदना बन्द कर दिया है लेकिन कुछ लोगो ने इसे अवसर मानकर नगर के विभिन्न स्थानो पर एम एस पी से कम कीमत पर खरीदना शुरू कर दिया है जो गेहू खरीद कर ट्रेक्टर ट्राली के जरिये आटा फैक्टरी को आपूर्ति करने लगे हैं जिससे किसानों को तो अपनी उपज का बाजिब मूल्य नहीं मिल रहा है साथ ही मण्डी शुल्क की भी चोरी हो रही है। मण्डी सचिव आनन्द गुप्ता के अनुसार मण्डी में गेहू खरीद पर नजर रखी जा रही है और किसी भी व्यापारी को एमएसपी से कम कीमत पर खरीद की इजाजत नही है अगर व्यापारी मण्डी के बाहर खरीद कर रहे हैं तो उनके खिलाफ भी कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### शासन की सख्ती का हुआ असर, खरीद केन्द्रों पर पहुंचने लगे किसान

कालपी। शासन की एमएसपी पर ही गेहू की खरीद करने की सख्ती का असर दिखने लगा है मंगलवार को गल्ला मण्डी परिसर स्थित विपणन शाखा केन्द्र पर किसानो की भीड देखी गई । खरीद केन्द्र का निरीक्षण करने आये मण्डी सचिव आनन्द गुप्ता ने बताया कि महज कुछ दिनों मे ही इस केन्द्र की खरीद 1150 कुन्तल से अधिक हो गयी है और उनके क्षेत्र में संचालित सभी 4 खरीद केन्द्रों में अब तक 2500 कुन्तल खरीद हो चुकी है जबकि पिछले वर्ष खरीद केन्द्रों पर सन्नाटा रहा था।

# एसडीएम ने सर्वे के कार्य को जल्द निपटाने के दिए निर्देश




तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा लेखपालों के साथ मीटिंग करते एसडीएम

**कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार को** तहसीलदार अभिनव तिवारी की मौजूदगी तथा उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल अध्यक्षता में लेखपालों तथा राजस्व कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान ओलावृष्टि तथा असमय वारिस से क्षतिग्रस्त फसलों की सर्वे रिपोर्ट तैयार करने के लिए जोर दिया गया। तहसील के सभागार में आयोजित बैठक में उप जिलाधिकारी ने कहा कि आइजीआरएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों का तत्परता पूर्वक मौके पर जाकर के निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि आगामी चुनाव को कुशलतापूर्वक निपटाने के लिए सम्बन्धित बूथों की व्यवस्था दुरुस्त रखें। आपदा प्रबंधन के कार्य में सतर्कता बरती जाये। गांव में सरकारी भूमि में अतिक्रमण पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। डिजिटल ई क्राप पर भी चर्चा हुई। नायब तहसीलदार हरदीप सिंह नीलमणि सिंह के अलावा बैठक में सदर लेखपाल जितेंद्र कुमार, जयवीर सिंह, प्रमोद दुबे, प्रियंका सिंह, एसके महान, शिवमंगल पाठक, स्टैनो सलीम खान, सेवेंद कुमार, सैयद टीपू, अशोक पाण्डे के अलावा राजस्व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### एसडीएम, ईओ ने नगर के सभी 43 बूथों का किया औचक निरीक्षण

**कालपी (जालौन)।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप पोलिंग बूथों मे मतदाताओं के लिये मुकम्मल व्यवस्था बनाए रखने के लिये स्थानीय प्रशासन के द्वारा कवायद तेज की जा रही है। नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के साथ एसडीएम हेमंत पटेल ने घूम-घूमकर कालपी नगर के समस्त 43 पोलिंग बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि पोलिंग बूथों में मतदाताओं की सुविधा के लिए व्यवस्था बेहतर रहना चाहिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी तथा कर्मचारियों की टीम ने एम एस वी इंटर कालेज, नगर पालिका बूथ,टरनंनगंज, आलमपुर, राम चबूतरा महमूदपुरा कागजीपुरा, रामगंज समेत सभी 43 पोलिंग बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने साथ में चल रहे कर्मचारियों को हिदायत दी है कि पोलिंग बूथों में मतदान के पहले बिजली, पानी, सफाई, रोशनी तथा रैम्प की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिये। इसी तरह सभी पोलिंग बूथों में सम्बंधित कर्मचारियों के नाम,पद तथा मोबाइल नम्बर दर्ज किया जाये।इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा ।पोलिंग बूथ को निरीक्षण के उपरांत जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक पोलिंग बूथों में उचित व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान मामूली सी कमियां मिली है। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र के समस्त 43 पोलिंग बूथों का निरंतर भ्रमण किया जायेगा। किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रहेगी। शिशुपाल सिंह यादव, सरफराज खान, जितेंद्र सिंह आदि कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

### एसडीएम ने क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर केंद्र प्रभारियों को दिए निर्देश

**जालौन (उरई)।** एसडीएम ने मंडी में खुले क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर केंद्र प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अभी तक मंडी में 8100 क्विंटल गेंहू की खरीद हो चुकी है। एसडीएम अतुल कुमार ने नवीन गल्ला मंडी परिसर में नीलामी चबूतरे पर खुले 19 सरकारी क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं को भी देखा। जिसमें केंद्रों पर किसानों के लिए सुविधएं मौजूद मिलीं। केंद्र प्रभारियों को कहा कि 100 क्विंटल से अधिक की खरीद का सत्यापन उनकी आईडी से कराय जाए। 100 क्विंटल से कम खरीद का सत्यापन केंद्र पर ही कर लिया जाए। गेंहू खरीद में किसी भी तरह से किसानों को परेशान न किया जाए। ध्यान रहे कि किसान के खातों में धनराशि भेजने की प्रक्रिया में तेजी लाएं। इसलिए खाता नंबर नाम आदि भरते हुए ध्यान रखें कि कोई गलती न हो जिससे किसान को परेशान होना पड़े। किसानों के खातों में 24 घंटे के अंदर उनकी फसल का धन पहुंच जाना चाहिए। अभी तक हुई खरीद के बारे में मार्केटिंग इंस्पेक्टर मंजीत कुमार ने बताया कि अभी तक गेंहू क्रय केंद्रों पर 8100 क्विंटल गेंहू की खरीद की जा चुकी है। इसके अलावा दलहन व तिलहन क्रय केंद्र पर 68 क्विंटल मसूर व 14 क्विंटल सरसों की खरीद की गई है। इस मौके पर मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार, राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### भक्तों ने गौड़ बाबा की मूर्ति की करायी स्थापना

**जालौन (उरई)।** नवरात्रि के पहले दिन अकोढ़ी दुबे में मां के काली स्वरूप व गौड़ बाबा की मूर्ति स्थापना को लेकर गांव में गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के स्थापना स्थल पर हवन पूजन व वैदिक रीति रिवाज के साथ मूर्ति की स्थापना की गई। मंगलवार को चैत्र मास की प्रतिपदा पर मां के काली स्वरूप व गौड बाबा की मूर्ति की स्थापना की गई। स्थापना से पूर्व गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ शुभ मुहूर्त में स्थापना स्थल से हुआ। इस दौरान काली माता व गौड़ बाबा की मूर्ति को लेकर पुजारी बृजलाल कुशवाहा के नेतृत्व में आगे चल रहे थे। शोभायात्रा के साथ स्थापना स्थल पर पहुंचे जहां विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन कर मूर्तियों की स्थापना की गई। इस मौके पर डोलू निरंजन, सुशील प्रजापति, रामकुमार बाथम, संजीव द्विवेदी, धर्मेंद्र कुशवाहा, दया शंकर, निखिल बाथम, रिषभ पिपरैया आदि मौजूद रहे।

### अन्ना जानवर से टकराकर बाइक सवार की हालत गंभीर

**जालौन (उरई)।** सड़क पर अचानक आवारा जानवर के आने से बाइक चालक संतुलन खो बैठा। जानवर से टकराकर घायल हुए बाइक सवारों को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर उन्हें उच्च संस्थान रेफर किया गया। तहसील क्षेत्र के ग्राम मड़ोरा निवासी अभय सिंह (23) व लकी सिंह (32) मंगलवार की सुबह किसी काम के चलते जालौन आए थे। अपरान्ह करीब तीन बजे वह वापस अपने गांव बाइक से लौट रहे थे। जब वह बाइक से शेखपुरा के पास पहुंचे तभी उनकी बाइक के सामने अचानक से जानवर आ गया। अचानक सामने आए जानवर को देखकर बाइक सवार अपना संतुलन खो बैठा और बाइक जानवर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। मोके पर पहुंची एबुंलेंस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्थान रेफर किया गया।

### नवरात्रि के प्रथम दिवस मां शैलपुत्री की भक्तों ने की पूजा अर्चना

**जालौन (उरई)।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्र के देवी भक्तों द्वारा मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। जिसमें सुबह से ही देवी मंदिरों में देवी भक्तों की भीड़ रही। प्रथम दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्र के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। इसके साथ भक्तों ने घरों पर भी कलश स्थापना की। इस दौरान पूरा नगर जय माता दी के नारों से गुंजायमान रहा। नव संवत्सर चैत्र नवरात्र के पर्व के पहले दिन नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में देवी के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। पंडित अरविंद बाजपेई ने बताया कि राजा हिमांचल की पुत्री पार्वती का नाम शैलपुत्री रखा गया। इनकी पूजा अर्चना करने पर सभी की मनोकामना पूर्ण होती है। क्योंकि इनकी तपस्या करने के बाद इन्हें भी मनोवांछित फल प्राप्त हुआ था। पार्वती पूर्व जन्म में सती थी। इस दौरान देवी भक्तों द्वारा नौ दिन का उपवास भी शुरू किया गया। भक्तों ने मनोकामना पूर्ण होने के लिए अपने घरों एवं मंदिरों पर घट स्थापना कर जवारे भी बोए। नगर के बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर, नवदुर्गा मंदिर, कामाख्या मंदिर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी देवी मंदिरों पर महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों ने पूजा, अर्चना की। सुबह से ही देवी भक्तों की मंदिरों पर भीड़ रही। सुबह व शाम पूजा के लिए मंदिर जाने वाली महिलाओं एवं युवतियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए महिला चौकी प्रभारी मधु देवी, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद, चौकी प्रभारी दामोदर सिंह पुलिस फोर्स के साथ नगर के विभिन्न देवी मंदिरों पर लगातार गश्त करते नजर आए।

# बीएसए की अल्पज्ञानता का खामियाजा भुगतने को विवश हो रहे शिक्षक

- बाल अधिकार अधिनियम के नियमों की उड़ा दी धज्जियां
- प्राइमरी विद्यालयों के वार्षिक परीक्षा पुस्तिकायें खरीदने का पैसा निष्प्रियोजित खातों में डाला

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

बेसिक शिक्षा अधिकारी की अल्पज्ञानता का खामियाजा जनपद के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक भुगतने को विवश हो रहे हैं। आलम यह है कि बीएसए को न तो बाल अधिकार अधिनियम में क्या व्यवस्थायें हैं उसकी जानकारी है और न ही उन्हें इससे कोई वास्ता रहता है कि वार्षिक परीक्षाओं के संपादन कराने में परीक्षा पुस्तिकाओं की खरीद का पैसा विद्यालय के किस खाते में भेजा जाना चाहिये यही कारण है कि उनकी देखरेख में प्राइमरी विद्यालयों के ऐसे बैंक खातों में भेज दिया गया जिन्हें प्रदेश सरकार द्वारा निष्प्रियोज घोषित किया जा चुका है। वर्तमान समय में परिषदीय विद्यालयों के सभी खाते बैंक ऑफ बड़ौदा के संचालित हो रहे हैं।

कार्यालय से मिली जानकारी की मानें तो पिछले दिनों बीएसए ने एक परिषदीय विद्यालय का निरीक्षण किया जहां गांव की ही एक होनहार छात्रा बच्चों को पढ़ाती मिली जबकि उक्त विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे। लेकिन यह बात बीएसए को नागवार गुजरी। जबकि बाल अधिकार अधिनियम में यह व्यवस्था है कि गांव के परिषदीय विद्यालय में गांव का कोई भी होनहार प्रतिभाशाली छात्र विद्यालय में बच्चों को पढ़ा सकता है इतना ही नहीं ग्राम शिक्षा समिति को भी यह अधिकार है कि यदि विद्यालय में शिक्षकों की कमी है तो समिति अपने स्तर पर मानदेय के माध्यम से किसी प्रतिभाशाली छात्र से बच्चों की पढ़ाई करवा सकते हैं इस मामले में बीएसए हस्तक्षेप नहीं कर सकते। चूंकि बीएसए को बाल अधिकार अधिनियम की व्यवस्थाओं का ज्ञान न होने की वजह से विद्यालय के शिक्षक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने का फरमान सुना दिया जब शिक्षक ने स्पष्टीकरण का जबाब दिया तो फिर कार्यालय के एक चर्चित लिपिक द्वारा शिक्षक को इस मंशा के साथ फोन किया कि तुम कार्यालय आ जाओ यही बैठकर समस्या का समाधान हो जायेगा। यह विषय भी शिक्षकों के बीच चर्चा का विषय बन गया। इसीक्रम में हाल ही परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाओं की परीक्षा पुस्तिकाओं की खरीद के लिये शासन से प्राइमरी विद्यालय के लिये साढ़े सात रुपये प्रति बच्चे का बजट आया था जबकि जूनियर विद्यालयों के लिये 15 रुपये प्रति बच्चे का बजट था। यहां पर भी बीएसए व उनके विश्वासपात्रों द्वारा प्राइमरी विद्यालयों के ऐसे खातों में उक्त मद की धनराशि डाल दी जिन बैंक खातों को प्रदेश सरकार द्वारा निष्प्रियोजित घोषित किया जा चुका है। जबकि वर्तमान समय में जनपद ही नहीं समूचे प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के खाते बैंक ऑफ बड़ौदा में संचालित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में इतनी बड़ी चूक किन कारणों के चलते बरती गयी इसका कोई जबाब बीएसए के पास भी नहीं हैं। जबकि जूनियर विद्यालयों में उक्त धनराशि अभी तक भेजी ही नहीं गयी।

### प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों के भोजन का पैसा भी देने में भी भेदभाव

उरई। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के समय-समय पर प्रशिक्षण इस मंशा के साथ कराये जाते हैं ताकि परिषदीय विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हो। लेकिन ऐसे प्रशिक्षण में सहभागिता करने वाले शिक्षकों को नाश्ता व भोजन का पैसा ऐसे शिक्षकों के बैंक खातों में पहुंचाना था तो बीएसए द्वारा यहां पर भी भेदभाव बरतने से नहीं चूके। कार्यालय सूत्रों की मानें तो विकासखंड माधौगढ़, जालौन व कोंच के शिक्षकों का आधा अधूरा उक्त मद का पैसा उनके खातों में डाला गया जबकि कदौरा, डकोर या फिर अन्य विकासखंडों में प्रशिक्षण मद का पैसा शिक्षकों के बैंक खातों में अब तक नहीं डाला गया।

# कोन ग्राम प्रधान ने फीता काटकर लर्निंग सेंटर का किया उद्घाटन




**कोन। समृद्धि न्यूज**

**स्थानी ब्लॉक** के अंतर्गत मंगलवार को नवरात्रि प्रारंभ एवं गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर स्थानीय कोन में लर्निंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह केंद्र नवी मुंबई के पगारिया वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा समर्थित है और स्थानीय रूप से वेद प्रकाश ओझा के नेतृत्व वाले डिजिटल साथी फाउंडेशन द्वारा प्रबंधित किया जायेगा 7पगारिया वेलफेयर फाउंडेशन की सीईओ वैदेही पगारिया ने 40 प्रकार के शैक्षिक खिलौनों के साथ खिलौना लाइब्रेरी, 300 पुस्तकों और 50 चार्ट के साथ मिनी लाइब्रेरी और दैनिक गतिविधियों के लिए बड़ा बोर्ड और ब्लूटूथ स्पीकर स्थापित किया गया है।यह केंद्र सभी बच्चों के लिए एक सामुदायिक शिक्षण केंद्र होगा और प्रतिदिन कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए बिल्कुल मुफ्त कक्षाएं लगाएंगे।यह केंद्र पूरे गांव को लाभान्वित करेगा और उन्हें शिक्षित करेगा।ग्राम प्रधान कोन संतोष कुमार पासवान ने फीता काटकर लर्निंग सेन्टर का उद्घाटन किया। इस प्रकार वहाँ वेद प्रकाश ओझा सहित अन्य सदस्य एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# दो नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय



**कोन। समृद्धि न्यूज़**

**स्थानीय थाना** क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत द्वारा गठित टीम द्वारा मयहमराह के साथ विभिन्न स्थानों से रामबेचन चेरो पुत्र सुखन चेरों जयश्री चेरों उर्फ बद्रीनाथ पुत्र सरदार चेरो को गिरफ्तार कर मा. न्यायालय भेजा गया गठीत टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक रविंद्र प्रसाद सहित हेड कांस्टेबल देवी दयाल गौतम हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार एवं कांस्टेबल दीपक साहू मौजूद रहे ।

# थाना चोपन पुलिस को मिली बड़ी सफलता वृद्ध की हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

- 24 घण्टे के अंदर हत्या के मुकदमें में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार
- घटना में प्रयुक्त आला कत्ल कुल्हाड़ी बरामद



**चोपन/ सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 74/2024 धारा 302 भादवि में वांछित अभियुक्त मेघे उर्फ लालमनी बैगा पुत्र गुपुत बैगा निवासी ग्राम लोहियाकुण्ड ग्राम पंचायत पनारी थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 35 वर्ष को मंगलवार दिनांक 09.04.2024 को मुखबीर की सूचना पर तेलगुड़वा चौराहे के पास से समय प्रातः 06.30 बजे गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त मेघे उर्फ लालमनी बैगा द्वारा अपने मड़ई (झोपडी) में छिपाकर रखे गये घटना में प्रयुक्त आला कत्ल कुल्हाडी बरामद कराया गया।

अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। घटना के बारे बताया गया कि अभियुक्त मेघे उर्फ लालमनी बैगा ने पूछताछ के दौरान बताया कि दिनांक 08.04.2024 को समय करीब 03 बजे दिन में सीताराम बैगा के घर पर मड़ई में मृतक जगधरन बैगा, अभियुक्त से शराब पीने की बात को लेकर झगड़ा करने लगे जिससे अभियुक्त द्वारा सीताराम बैगा के घर में रखी गयी कुल्हाडी उठाकर मृतक को मारने के लिये उठा तो मृतक जगधरन अपनी जान बचान के लिए भागते हुए विनोद बैगा के घर की तरफ भागे किन्तु अभियुक्त द्वारा दौड़ाकर मृतक जगधरन को विनोद बैगा के घर के सामने ओसार में दरवाजे के बीचो बीच मृतक जगधरन बैगा की गर्दन पर कुल्हाडी से वार कर हत्या कर दिया गया।गिरफ्तार करने वाली टीम में विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक ,व0उ0नि0 उमाशंकर यादव ,हे0का0 सत्यप्रकाश मौर्या ,का0 संदीप पाल थाना चोपन सामिल रहे।

### बीज न मिलने पर किसानों ने किया प्रदर्शन जमकर हुई नोकझोंक

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कस्वा में कृषि रक्षा इकाई पर बीज न मिलने से दर्जनों किसानों ने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों पर लापरवाही के साथ काम करने का आरोप भी लगाया। ब्लॉक के कृषि रक्षा इकाई मे किसानों के लिए उर्द का बीज मंगाया गया था। कई किसानों ने पहुंच कर बीज मांगा तो वहां पर स्थित कर्मचारियों ने बीज न देने की बात कही। दर्जनों किसानों ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया। मामला बढ़ता देख जसोदा चौकी पुलिस को सूचित किया गया।

सूचना पर पहुँची पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे किसानों को आश्वासन देकर शांत कराया। किसानों ने बताया उर्द का बीज हर एक किसान को नहीं मिल पा रहा है। खास व्यक्ति को ही बीज प्राप्त हो रहा है। कहीं ना कहीं कर्मचारियों की लापरवाही का बोल वाला दिखाई दे रहा है। प्रदर्शन कर रहे शारदा देवी, कल्पना, विजय यादव, गीता देवी सहित दर्जनों किसानों ने लापरवाही का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। सभी किसानों को उर्द का बीज दिलाए जाने की मांग की। इस संबंध में केंद्र के प्रभारी विमलेश कुमार ने बताया कि जिस किसान का नाम पोर्टल पर और आधार सत्यापित है, उन सभी को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों द्वारा लगाए गए आरोप निराधार है।

# हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी ने दो बीघा गेहूं की फसल किया खाक

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

**खेत के** ऊपर से निकली हाईटेंशन बिजली की लाइन से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगने के कारण करीब दो बीघा खेत की गेंहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और पीड़ित किसान को आवश्यक सहयोग का भरोसा दिलाया।



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदोई राजा निवासी संतोष वर्मा के खेत से हाईटेंशन बिजली की लाइन निकली है। फसल के ऊपर से निकली बिजली की जर्जर लाइन से स्पार्किंग होती है जिससे चिंगारी निकलती रहती है। दोपहर करीब दो बजे हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। खेत में लगी आग की खबर जब तक किसान तक पहुंचती तब तक आग ने लगभग दो बीघा खेत की गेहूं की फसल को जलाकर राख कर दिया। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गयी। दमकल के पहुंचने से पूर्व ही फसल जल चुकी थी। दमकल ने पहुंचकर आग को ठंडा किया। बिजली की चिंगारी से लगी खेत में आग लगने की सूचना मिलते ही एसडीएम अतुल कुमार भी मौके पर पहुंच गए और आग से हुए नुकसान का जायजा लिया। किसान ने बताया कि आग लगने से करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है। जिस पर एसडीएम ने किसान को आवश्यक सहयोग का भरोसा दिलाया है।

# व्यापारियों पर ज्यादा रेट पर गेहूं खरीद को बाध्य किया तो मंडी होगी बंद

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

**मंडी में** व्यापारियों को एमएसपी दर अथवा उससे अधिक रेट पर गेंहू की खरीद के लिए बाध्य किए जाने के खिलाफ मंडी के व्यापारियों ने विरोध जताया। व्यापारियों ने इसको लेकर एक ज्ञापन मंडी सचिव को सौंपा है। साथ ही इसके खिलाफ 10 अप्रैल दिन बुधवार तक मंडी को पूर्ण रूप से बंद करने का ऐलान किया गया। गल्ला व्यापार कल्याण समिति के तत्वावधान में नवीन गल्ला मंडी के प्राइवेट व्यापारियों की एक बैठक मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष प्रेमदास गुप्ता प्राइवेट व्यापारी अपना व्यापार अपने हिसाब से करते हैं। लेकिन इस पर भी दबाव बनाया जा रहा है। महामंत्री महेंद्र कुमार राठौर ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के लिए एमएसपी रेट खोला गया है। जिस पर सरकारी सरकारी क्रय केंद्र पर खरीद कराए। लेकिन सरकार द्वारा व्यापारियों को चना, मसूर, लाही, गेंहू आदि एमएसपी दर पर खरीद करने के लिये बाध्य किया जा रहा है जो न्याय संगत नहीं है। कोषाध्यक्ष मोहनसिंह कुशवाहा ने कहा कि सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ व्यापारियों की हित की लड़ाई लडी जाएगी। अभी फिलहाल मंगलवार व बुधवार को मंडी बंद रखने का फैसला किया गया है। इसके बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी। इसको लेकर व्यापारियों ने मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार एक ज्ञापन भी सौंपा है। इस मौके पर राजू गुप्ता मानपुरा, श्यामू गुर्जर, गौरव गुर्जर, धर्मेंद्र दीवौलिया, महेंद्र द्विवेदी, संतोष गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, मनोज शिवहरे, उमेश शिवहरे, अनु शिवहरे, अजय कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा, बालाप्रसाद कुशवाहा, चतुरसिंह निरंजन, कमलेश निरंजन, राम मोहन गुप्ता, देवेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

**INFORMATION**

I,Leena Singh D/o Chander Pal Singh R/O Andheri Bagh Loco road Near soni paria school Fatehgarh Farrakhabad . has declared that my name Leena Devi wrongly written in my Father's Hav -2945666N Chander pal Singh's service documents.My correct name is Leena Singh .

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैने अपने पुत्र गगन सिंह व पुत्रवधू सोनाली के गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

**ऋषिकेश पुत्र बच्चन सिंह निवासी ग्राम पिथूपुर मेहंदिया, थाना कमालगंज, फर्रु0**

# निर्वाचन की समस्त गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों की रहेगी नजर

- ईवीएम-वीवीपैट की रिसिविंग हेतु बेहतर रूट प्लान तैयार किया जाए: जिला निर्वाचन अधिकारी
- डीएम और एसपी ने स्ट्रांग रूम समेत मतगणना स्थल का किया निरीक्षण, पोलिंग पार्टी रवानगी की तैयारियों का लिया जायजा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**





**जिला निर्वाचन** अधिकारी/जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मंगलवार को नवीन मंडी समिति परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रुम समेत मतगणना स्थल तथा पोलिंग पार्टी रवानगी की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि निर्वाचन की समस्त गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से नजर रखी जायेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडी समिति परिसर की बाउंड्रीवॉल को सही कराकर कटीले तारों से घेराव किया जाए। कहा कि पार्टी एजेंट के रुकने हेतु ऐसा स्थान चिन्हित किया जाए जहां से वह तीनों विधान सभाओं के स्ट्रांग रूम को प्रत्येक समय आसानी से देख सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पेयजल, वाहन पार्किंग, बैरीकेडिंग, प्रकाश, ट्रैफिक व्यवस्था तथा स्ट्रांग रूम, स्वास्थ्य कैंप, कंट्रोल रूम, मीडिया सेंटर, शौचालय आदि की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित होनी चाहिए। उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए की मंडी परिसर की अच्छी तरह से साफ-सफाई कराएं। अगर किसी प्रकार की कोई कमी हो तो उसको तत्काल ठीक कराया जाये। कहा कि पोलिंग पार्टी रवानगी हेतु व्यवस्थाएं अच्छे से कर ली जाए। ताकि पार्टियों के रवानगी के समय किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होने ईवीएम-वीवीपैट मशीन/मतपेटियों के रखरखाव की व्यवस्थाओं का बारीकी से मुआयना किया। कहा कि ईवीएम-वीवीपैट की रिसिविंग हेतु बेहतर रूट प्लान तैयार किया जाए, ताकि सहजतापूर्वक कार्यो का निष्पदन हो सके। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि मंडी परिसर/मतगणना केंद्र में आवश्यक सुविधा, रूट चार्ट, वैकल्पिक रूट चार्ट, सुरक्षा व्यवस्था, निष्पक्ष चुनाव के रूप में मतों की गणना हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए। कहा कि वाहन प्रवेश और निकासी निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ही किया जाए। फोर्स बल के ठहरने हेतु व्यवस्था पूर्व में सुनिश्चित कर ली जाए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, उप जिला अधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# ईद का त्योहार आपसी सौहार्द एवं भाईचारें के साथ मनायें

- जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने रोजेदारों से की अपील



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर के जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने नगर व क्षेत्र के रोजेदारों सहित क्षेत्रीय जनता से आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ ईद का त्योहार मनाने की अपील करते हुये मुबारकबाद दी है।

रविवार को नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित आवास कार्यालय पर पूर्व सपा विद्यायक जमालुददीन सिददीकी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिददीकी, चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाख हुसैन सिददीकी, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मुश्ताक अहमद भुटटू, युवा समाजसेवी आसिफ जमाल खां पप्पी, बसपा विधानसभा प्रभारी सैयद अहमद उसैब, युवा समाजसेवी अमन हुसैन सिददीकी, एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष इशरत खॉन, सभासद प्रतिनिधि मो. नफीस, सयुस प्रदेश सचिव अमन खॉन ने रोजेदारों से अल्लाह की इबादत करनें व ईद का पर्व शांति व आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना आपको हर तरह की बुराई, ऐब और गलत ख्याल से दूर रहने का हुक्म देता है ये महीना मन की शुद्धि के लिए होता है। रमजान के बारे में फरमाया है कि हमारे बीच कई जरूरतमंद लोग मौजूद हैं। जिनके पास खाद्य सामग्री व तन ढँकने के लिये कपड़ा तक मौजूद नहीं। अगर इस महीने में इंसान अपनी जरूरतों और ख्वाहिशों को कुछ कम कर लें और यही रकम जरूरतमंदों को दें तो यह उनके लिये बेहद अज्र और ऊपर वाले की मेहरबानी का जरिया बनेगा। क्योंकि इस महीने में की गई एक नेकी का फल सत्तर गुना बढ़ाकर अल्लाह की तरफ से मिलता है। ईद त्योहार हम सभी को अच्छाई की राह पर चलनें के लिये प्रेरित करता है।

# सचिन राठी के इलाज में हुई लापरवाही की जांच टीम ने खगाल रिकॉर्ड

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**विगत वर्ष** बिशनगढ़ थाने में तैनात सचिन राठी जो बदमाश की गोली लगने से घायल हुआ था मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मैं एक टीम से 100 सैयद संयुक्त चिकित्सालय में लापरवाही की कराई जांच विगत वर्ष 25 12 23 को मुन्ना यादव की गोली से घायल हुए पुलिस आरक्षी संजय राठी को उपचार के लिए 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां लापरवाही के चलते सचिन राठी को सौसैया संयुक्त चिकित्सालय प्रशासन ने रेफर कर दिया कानपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ दी उक्त घटना की शिकायत मानवाधिकार आयोग में की गई मानवाधिकार आयोग द्वारा संज्ञान में लिए जाने के बाद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जनपद कन्नौज में विभागीय जांच टीम 100- सैया संयुक्त चिकित्सालय में भेजी जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सौसैया संयुक्त चिकित्सालय डॉ विनोद कुमार ने बताया कि सचिन राठी प्रकरण में जांच टीम जिला मुख्यालय से आई है और मामले की जनता से जांच पड़ताल कर रही है जो भी तत्व सामने आएंगे उनके आधार पर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा छिबरामऊ देहात मंडल की आगामी कार्यक्रम हेतु युवा मोर्चा बैठक संपन्न

**छिबरामऊ कन्नौज।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा देहात मंडल की बैठक संपन्न हुई जिसमें युवा मोर्चा जिला मंत्री राहुल पाल सहित जिला के कई पदाधिकारी ने भाग लिया। भारतीय जनता युवा मोर्चा की कार्यक्रम बैठक का आयोजन किया गया भारतीय जनता युवा मोर्चा छिबरामऊ देहात मंडल की आगामी कार्यक्रम हेतु युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंशु पाल जी के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई छिबरामऊ देहात मंडल प्रवासी भाई राहुल पाल ने युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी व्योम शुक्ला भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अर्पित मिश्रा हिमांशु तिवारी कल्लू नायक जितेंद्र पाल उदय दुबे सूरज दुबे नितेश शर्मा शीश मोहन पाल यश पालसिंह पाल सोनू दुबे संदीप नायक सोनू सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क बीज पाकर किसानों के खिल उठे चेहरे

- हसेरन के राजकीय बीज भण्डार पर बांटे गए बीज

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**




किसानों को बीज का किट भेंट करते गोदाम प्रभारी — समृद्धि न्यूज

हसेरन विकास खण्ड कार्यालय में स्थित राजकीय बीज भण्डार पर मंगलवार को किसानों को नि:शुल्क बीजी का वितरण किया गया। इस दौरान करीब आधा सैकड़ा किसानों ने पहुंचकर बीज प्राप्त किया। राजकीय बीज भण्डार के गोदाम प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि पिछले चार दिनों से केन्द्र पर किसानों को नि:शुल्क बीज किट वितरण किया जा रहा है। जिसमें उर्द व मूंग का बीज किसानों को मिल रहा है। उन्होने बताया कि इन बीजों का मार्केट में 150 से 200 तक कीमत है, लेकिन किसानों को केन्द्र पर नि:शुल्क बीज प्राप्त हो रहा है। इस मौके पर करन सिंह यादव, सतीश चन्द्र वर्मा, अतुल कुमार, साहूकार, वीरभान सहित कई किसान मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## शॉर्ट सर्किट होने के कारण ऑटो में लगी आग

**छिबरामऊ कन्नौज।** एक ऑटो छिबरामऊ से सकरावा के लिए सवारी लेकर जा रहा था शॉर्ट सर्किट होने के कारण ऑटो में लगी आग। छिबरामऊ बाईपास से सकरावा के लिए यात्रियों द्वारा ऑटो बुक किया गया सवारी लेकर ऑटो सकरावा के लिए जा रहा था तभी सौरिख रोड स्थित ट्ठ ह्ल द्य के पास अचानक ऑटो में शर्ट सर्किट हो गया जिस ऑटो धू धू कर जलने लगा ऑटो में लगी आग देखकर यात्री उतरकर प्राण बचाकर भागे घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई घटनास्थल पर सौरिख रोड चौकी प्रभारी राजेश रावत पुलिसवाला के साथ घटना स्थल पर पहुंचे यात्री वाचालक सुरक्षित रहे।

## अपराधियों के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 3/5 गुण्डा निवारण अधिनियम पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी

**छिबरामऊ तालग्राम।** कन्नौज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संसार सिंह के मार्ग निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष पारुल चौधरी के कुशल नेतृत्व में05 अपराधियों के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 3/5 गुण्डा निवारण अधिनियम पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी । राहुल पुत्र भूप सिंह उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम तिसौली थाना तालग्राम।विजय पुत्र रूपलाल उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम भुइयन नगला थाना तालग्राम।बादाम सिंह पुत्र रूपलाल उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम भुइयन नगला भगवान सिंह पुत्र रूपलाल उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम भुइयन नगला ।रामकिशोर पुत्र विशेश्वर दयाल उम्र करीब 27 वर्ष नि0 ग्राम भुइयन नगला।

## ईद की रात इबादत की रात: मुफ्ती रिज़वान

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** रमज़ान का पूरा महीना उसके रातो दिन बड़े मुबारक होते हैं। और ईद का चांद निकलने के बाद ईद से पहले की रात भी बड़ी और अहम इबादत की रात हैं।इस रात को लैलतुल जाईजा (इनाम बाली रात) कहा जाता है। और ईद का दिन इनाम मिलने का दिन होता है। अल्लाह अपने बंदों के गुनाहों की माफ़ी का ऐलान फरमाते हैं। ईद की रात की हम सब को बड़ी कदर करनी चाहिए और अल्लाह के सामने इबादत और दुआ में गुजारनी चाहिए और ईद से पहले अगर सदका ए फितर अदा न किया हो तों अदा कर दें। जकात और सदका खैरात अदायगी का ख्याल रखें और ईद बाले दिन सुबह की नमाज़ अपने मोहल्ले की मस्जिद में अदा करें। सुबह जल्दी जागे ईद की नमाज़ से पहले कोई नफिल नमाज न पढ़ें। नहाने के बाद अच्छे कपड़े पहने नय कपड़े न होना कोई जरूरी नहीं है खुश्बू लगाएं और नमाज पढ़ने के लिए वक्त से पहले पहुंच जाये खजूर या कोई मीठी चीज खाकर जाएं और रास्ते में हल्की आवाज में तकबीर ए तशरीक ( अल्लाहु अकबर अल्लाहु अकबर ला इला ह इल्लल्लाहु वल्लाहु अकबर अल्लाहु अकबर व लिलाहिल हम्द ) पढ़ते हुए जाएं एक रास्ते से जाएं और वापसी में दूसरे रास्ते से आए।

## गैंगस्टर के घर पर की गई धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जनपद न्यायालय में चले रहे गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें में काफी समय से फरार चल रहे अभियुक्त के घर पर कोतवाली पुलिस द्वारा धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई करते हुये नोटिस चस्पा की गई है। थाना कोतवाली कन्नौज पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 853/23, धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट मे वांछित चल रहे अभियुक्त सुल्तान मोगिया पुत्र धीरज सिह मोगिया निवासी ग्राम सित्रवासा चक थाना कैंट जनपद गुना मध्य प्रदेश के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी दिनांक 04.01.24 को न्यायालय से निर्गत करायी गयी थी। जिसमें कोतवाली पुलिस द्वारा मंगलवार को अभियुक्त के घर पर धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई करते हुये उसके घर पर नोटिस चस्पा करायी गयी है।

# कलश यात्रा के दौरान करंट की चपेट में आने से 10 श्रद्धालु झुलसे

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**कोतवाली क्षेत्र** के बरकां गांव राजा से शुरू हुई कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के झण्डे ईशन नदी के धोबीघाट पुल के पास निकली एचटी लाइन से छू गए। झण्डो में करंट उतर आने से 10 श्रद्धालु गंभीर रूप से झुलस गए। हादसा होते ही हड़कम्प मच गया। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस व एम्बुलेंस को दी गई। सूचना पाते ही सीओ तिर्वा एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। घायल श्रद्धालुओं को लाकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर बरका गांव राजा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मंगलवार से शुरू होना था। जिसको लेकर प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली जा रही थी। यह कलश यात्रा गांव से शुरू होकर धोबीघाट पुल ईशन नदी तक आनी थी। दोपहर तीन बजे के करीब कलश यात्रा धोबीघाट पुल पर पहुंची। यहां सभी श्रद्धालु नदी से जल भरकर वापस जाने लगे। इसी दौरान यात्रा में झण्डा लेकर आगे चल रहे कुलदीप का झण्डा एचटी लाइन से छू गया। जिससे करंट दौड़ गया। करंट की चपेट में आने से कुलदीप (27) पुत्र महेश झुलसने लगा। उसको बचाने के प्रयास में लोग दौड़, तो प्रीती (20) पुत्री ग्रीश चन्द्र, उपासना (20) पुत्री रामसेवक, सलोनी (18) पुत्री शेर सिंह, गौरी (16) पुत्री रामकुमार, काजल (16) पुत्री रामनरेश, जानकी (17) पुत्री राजेन्द्र, लाली (10) पुत्री महेश, वीना (12) पुत्री ग्रीश, जान्हवी (10) पुत्री ग्रीश भी करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सीओ तिर्वा डॉ.प्रियंका बाजपेई ने सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उनका उपचार चल रहा है।

# चैत्र नवरात्रि पर नगरवासियों को फलाहार वितरित

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**




**पीपल** चौराहा छिबरामऊ स्थित छोटेलाल राजीव कुमार सर्राफ शॉप पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा हिन्दू नव वर्ष विक्रम सम्वत 2081 व चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर नगरवासियों को फलाहार वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से निम्न सम्मानित जन उपस्थित रहे। चैत्र नवरात्रि में जहां पूरे नगर में देवी मंदिर बड़ी श्रद्धा भक्ति से सज रहे हैं वहीं नगर के सिद्ध पीठ गामदेवी में भी शुरू हो गया रामा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री मिटाया की चैत्र नवरात्रि से ही सनातन धर्म का नव वर्ष शुभारंभ हो जाता है आज के ही दिन ब्रह्मा जी ने ट्रस्ट की रचना की थी नवरात्रि का जो प्रथम दिन होता है वही नंबर्स का राजा होता है इस प्रकार की नव वर्ष का राजा मंगल ही महानती का प्रारंभ दशमी बृहस्पतिवार को 18 अप्रैल को किया जाएगा शक्तिपीठ के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने बताया कि सख्त पीठ गमा देवी में माता जी का प्रसाद पाकर अपना जीवन धन करें नवरात्रि के पूर्व बड़ी सादड़ी बात से प्रतिल दुबे संजय सैनी सौरभ वर्मा पीयूष वर्मा लखन ठाकुर सत्यनारायण वर्मा मुन्नालाल गुप्ता गोलु दुबे बड़ी श्रद्धा भक्ति से माताजी की सेवा में लगे हैं आज नवरात्रि का पहला दिन है मंदिरों में जनसेवा उभरा हुआ है।

## अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी

**छिबरामऊ कन्नौज।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024, ईद व नवरात्रि के त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनंद, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ द्वारा भारी पुलिस बल के साथ थाना सौरिख क्षेत्र में नादेमऊ चौराहा, सकरावा तिराहा, मुख्य बाजार, खड़नी रोड व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल भ्रमण किया गया । सभ्रांत नागरिकों से अपील है कि बच्चों एवं नवयुवकों को जागरुक करें कि किसी भी तरह की भ्रामक खबर शेयर न करें जिससे किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुँचे । कन्नौज पुलिस द्वारा लगातार सतत निगरानी की जा रही है । जनपद की सोशल मीडिया पुलिस टीम द्वारा लगातार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब आदि ) पर 24*7 घंटे सतर्क निगरानी रखी जा रही है । किसी भी मैसेज / ऑडियो / वीडियो को उसकी बिना प्रमाणिकता जाने फारवर्ड / शेयर न करें । अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर निकाली विशाल यात्रा



**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

- 108 महिलाएं कलश यात्रा में हुई शामिल
- प्लाजा मार्केट परिसर में बुधवार से शुरू होगी श्रीमद् भागवत कथा
- वृंदावन से पधारे आचार्य श्री रामसखा जू महाराज सुनाएंगे कथा

**नवदुर्गा** सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित 21वें दुर्गा महोत्सव में मंगलवार को विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा प्लाजा मार्केट से शुरू होकर बाबा दौलेश्वर धाम होते हुए मां अन्नपूर्णा परिसर में पहुंची। यहां से वापस प्लाजा मार्केट आकर यात्रा का समापन हुआ।

नवदुर्गा सेवा समिति के अध्यक्ष विमलेन्द्र सिंह बघेल व महासविच प्रभात कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिबर्ष की भांति इस बर्ष भी प्लाजा मार्केट में दुर्गा महोत्सव का आयोजन बड़ी ही धूमधाम के साथ किया जा रहा है। जिसमें बुधवार को वृंदावन से आए आचार्य श्री रामसखा जू महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। इससे पहले मंगलवार को 108 महिलाओं ने कलशों को अपने सिर पर रखकर कस्बे में यात्रा निकाली। यह यात्रा बाबा दौलेश्वर धाम होते हुए मां अन्नपूर्णा परिसर में पहुंची। यहां पूजन अर्चन के बाद यात्रा वापस कथास्थल पर पहुंची। यहां विधि-विधान के साथ कलश की स्थापना की गई। इस मौके पर समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# गुनाहों से माफी के लिए, जेल में बंदियों ने रखा व्रत

- 129 बंदियो ने नवरात्र का व्रत रखा तो वही, 42 मुस्लिम रखें है रोजा

**जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़**

**अनौगी स्थित** जिला कारागार कन्नौज में महिला व पुरुष बंदियो ने चैत्र नवरात्र का व्रत रख सलामती की दुआ की। तो वही मुस्लिम रोजा रखें हुए है। जिला कारागार के जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि मौजूदा समय में 562 पुरुष व महिला बंदी है। जिसमें प्रथम नवरात्रि पर कारागार में 122 पुरुष, 7 महिला कुल 129 बन्दियों ने व्रत रखा। तो वही 36 पुरुष, 06 महिला कुल 42 मुस्लिम बंदी रोजा रखे है। नवरात्र के पहले दिन व्रत रखकर देवी मां की पूजा अर्चना की। इनमें से कई बंदी ऐसे हैं जिन्होंने पूरे नौ दिन का व्रत रखा है। व्रत रखने वाले अन्य बंदी सिर्फचढ़ी और उतरती ही व्रत रहते हैं। जेल के अंदर व्रत रखने वालों में पुरुषों के साथ महिलाएं बंदी भी शामिल हैं। इन बंदियों की आस्था को देखते हुए जेल में पूजा पाठ के लिए अलग से प्रबंध किए गए हैं। अधीक्षक ने बताया कि कारागार नियमावली के अनुसार व्रती बन्दियों पूजा सामग्री सहित फलाहार आदि व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जा रही है। जेल में सजा काट रहे बंदी नवरात्र का व्रत और रोजा रखकर गुनाहों माफी मांग रहे हैं। ऐसे बंदियों की तादात जेल में एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों की संख्या में है। अपने धर्म के प्रति इनमें अटूट आस्था को देखते हुए जेल प्रशासन उनके खाने का अलग से बंदोबस्त कर रहा है। व्रत रखने वाले बंदी सुबह शाम पूजा करते हैं। इस तरह कारागार का माहौल इन दिनों पूरी तरह से धार्मिक हो चला है। बात करें पूजा पाठ की तो जगह नहीं आस्था और विश्वास मायने रखता है। कारागार में बंद सैकड़ों बंदी इस बात के पुख्ता उदाहरण हैं। अपने किए की सजा जेल में काट रहे सैकड़ों बंदी नवरात्र व्रत के जरिए मां भगवती से गुनाहों की माफी मांग रहे है।

# वेबकास्टिंग का सिस्टम बेहतर होना चाहिये

- वेबकास्टिंग हेतु चयनित मतदेय स्थलों पर विद्युत आपूर्ति की सुविधा निर्वाध रूप से होनी चाहिए, इण्टरनेट की कनेक्टिीविटी बहुत महत्वपूर्ण है
- बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेबकास्टिंग हेतु लगभग 850 मतदेय स्थलों को चिन्हित किये जाने के दिये निर्देश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**मंगलवार को** कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में मतदेय स्थलों पर वेबकासि्टग कराये जाने के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता मे बैठक हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद के मतदेय स्थल पर क्या-क्या हो रहा है, वेबकासि्ंटग सिस्टम से टीवी स्क्रीन के माध्यम से पूरी जानकारी ली जा सकेगी। वेबकासि्ंटग का सिस्टम बेहतर होना चाहिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि वेबकासि्ंटग हेतु चयनित मतदेय स्थलों पर विद्युत आपूर्ति की सुविधा निर्वाध रूप से हो तथा विद्युत प्लग, साकेट आदि सभी व्यवस्थायें समुचित रूप से होना चाहिए। उन्होने कहा कि वेबकासि्ंटग हेतु इण्टरनेट की कनेक्टिीविटी बहुत महत्वपूर्ण है इसलिये इंटरनेट की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। कहा कि कार्यदायी संस्था द्वारा टीवी की व्यवस्था तथा हेल्पडेस्क की स्थापना की जायेगी। उन्होनें कहा कि कार्यदायी संस्था वेबकासि्ंटग की सम्पूर्ण रिकार्डिंग उपलब्ध करायेगी। वेबकासि्ंटग की मानीटरिंग हेतु कन्ट्रोल रूम बनाया जाये। उन्होनें संबंधित को निर्देशित किया कि जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ समन्वय स्थापित करते हुये विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरो की जांच करें, सभी कैमरे संचालित अवस्था में होने चाहिये। उन्होनें निर्देश दिये कि वेबकासि्ंटग हेतु कम से कम 850 मतदेय स्थलों को चिन्हित करें और सभी में विद्युत, पावर, साकेट, इण्टरनेट की व्यवस्था शत-प्रतिशत होना चाहिए। बैठक मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष कुमार सिह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बिनीत कटियार आदि संबंधित उपस्थित रहे।

# मतदान कार्मिकों ने ईवीएम से मतदान कराने का लिया प्रशिक्षण, आठ रहे अनुपस्थित


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद मतदान कार्मिक — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**फतेहगढ़ के** नेकपुर चौरासी स्थित सेंट एंथोनी स्कूल में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन आठ मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। कार्मिकों ने प्रशिक्षण में ईवीएम से मतदान कराने का प्रशिक्षण लिया।

जानकारी के अनुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन के लिए चल रहे दो पालियों में पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम कार्मिक कोड संख्या 1201 से 1800 एवं द्वितीय पाली में कोड संख्या 1801 से 2400 तक को प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को ईवीएम व वीवी पैट की मदद से मतदान कराने का हुनर सिखाया गया। मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा ने भी मतदान कर्मियों को जानकारी दी। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों से कहा कि मतदान कार्मिकों को गहनता से चुनाव का प्रशिक्षण दें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। दूसरे दिन के प्रशिक्षण में 8 कार्मिक अनुपस्थित रहे।

### अनुपस्थित मतदान कार्मिक अगले प्रशिक्षण में अवश्य ले लें प्रशिक्षण, अन्यथा होगी एफआईआर

**फर्रुखाबाद।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह ने मतदान कार्मिकों के प्रथम प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे कार्मिकों सूरज सहाय सक्सेना मण्डी निरीक्षक कमालगंज, रामदास वरिष्ठ सहायक दि ओरियन्टल इन्शोरेंस क0लि0 फतेहगढ़, नबाव सिंह सहायक अध्यापक खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कमालगंज, रामवीर सिंह सहायक अध्यापक मेजर शिवदयाल सिंह इण्टर कालेज मोहम्मदाबाद, सतेन्द्र कुमार नलकूप चालक, नलकूप खण्ड फतेहगढ़, चन्द्रभान सहायक अध्यापक खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नबावगंज, रामऔतार सहायक अध्यापक खण्ड शिक्षा अधिकारी शमसाबाद, जोगेन्द्र कुमार सहायक अध्यापक खण्ड शिक्षा अधिकारी कमालगंज व अजय राज सिंह तथा आलोक कुमार सहायक अध्यापक खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मोहम्मदाबाद को निर्देश दिये हैं कि आगामी मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण जो दिनांक 09, 10 एवं 13 अप्रैल 2024 को भी होंगे। प्रथम मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में अनुपस्थित सभी मतदान कार्मिक जिला विकास अधिकारी से तत्काल सम्पर्क करके अगले प्रशिक्षण दिवसों में अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें अन्यथा उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर वैद्यानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# विधायक के घर के बाहर दबंगों ने ठेली दुकानदार को बेल्टों से पीटा

- बचाने गये गनर के साथ भी की धक्का-मुक्की

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**विधायक के** घर के सामने फास्ट फूड की ठेली लगाये युवक को दुकान पर बैठकर शराब पीने से मना करने पर जमकर बेल्टों से पीट दिया। बीच-बचाव करने गये विधायक के सरकारी गनर के साथ शराबियों नें धक्का-मुक्की कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार आवास विकास में अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य का आवास है। उनके आवास के सामने आवास विकास निवासी राकेश कुमार पाल फास्ट फूड आदि की ठेली लगाता है। राकेश का कहना है कि दो युवक नशे में आये और


पुलिस हिरासत में शराबी युवक

उसकी दुकान पर बैठकर शराब पीने की तैयारी करने लगे। जिस पर राकेश ने यह कहकर मना किया कि सामने विधायक का आवास है लिहाजा यहाँ शराब मत पियो। इतना कहते ही दोनों आरोपी उसके ऊपर हमलावर हो गये। ठेली दुकानदार से मारपीट होती देख विधायक के सरकारी गनर उसे बचाने आ गये। वह बीच बचाव करने लगे। शराब के नशे में धुत दोनों युवकों ने गनर के साथ भी धक्का मुक्की कर दी। घटना की सूचना आवास विकास चौकी इंचार्ज दीपक कुमार को दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को पकड़कर थाने ले गयी। जहां भी आरोपी हंगामा करने लगे। पुलिस कर्मियों नें उन्हें नीचे बैठने के लिए कहा, लेकिन वह नोकझोंक करने लगे। बाद में पुलिस ने मामले को शांत कराया। दोनों का मेडिकल कराया गया। आवास विकास चौकी इंचार्ज दीपक कुमार नें बताया कि तहरीर ठेली दुकानदार ने दी है, लेकिन जाँच की जा है। वहीं दोनों युवक भीमसेन मार्केट के निवासी बताये गये हैं। जिसमें एक आरोपी का कहना है कि वह सेना में है, जबकि दूसरा बिजली विभाग में कार्यरत है।

## खबरें चलते-चलते

### खंड शिक्षाधिकारी को विद्यालय चकाचक, लेकिन शिक्षा व्यवस्था मिली चौपट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खंड शिक्षा अधिकारी ने सत्र शुरू होते ही विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनको विद्यालय तो दुरुस्त मिले, लेकिन शिक्षा व्यवस्था चौपट मिली। जिस पर खंड शिक्षाधिकारी ने शिक्षकों को फटकार लगायी। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के विद्यालयों का खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने मंगलवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षा व्यवस्था चौपट मिली। कंपोजिट विद्यालय हथौड़ा तथा प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर परौली का निरीक्षण किया। जिसमें विद्यालय बाहर से चकाचक मिले, लेकिन शिक्षा व्यवस्था बेपटरी मिली। जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को फटकार लगायी। छात्र-छात्राएं पूछे गए सवालों का उत्तर नहीं दे सके। वही प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नाम भी छात्र नहीं बता सके। इस पर खंड शिक्षाधिकारी ने शिक्षकों से कहा कि क्या आप लोग बच्चों को पढ़ाते हैं। उन्हें मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम तक नहीं मालूम। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाया जया। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ सरकार निपुण भारत लक्ष्य के तहत काम कर रही है, वहीं दूसरी तरफ शिक्षक जो अपनी मनमानी पर उतारू है। वहीं प्राथमिक विद्यालय जिराऊ में पहुंचे, तो शौचालय संतोषजनक नहीं मिले और रैंप भी टूटे हुए पाए गए। प्रकाश व्यवस्था भी सही नहीं पाई गई। जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने वहां के जिम्मेदारों को जल्द से जल्द विद्यालय के शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा रैंप आज ही सही करने के निर्देश दिये। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वह जल्द से जल्द क्षेत्र के विद्यालय में निरीक्षण कर मेहनत करके शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने का कार्य करेंगे और छात्र-छात्राओं का भविष्य बनाने के लिए वह शिक्षकों पर अधिक से अधिक जोर देकर काम करने का प्रयास करेंगे।

### आग से बच्ची जली, सीएचसी में भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर अगु निवासी अतुल की 4 वर्षीय पुत्री रक्षा घर मे जल गयी। परिजन उसे अस्पताल लाये। जहां उसका उपचार जारी है।

### युवती समेत तीन ने पिया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी अनिल की 17 वर्षीय पुत्री शिखा ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत मे परिजन अस्पताल लाये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं नगर से सटे गांव दत्तू नगला निवासी राखी (25) व नगर से सटे गांव ईदगाह निवासी वीरपाल ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत मे दोनों के परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### वृद्धा की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला जटवारा निवासी शहनाज (55) की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की सूचना मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया।

### मार्ग दुर्घटना में चार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला बगिया निवासी मूलचंद्र (68) व नूरपुर गढ़िया निवासी विजेंद्र (60) मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। दोनों घायलों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं थाना अमृतपुर के गांव दादीपुर निवासी हर्षवर्धन (38) व जनपद कासगंज के थाना पटियाली के गांव रुदायन निवासी मार्गश्री (32) दोनों गायों के हमले से घायल हो गए। दोनों को लोगों ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# शातिर चोर जेवरात व तमंचा सहित गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अपराध एवं** अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जहानगंज पुलिस ने मंगलवार को अभियुक्त मोहम्मद अली पुत्र मुन्ने खां निवासी वार्ड नं0 10 बंजारा मोहल्ला सखानू कोतवाली अलापुर जनपद बदायूं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दिनांक 28.03.2024 को वादिया देवकी पत्नी अतीस निवासिनी इचरिया (खड़िनी) थाना सौरिख जनपद कन्नौज की तहरीर पर मु0अ0सं0 49/24 धारा 379, 420 भादवि पंजीकृत हुआ था। थाना जहानगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मोहम्मद अली पुत्र मुन्ने खां निवासी वार्ड नं0 10 बंजारा मोहल्ला सखानू कोतवाली अलापुर जनपद बदायूं को दरियावगंज चौराहे से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 जोड़ी पाजेब सफेद धातु, 01 अदद अंगूठी पीली धातु, 01 अदद



पुलिस हिरासत में आरोपी — समृद्धि न्यूज

मोबाइल सैमसंग (कीपैड), 1500 रुपये नगद, 01 अदद तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किये है। माल बरामदगी के आधार पर धारा 411 भादवि0 की बढ़ोतरी की गयी तथा बरामद तमंचा व कारतूस के आधार धारा-3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। अभियुक्त ने उपरोक्त जुर्म कबूल किया है। अभियुक्त मोहम्मद अली पुत्र मुन्ने खां का अपराधिक इतिहास 1. मु0अ0सं0 242/2013 धारा 394/302/120बी व 34 भादवि थाना अलीगंज जनपद एटा, 2. मु0अ0सं0 314/2013 धारा 307 भादवि कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ़, 3. मु0अ0सं0 315/2013 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ़, 4. मु0अ0सं0 317/2013 धारा 21/22 एनडीपीएस एक्ट कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ़, 5. मु0अ0सं0 316/2018 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट थाना सिविल लाईन जनपद बदायूं, 6. मु0अ0सं0 74/2019 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट थाना सिविल लाईन जनपद बदायूं, 7. मु0अ0सं0 158/19 धारा 60(2) एक्साइज एक्ट 272/273 भादवि थाना अलापुर जनपद बदायूं, 8. मु0अ0सं0 66/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अलापुर जनपद बदायूं, 9. मु0अ0सं0 49/24 धारा 379/420/411 भादवि 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जहानगंज जनपद फतेहगढ़, 10. मु0अ0सं0 47/24 धारा 379/411 भादवि कोतवाली फर्रुखाबाद जनपद फतेहगढ़ पर पंजीकृत है।

# धूं-धूं कर जली कलेक्ट्रेट के बाहर बंच केबिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


जलती बंच केबिल — समृद्धि न्यूज

**कलेक्ट्रेट के** बाहर दोपहर में अचानक बंच केबिल धूं-धूं कर जलने लगी। आनन-फानन में कलेक्ट्रेट कर्मचारियों ने घटना की सूचना विद्युत विभाग को दी। तब कहीं जाकर लाइट बंद की गयी और केबिल को सही किया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य गेट के बाहर बंच केबिल अधिक लोड के चलते धूं-धूं कर जलने लगी। जिसकी लोगों ने कलेक्ट्रेट कर्मचारियों को दी। कलेक्ट्रेट कर्मचारियों ने विद्युत विभाग को सूचना देकर सप्लाई बंद करायी। सूचना पर पहुंचे विद्युत कर्मचारियों ने केबिल को ठीक किया। इस घटना से कुछ देर के लिए आवागमन प्रभावित हो गया। कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों का कहना था कि गर्मियों में लोड बढ़ जाता है। पुरानी बंच केबिल होने के कारण लोड उठा नहीं सकी और गर्म होकर धूं-धूं कर जलने लगी। लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही एक बार फिर सामने आयी है।

# कैमिस्ट वेलफेयर सोसायटी ने बालिका विद्यालय में लगवाया फ्रीजर



बच्चों को फ्रीजर का पानी पिलातीं विधायक सुरभि

- विधायक सुरभि ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**समाज में** अपने धर्मार्थ कार्यों के लिए प्रसिद्ध कैमिस्ट वेलफेयर सोसायटी ने बालिका विद्यालय में शीतल जल हेतु फ्रीजर लगवाकर पुण्य का कार्य किया है। फ्रीजर कक्ष का क्षेत्रीय विधायिका सुरभि गंगवार ने फीता कटकर लोकार्पण किया। जानकारी के अनुसार कैमिस्ट वेलफेयर सोसायटी कायमगंज ने सोमवार को पटवन गली स्थिति उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए पीने हेतु शीतल जल का प्रबंध कराया। इसका लोकार्पण क्षेत्रीय विधायिका डॉ0 सुरभि गंगवार ने किया। इस दौरान मौजूद छात्राओं को फल भी वितरित किए गए। इससे पूर्व भी कैमिस्ट वेलफेयर सोसायटी ने फर्रुखाबाद स्थिति वृद्धाश्रम में भी शीतल जल हेतु फ्रीजर लगवाया जा चुका है। इसके लगवा कुछ दिन पूर्व ही सोसायटी द्वारा सोरो के कछला घाट पर कुष्ठ रोगियों के लिए 6 कमरों का एक रमणीक आश्रम का भी निर्माण कराया गया है। इस दौरान मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय रस्तोगी, विवेक अग्रवाल, मनोज जौहरी, सुमित गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि शिल्पी गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।

# बुलैरो की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पिता-पुत्री घायल


मृतका का फाइल फोटो


पीएम हाउस में बैठे मृतका के परिजन — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बुलैरो की** टक्कर से बाइक सवार दंपति तथा बच्ची घायल हो गये। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सरस्वती 24 वर्ष अपनी पुत्री आयुषी के साथ अपने मायके गदनपुर चौकिया थाना जहानगंज अपने पिता रघुनाथ सिंह के यहां से अपनी ससुराल जसमापुर थाना नवाबगंज बाइक से पति पुष्पेंद्र राजपूत के साथ जा रही थी। ताजपुर के पास तेजी से आ रही बुलैरो से बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी। जिससे दंपति व बच्ची घायल हो गये। घटना की सूचना 108 एंबूलेंस को दी गयी। सूचना पर पहुंची एंबूलें घायलों को लेकर सीएचसी पहुंची। जहां चिकित्सक ने सरस्वती को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका की शादी 5 वर्ष पूर्व पुष्पेंद्र के साथ हुई थी। पति खेती किसानी का कार्य करता है। मृतका के तीन बच्चे सोनाक्षी, पूर्वी व आयुषी हैं। वहीं घटना के बाद से मां माया देवी तथा भाई जगराम, विनोद, अवनीश, अनीता आदि का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नवदुर्गा के प्रथम दिन देवी मंदिरों में मां शैलपुत्री का हुआ पूजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


गुरगांव देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

**चैत्र नवदुर्गा** के प्रथम दिवस नगर के शक्तिपीठों व देवी मंदिरों में भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर दुर्गा देवी के प्रथम रुप शैलपुत्री का पूजन किया। इसके साथ ही चैत्र नवदुर्गा अनुष्ठान शुरु हो गया। लोगों ने उपवास रखकर मां की उपासना की। कुछ लोगों ने प्रतिप्रदा का ही उपवास रखा तो तमाम भक्तों ने नौ दिन तक उपवास रखकर मां की साधना करने का अनुष्ठान शुरु किया। घरों में देवी की स्थापना की गई। हवन यज्ञ हुए कुल मिलाकर कहा जाये तो सारा शहर नव दुर्गा के प्रथम दिन देवीमय दिखायी दिया।

नव दुर्गा के प्रथम दिन देवी शैलपुत्री की पूजा का विधान है। कहते है कि आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना शुरु की थी। नव दुर्गाओं में यह प्रथम देवी है इनका वाहन वृषभ है, उनके दाहिने हाथ में त्रशूल सुशोभित है। यह रोगों का विनाश करती और सभी मनोकनाओं को पूर्ण करती है। पूजन करने के लिए देवी मंदिरों पर सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा। पल्ला मठिया, गुरगांव देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, काली देवी मंदिर मऊदरवाजा, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णोदेवी मंदिर, फतेहगढ़ के कालीबाड़ी मंदिर, सैन्य क्षेत्र में स्थापित शक्तिपीठ मंदिर सहित शहर व देहात क्षेत्र में छोटे-बड़े सभी मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने माथा टेंका। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किये। मंदिर के आसपास पुलिस बल तैनाम रहा। नगर पालिका की ओर से मंदिरों के आसपास सफाई कार्य कराया गया। लोगों ने घरों पर कलश स्थापित करके हवन यज्ञ में अनुष्ठान की प्रथम आहूति मां शैलपुत्री के नाम पर प्रदान करके नव दुर्गा अनुष्ठान का श्रद्धापूर्वक शुभारम्भ किया।

**जांच पड़ताल**

### वन विभाग के अधिकारियों के आदेश पर वन दरोगा ने की जांच पड़ताल

# लकड़ी माफिया बेलगाम, दो जगह से उजाड़ दिए दो दर्जन से अधिक आम के वृक्ष

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शमशाबाद क्षेत्र** में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं, क्योंकि पुलिस तथा वनाधिकारियों की लापरवाही के चलते रात की बजाय दिन के उजाले में ही हरे भरे आम के वृक्ष उजाड़े जा रहे हैं। बताते हैं इस क्षेत्र में एक लंबे समय से लकड़ी माफिया हावी हैं और कहीं ना कहीं इस तरह की घटनाओं को अंजाम देकर अपनी उपस्थिति का संदेश दे रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है लकड़ी माफियाओं पर ना तो पुलिस विभाग का कोई अंकुश है ना ही वनाधिकारियों का। यही कारण है लकड़ी माफिया कहीं ना कहीं किसी न किसी क्षेत्र में हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ों को कटवाकर जहां एक ओर लाखों रुपए हर महीने कमाई कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर धरती के आभूषण को भी उजाड़ रहे हैं। ताजा मामला विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम बरझाला का है। जहां क्षेत्र के ही एक लकड़ी माफिया लालू द्वारा


काटे जा रहे आम के हरे वृक्ष — समृद्धि न्यूज

दिनदहाड़े 14 हरे भरे फलदार मोटे आम के वृक्षों को कटवा दिया गया, जबकि 6 अन्य वृक्षों पर भी आरा चलवा दिया गया। बताते हैं जिस वक्त लकड़ी माफिया द्वारा दिनदहाड़े हरे भरे फलदार वृक्षों पर आरा चलवाया जा रहा था। उसी दौरान ग्रामीणों ने वन अधिकारी राजेश कुमार को सूचना दी। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक लकड़ी माफिया औजार छोड़कर मौके से फरार हो चुके थे। ग्रामीणों द्वारा सूचना क्षेत्रीय वन अधिकारी राजेश कुमार को दी गई। वहीं वन्य अधिकारी राजेश कुमार की सूचना पर वन दरोगा जहीर खां मौके पर पहुंचे तथा जांच पड़ताल की। बताते हैं यहाँ 14 आम की जड़ों तथा आधा दर्जन अन्य वृक्षों की जड़ों का आंकलन किया गया। बताते हैं वनाधिकारियों ने लकड़ी माफियाओं के खिलाफ बड़े जुर्माने की कार्रवाई के संकेत दिए। जिससे लकड़ी माफियाओं में दहशत का माहौल देखा गया। उक्त वृक्ष लकड़ी माफिया मुन्नालाल द्वारा कटवाये गये। सूत्रों की मानें तो कुछ आरा मशीन संचालक जो वन विभाग की कार्रवाई से बचने के लिए माफियाओं द्वारा उपलब्ध करायी गयी लकड़ी जिसे आरा मशीनों पर डलवाकर गुप्त स्थान पर डलवाया जा रहा। वहीं देर सबेर मौका पाकर रात्रि के अंधेरे में ठिकाने भी लगाया जा रहा है।

# ध्वजारोहण व प्रणाम के साथ आरएसएस ने मनाया नव संवत्सर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय नव** वर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित प्रतिपदा उत्सव राष्ट्रीय गीत धोष वादन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ0 केशव राम हेडगेवार एवं गुरु के चित्र पर पुष्पांजलि, ध्वजारोहण ध्वज प्रणाम के साथ हुआ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में त्याग साधना सेवा संस्था समाजिक संगठन एवं संस्था पर्यावरण संरक्षण राष्ट्रभक्ति की भावना के मूल मंत्र को नगर गांव के मंडल स्तर तक कार्य करने की योजना आने वाली शताब्दी वर्ष में कार्य योजना प्रस्तुति की। भारतीय नव वर्ष की ऐतिहासिक महत्व पर सनातन एवं वैज्ञानिक तत्वों पर एवं महापुरुषों के इतिहास को पर्वो के महत्वपूर्ण तत्वों पर विचार व्यक्त किए। नगर में नगर वासियों द्वारा अभिनंदन भावी पीढ़ी को अपनी संस्कृति की जानकारी दी। संघ की स्वयंसेवकों ने घर-घर पहुंचने का संकल्प लिया। सरस्वती शिशु मंदिर/विद्या मंदिर सेनापति के छात्रों ने आचार्यों के साथ नगर के मुख्य मार्गों पर चौक, घुमना बाजार, रेलवे रोड, पक्का पुल चौराहे पर रोली चावल चंदन से तिलक लगाकर पशुओं के साथ नागरिकों का अभिनंदन किया। पूरा नगर भारतीय नव वर्ष उत्सव के रूप में शुरू हो गया। सभी की मंगल कामनाएं शक्ति उपासना एवं मिष्ठान वितरण के साथ शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष पवन कटियार, संघचालक सुशील, प्रमुख वक्ता संजीव, प्रांत से प्रचार प्रमुख विजय अवस्थी, विभाग कार्यवाहक राजेश, विभाग शिवम, ग्राम विकास रामगोपाल, गौ सेवा प्रमुख राज किशोर, सह सेवा प्रमुख दीपक, शहर जिला प्रचारक प्रवीण, अनिल जिला व्यवस्था प्रमुख ने नव वर्ष में सहभागिता की हिंदू सनातन नव वर्ष पर भावी पीढ़ी को जानकारी दी।



नव संवत्सर पर प्रार्थना सभा में भाग लेते आरएसएस के लोग — समृद्धि न्यूज

# एसएस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया नव संवत्सर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**शनिवार को** एसएस पब्लिक स्कूल नारायणपुर में नव संवत्सर धूमधाम से मनाया गया। नारायणपुर स्थित नूतन विक्रम संवत् 2081 के आगमन को लेकर विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर नव संवत्सर का आगाज किया। मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र अवस्थी ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बच्चों को नव संवत्सर की जानकारी दी। मैनेजर अनुपम अवस्थी एवं प्रधानाचार्य देवेश नारायण अवस्थी, डायरेक्टर जतिन नारायण अवस्थी ने बच्चों को तिलक लगाकर नूतन वर्ष की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर कोआर्डिनेटर राहुल मिश्रा, राजेश तिवारी, प्रतिभा सिंह, प्रिया सक्सेना, आयुषी राठौर, सोनू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



नव संवत्सर पर उत्साह मनाते बच्चे — समृद्धि न्यूज

# नव संवत्सर पर संस्कार भारती द्वारा सूर्य की पहली किरण को अर्घ्य देकर की गई मंगल कामना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कला एवं** साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती ने नव संवत्सर भारतीय नववर्ष के प्रथम दिन सूर्य उपासना के साथ उगते सूर्य की पहली किरण को अर्घ्य देकर राष्ट्र के लिए मंगलकामना की। मंगलवार को प्रातः काल संस्कार भारती के पदाधिकारी पांचाल घाट गंगा तट स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम के पास एकत्र हुए गंगा स्नान के बाद श्रीराम विविध कला केन्द्र के संस्थापक विजय दुबे उर्फ मटर लाल ने सभी का केसर चंदन से तिलक लगाकर अभिनंदन किया। इसके बाद सृष्टि के देवता सूर्य की उपासना कर पहली किरण को अर्घ्य देकर सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः के साथ राष्ट्र के मंगल की कामना की गई। दुर्वासा ऋषि आश्रम के महन्त ईश्वर दास ब्रह्मचारी ने कहा कि हमारे देश की सनातन संस्कृति बहुत पुरानी है, रामभक्त महाकवि तुलसीदास ने अखण्ड भारत की यात्रा के बाद ही अमूल्य ग्रंथों की रचना की। जनवरी अंग्रेजी नववर्ष है। भारतीय नववर्ष जो से प्रारंभ हुआ है। मटर लाल दुबे, सुरेंद्र पाण्डेय, डा0 नवनीत गुप्ता, दिलीप कश्यप, अखिलेश पाण्डेय, विमलेश मिश्रा, रविन्द्र भदौरिया, रोहित दीक्षित, राम मोहन शुक्ल, नयन पाण्डेय, प्रवेश वर्मा, डा0 ज्योति गुप्ता, प्रशांत कुमार मिश्रा, आदित्य दीक्षित, महेन्द्र गुप्ता, अरुणा गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



गंगा के तट पर सूर्य को अर्घ्य देते संस्कार भारती के लोग

# सरस्वती शिशु मंदिर में भइया बहनों को तिलक लगाकर मनाया गया नूतन वर्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सरस्वती शिशु** मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सेनापति में नव संवत्सर पर दीप प्रज्वलित कर भइया बहनों को तिलक लगाकर नूतन वर्ष की शुभकामनायें दी गई। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। विद्यालय में नीम की पत्ती व गुड का प्रसाद वितरित किया गया। प्रधानाचार्य ने सभी भइया बहनों को विभिन्न प्रकार की बोध कथाओं के माध्यम से जानकारी दी और नूतन वर्ष हेतु सुख समृद्धि उत्सव साधना शक्ति और ऊर्जा संरक्षण के पावन पर्व पर बधाई दी। नव संवत्सर 2081 की प्रवेश बेला पर मंगल कामना की गई। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम एवं कृष्ण के जीवन आदर्शों को पढ़कर सुनाया गया। साथ ही भइया बहनों की टोलिया बनाकर संघ कार्यालय चौक, रेलवे रोड, लोहाई रोड पर पैदल मार्च किया गया। इस अवसर पर प्रदीप अवस्थी, शिव कुमार, आलोक कुमार, गोविन्द, शिवमोहन, कृष्ण कुमार आदि आचार्य मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे

## खबरें एक नजर में

### किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

▶ एक लाख दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किशोरी को दुकान में बंद कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने प्रवीण कटियार पुत्र दिनेशचन्द्र कटियार निवासी उसमानगंज जहानगंज को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास से दण्डित किया व एक लाख दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। बीते वर्ष थाना जहानगंज क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया की दिनांक 21 मार्च 2023 को समय लगभग 3 बजे मेरी 9 वर्षीय पुत्री पास की दुकान से टोस्ट लेने गयी थी। गॉव के ही प्रवीण ने मेरी लड़की को शटर में बंद करके उसके साथ दुष्कर्म किया। जब लड़की घर आई तो देखा उसके कपड़ों में खून लगा था। तब पूछने पर उसने बताया कि मेरे साथ प्रवीण ने बलात्कार किया है। पीड़िता की मां ने खून से सने हुए कपड़े पुलिस को दे दिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दखिल कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अपनी दलील में कहा अभियुक्त शादीशुदा है उसकी एक छोटी बच्ची है जिसकी देखभाल की जिम्मेदारी है। शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार, अनुज कटियार ने पैरवी करते हुए कहा कि अभियुक्त द्वारा अत्यंत गंभीर अपराध कारित किया किया गया है। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने प्रवीण को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई व एक लाख 10 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### कोल्हू में रस विक्रेता का हाथ फंसा, गम्भीर घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम किसरोली निवासी नन्नू लाल कश्यप उम्र लगभग 50 वर्ष बीते दिवस देर शाम चलते हुए गन्ना कोल्हू की सफाई का रहा था, तभी उसकी उंगलियां कोल्हू में फंस गयीं। शोर शराबा होने पर लोगों की भीड़ लग गई। कुछ लोगों ने हिम्मत जुटाकर डीजल इंजन बंद किया और कोल्हू को उल्टा घुमाकर फंसी उंगलियों को बाहर निकाला, लेकिन उंगलियां गंभीर रूप से जख्मी हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और एक वाहन के जरिये वृद्ध को फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों के इनकार करने पर रस विक्रेता को आगरा ले जाया गया। जहां एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### चार लोगों को सांपों ने डसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव पुंथर दयामाफी निवासी रीना (22) अकराबाद निवासी इंद्रपाल का 11 वर्षीय पुत्र नागेंद्र, कमरुद्दीन नगर निवासी अनेन्द्र प्रताप (25), विल्हा निवासी ब्रजेश (65) को जहरीले सांपों ने काट लिया। गंभीर हालत में सभी के परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद रीना, नागेंद्र व अनेन्द्र को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### सड़क किनारे पड़ी मौरंग कर रही हादसे का इंतजार

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** करीब एक महा पूर्व निजी निर्माण कार्य के लिए सड़क किनारे डाली गई एक ट्रक मौरंग के कारण आए दिन बाइक सवार गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। नागरिक ने मौरंग को सड़क से हटवाए जाने की मांग की है। बताते चलें कि नगर के मोहल्ला रामगंज फतेहगढ़ रोड पर स्थित मकान के निर्माण कार्य के लिए सड़क किनारे डाली गई एक ट्रक मौरंग धीरे-धीरे सड़क पर फैलती जा रही है। जिसके कारण आए दिन बाइक व साईकिल सवार गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। वहीं आसपास के नागरिकों का कहना है कि मकान में निर्माण कार्य बंद है। इसीलिए करीब एक माह से मौरंग सड़क किनारे पड़ी है। नागरिकों ने पालिका प्रशासन से मौरंग को सड़क से हटवा कर गृह स्वामी के चबूतरे पर बढवाये जाने की मांग की है।

### सभी राजनैतिक दल भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करें: जिला निर्वाचन अधिकारी

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** भारत निर्वाचन आयोग ने राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रयोग की जा रही डमी बैलेट यूनिट के निर्माण एवं उपयोग करने से सम्बन्धित दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने तथा प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रत्याशियों व राजनैतिक दलों द्वारा तैयार की गयी डमी बैलेट यूनिट के संबंध में आयोग को कोई आपत्ति नहीं है। डमी बैलेट यूनिट लकड़ी, प्लास्टिक या प्लाई बोर्ड बक्सों से बनी हो सकती है, जो आधिकारिक बैलेट यूनिट के आधे आकार की हो सकती है।

# सोलह पौव्वा देशी शराब सहित एक गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुलिस ने** गश्त के दौरान 16 पौव्वा देशी शराब सहित एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बीती रात्रि उप निरीक्षक नरसिंह मय हमराह का0 सोनवीर के साथ लोको रोड तिराहा क्षेत्र में मामूर थे, तभी मुखबिर की सूचना दी कि एक व्यक्ति होली मोहल्ला जाने वाली गली के पास झोले में अवैध देशी शराब बेच रहा है। मुखबिर की सूचना पर पर लोग मौके पर पहुंचे तथा मोटर साइकिल को थोड़ी दूरी पर खड़ा कर दिया। हम पुलिस वालों को देखकर उपरोक्त युवक भागने लगा। हम लोगों ने घेरकर उसे पकड़ लिया। नाम, पता पूछने पर उसने अपना नाम बबलू पुत्र प्रेमपाल निवासी अम्बेडकर नगर कालोनी भोलेपुर थाना कोतवाली फतेहगढ़ बताया। उसके पास मौजूद झोले की तलाशी लेने पर उसके पास से 16 पौव्वा देशी मिरन्डा ब्रांड के बरामद हुए। जब पुलिस ने उससे लाइसेंस मांगा, तो दिखाने में कासिर रहा। पुलिस ने उसके खिलाफ 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# सम्प्रेक्षण गृह के किशोरों और कारागार के बंदियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरुक

▶ तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान की दी गई जानकारियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रीय मानसिक** स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को केंद्रीय कारागार और राजकीय किशोर संप्रेक्षण गृह जखा में मानसिक स्वास्थ्य और तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक और मानसिक नुकसान के बारे में किशोरों और बंदियों को जानकारी व परामर्श दिया गया। मनोवैज्ञानिक सामाजिक कार्यकर्ता दीप्ति यादव ने कहा कि मानसिक रोग कई तरह की मानसिक समस्याओं के कारण हो सकते हैं। इसकी वजह से इंसान की मनोदशा, व्यवहार और सोच पर नकारात्मक असर पड़ता है। डिप्रेशन, चिंता और स्ट्रेस जैसी समस्याएं मानसिक बीमारी कहलाती हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को इलाज के साथ-साथ अपनों के सहयोग की भी जरूरत होती है। इसके साथ ही नियमित दिनचर्या, अपने को सृजनात्मक कार्य में सक्रिय करना, दोस्तों परिवार के लोगों के साथ गीत संगीत का आनंद लेना आदि में अवश्य करें। अमित सिसौदिया ने तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक और मानसिक नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि तम्बाकू का सेवन आपको शारिरिक रूप से अस्वस्थ बनाता ही है साथ ही इसके सेवन से मानसिक तनाव भी बढ़ता है। इस दौरान केन्द्रीय कारागार योग सहायक अनूप कुमार, डॉ0 नीरज, प्रमोद आदि लोग मौजूद रहे।



किशोरों को जानकारी देती दीप्ति यादव — समृद्धि न्यूज

# कलश यात्रा में महिलाओं की उमड़ी भीड़

▶ साध्वी आर्या पंडित के मुखार बिन्दु से भक्तों ने सुनी श्रीमद् भागवत कथा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**श्रीराधा बल्लभ** धर्मार्थ सेवा समिति फतेहगढ़ के तत्वाधान में नव संवत्सर पर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ हुआ। 9 अप्रैल से 15 अप्रैल तक चलने वाली श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन मंगलवार को वृंदावन से आयी साध्वी आर्या पंडित ने अपने मुखार बिन्दु से प्रवचन किये। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा का समापन कथा पाण्डाल निकट होण्डा एजेंसी के पीछे ग्राउंड पर हुआ। नेकपुर स्थित ग्राउंड में बड़ी संख्या में भक्तों ने कथा का रसपान किया। कथा का प्रसारण संस्कार चैनल पर दिखाया जा रहा है। साध्वी आर्या पंडित ने श्रीमद् भागवत गीता पर अपने मुखार बिन्दु से कथा सुनाई प्रथम दिन कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कथा की व्यवस्था समिति के लोगों ने देखी।



कलश यात्रा में भाग लेती महिलायें — समृद्धि न्यूज

# नकदी व मोबाइल चोरी का मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**महिला ने** नकदी व मोबाइल चोरी कर लिया। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता पिंकी देवी पत्नी गोविन्द कुमार निवासी ग्राम सरह थाना कोतवाली फतेहगढ़ जिला फर्रुखाबाद की निवासिनी है। पीड़िता ने अपनी भैंस कुछ दिन पहले 72000 रुपये की बेच ली थी। दिनांक 6 अप्रैल को मेन अलमारी खोलकर देखा, तो मेरे पैसे 72000 रुपया जो रखा था चोरी हो गया था तथा अलमारी में रखा मोबाइल भी चोरी हो गया था। अलमारी में रखे पैसे व मोबाइल के बारे में नीतू पत्नी स्व0 चंदन जानती थी। जिसने पैसे व मोबाइल अलमारी में रखते हुए देखा था। मुझे विश्वास है कि नीतू ने ही मेरे पैसे व मोबाइल चुराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## युवती की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव दारापुर निवासी जलालुद्दीन की 22 वर्षीय पत्नी संजुम की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# ईद को लेकर बाजार हुए गुलजार, की गई खरीददारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बाजारों में** ईद-उल-फितर को लेकर रौनक दिखी। रमजान में एक माह के रोजे रखने के बाद ईद का दीदार करने के लिए लोगों ने तैयारी कर रखी है। जिसको लेकर बाजारों में भी कपड़ों, खान-पान, सिमइयां के अलावा शेरवानी व टोपी की दुकानों में भीड़ दिखी। सुतहट्टी बाजार में सूतफेनी व सिमई विक्रेता इरशाद अहमद ने बताया कि इस बार ईद पर बिक्री सामान्य है। सूतफेनी 90 रुपये किलो, सिमइयां 100 रुपये किलो है। पैकिंग डिब्बा सिमइयों का आधा किलो का 55 रुपये व 1 किलों का 110 रुपये में बिक रहा है। टोपी की दुकान पर 30 रुपये से लेकर 150 रुपये तक की टोपी बिक रही थी। रंगबिरंगी डिजाइनोंदार टोपी आकर्षक का केंद्र बनी हुई है। इस बार कुर्ता पैजामा की जगह लोग शेरवानी खरीद रहे है। सूती शरारा की डिमांड है। गर्मी के कारण सूती कपड़ों की बिक्री ठीक-ठाक रही। लोगों ने पैजामा कुर्ता के लिए कपड़े खरीदकर सिलवाया। देर शाम मस्जिदों में भी रौनक दिखी। जिसे झालर डालकर शहर में विभिन्न मस्जिदों को सजाया गया। शहर की प्रमुख नेहरु रोड स्थित जामा मस्जिद, अंजूमन मस्जिद व सुनहरी मस्जिद, नखास स्थित ऊंची मस्जिद आदि में सजावट का कार्य चल रहा था।



ईद पर सिमइयां खरीदता ग्राहक — समृद्धि न्यूज

# खाद्य सुरक्षा औषधि लाइसेंस पंजीकरण हेतु कैम्प का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**एफएसडीए द्वारा** कैम्प का आयोजन हुआ। कैम्प में खाद्य लाइसेंस के पंजीकरण जारी किये गये।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वारा खाद्य कारोबार पंजीकरण हेतु प्रदेशव्यापी चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने कैम्प का आयोजन किया। रेलवे रोड स्थित एक होटल में खाद्य सुरक्षाधिकारी डा0 शैलेन्द्र रावत, अरुण कुमार मिश्र एवं आशीष कुमार वर्मा ने लाइसेंस पंजीकरण हेतु आवेदन लिये। कैम्प में नरेश बचानी, अनूप गुप्ता, ललित शिवानी ने व्यवस्था में सहयोग किया। खाद्य सुरक्षाधिकारी आशीष कुमार वर्मा द्वारा कारोबारकर्ताओं को लाइसेंस पंजीकरण के साथ-साथ समस्याओं का निराकरण किया गया। नये लाइसेंस हेतु तीन आवेदन किये गये। नवीन लाइसेंस हेतु मौके पर दो आवेदन निर्गत किये गये। नये पंजीकरण हेतु 254 के सापेक्ष 23 लाइसेंस निर्गत हुए। नवीन पंजीकरण हेतु पांच आवेदन निर्गत हुए। जिसमें कुल आवेदन 264 आये। जिसमें 30 आवेदनों को निर्गत किया गया। इस मौके पर लाइसेंस पंजीकरण हेतु शहर के व्यापारी मौजूद रहे।




लाइसेंस पंजीकरण कैम्प में मौजूद अधिकारी व व्यापारी — समृद्धि न्यूज

### मुख्यमंत्री धामी ने चिन्यालीसौड़ राजकीय महाविद्यालय में जनसभा को किया संबोधित

# विकसित उत्तराखंड बनाने में सहयोग दें नागरिक

समृद्धि न्यूज



**उत्तरकाशी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत और विकसित उत्तराखंड के संकल्प को पूरा करने में देवभूमि के प्रत्येक नागरिक का सहयोग अपेक्षित है। मोदी की गारंटी है सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास और सब का प्रयास। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को चिन्यालीसौड़ राजकीय महाविद्यालय में टिहरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह के पक्ष में आयोजित जनसभा और रैली में प्रतिभाग करते हुए कही।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत, हर घर जल हर घर नल ,लखपति दीदी, जैसे एक से एक कार्यक्रम उनकी लोकप्रिय भाजपा ने जनता को दिए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इन 10 सालों में विश्व में भारत का मान-सम्मान स्वाभिमान बढ़ा है। मोदी जी ने संकल्प लिया है कि वह गरीबी और पिछड़ेपन को जड़ से समाप्त कर देंगे। मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है और प्रदेश के विकास के लिए उन्होंने भरपूर सहयोग प्रदान किया है। अब तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाने की जिम्मेदारी जनता की है। मुख्यमंत्री धामी ने सभा में उपस्थित महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए राज्यलक्ष्मी शाह के लिए समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता अपने आशीर्वाद से राज्य लक्ष्मी को जरूर जिताएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। उन्होंने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद से कांग्रेस में लोकसभा के टिकट के लिए लाइन लगी रहती थी। सिफारिश लगाई जाती थी। मोदी के संकल्प के आगे कांग्रेस को अपना अस्तित्व बचाना कितना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम चार धाम के लोग हैं। राम भक्त भी हैं और देशभक्त भी हैं। हम कांग्रेस के ऐसे मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देंगे। इसके लिए आप सभी को 19 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान करके प्रधानमंत्री मोदी को मजबूत बनाना है, जिसके लिए टिहरी लोकसभा सीट से माला राज्यलक्ष्मी को जिताना है। महारानी माला राज्यलक्ष्मी शाह ने कहा कि उत्तराखंड में अकेली महिला को लोकसभा सीट के लिए टिकट मिला है। किसी भी पार्टी ने उत्तराखंड में महिला उम्मीदवार नहीं उतारा है, जिससे यह पता चलता है कि देश के प्रधानमंत्री मोदी का महिलाओं के प्रति कितना आदर और सम्मान है। उन्होंने जनता से 19 अप्रैल को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बीना बिष्ट, सेवानिवृत तहसीलदार मोहन सिंह राणा, सभासद प्रियंका बडोनी, वन सरपंच कर्मवीर रावत, सनातन जागृति संगठन के अध्यक्ष केशव गिरी जी, महाराज को मुख्यमंत्री धामी द्वारा फूलमाला पहनकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र राणा, पूर्व विधायक केदार सिंह रावत, स्वराज विद्वान, विनोद सुयाल भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, चांदी प्रसाद बेलवाल प्रदेश मंत्री ओ बी सी, पवन नौटियाल जिला महामंत्री, हरमोहन सिंह, विधायक प्रभारी सत्य सिंह राणा पूर्व विधायक केदार सिंह रावत, प्रकाश चंद रमोल, जोत सिंह बिष्ट ,डा. विजय बडोनी आदि उपस्थित रहे।

## महाराष्ट्र : इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा

# शिवसेना यूबीटी को मिलीं सबसे ज्यादा 21 सीटें

▸ कांग्रेस 17 व राकांपा 10 सीटों पर लड़ेगी लोकसभा चुनाव

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों के लिए इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है। सीटों के बंटवारे की घोषणा महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों की सहमति से मंगलवार को की गई है। सबसे ज्यादा 21 सीटें शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट को मिली हैं।

इसके अलावा कांग्रेस 17 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। महाविकास अघाड़ी की ओर से सीटों के बंटवारे की जानकारी मंगलवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में दी गई है। इस



मौके पर राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले उपस्थित थे। बंटवारे के अनुसार शिवसेना यूबीटी 21, कांग्रेस पार्टी 17 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। शरद पवार ने बताया कि सीटों का बंटवारा महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों की सहमति से हुआ है। सभी दलों के नेता साथ मिलकर चुनाव प्रचार करेंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक सीटें जीतने की प्राथमिकता है। कांग्रेस के घोषणापत्र में महाराष्ट्र से संबंधित मुद्दों को जोड़ा जाएगा और महाविकास आघाड़ी के सहयोगी पक्ष साथ मिलकर चुनाव प्रचार करेंगे। नाना पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र में महंगाई, बेरोजगारी, युवकों की समस्याएं, आंगनबाड़ी सेविकाओं की समस्या को चुनावी मुद्दा बनाया जाएगा। हम किसी पर निम्न स्तर की आलोचना नहीं करेंगे, लेकिन अगर किसी ने की तो उसका जवाब दिया जाएगा। कांग्रेस पार्टी नंदुरबार, धुले, अकोला, अमरावती, नागपुर, भंडारा गोंदिया, गढ़चिरौली चिमूर, चंद्रपुर, नांदेड़, जालना, मुंबई उत्तर मध्य, पुणे, लातूर, सोलापुर, कोल्हापुर, रामटेक, उत्तर मुंबई सीटों पर चुनाव लड़ेगी। राकांपा (एसपी) बारामती, शिरूर, सतारा, डिंडोरी, माधा, रावेर, अहमदनगर, बीड, वर्धा, भिवंडी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

## केबीसी ग्लोबल घरेलू व अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में करेगी अपना विस्तार

▸ केबीसी ग्लोबल ने की रणनीतिक योजनाओं की घोषणा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** केबीसी ग्लोबल लिमिटेड (जिसे पहले कार्डा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), निर्माण और रियल एस्टेट विकास क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में विस्तार के लिए अपनी रणनीतिक योजनाओं की घोषणा की है। 2007 में स्थापित, कंपनी ने रियल एस्टेट उद्योग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो नासिक, भारत में आवासीय परियोजनाओं के विकास और बिक्री में विशेषज्ञता रखती है।

कंपनी मुख्य रूप से दो खंडों में, आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं का निर्माण और विकास और संविदात्मक परियोजनाएं काम करती है। कंपनी की उल्लेखनीय परियोजनाओं में हरि गोकुलधाम, हरि नक्षत्र-द्वितीय ईस्टेक्स्ट टाउनशिप, हरि संस्कृति द्वितीय, हरि सिद्धि और हरि समर्थ आदि शामिल हैं। कंपनी के विकास पथ पर टिप्पणी करते हुए, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, नरेश कार्डा ने कहा, हम घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में आने वाले अवसरों को लेकर उत्साहित हैं। हमारी रणनीतिक पहल, परियोजनाओं का मजबूत पोर्टफोलियो और एक स्पष्ट विस्तार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कार्डा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड वैश्विक रियल एस्टेट परिदृश्य में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने के लिए तैयार है। रियल एस्टेट क्षेत्र निरंतर विकास के लिए तैयार है, जो आपूर्ति और मांग की गतिशीलता, नियामक ढांचे और समग्र आर्थिक स्थितियों जैसे कारकों से प्रेरित है। सभी के लिए आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी सरकारी पहल उद्योग में विकास की संभावनाओं को रेखांकित करती हैं।

### बंगाल में चुनाव के दौरान इस्तेमाल होने वाली सभी गाड़ियों में लगेगा जीपीएस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के दौरान निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में चुनाव के समय इस्तेमाल होने वाली सभी गाड़ियों में जीपीएस लगाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ियां सही रूट पर जा रही हैं या नहीं, कहीं और तो नहीं पहुंचीं और किसी तरह की कोई छेड़छाड़ ना हो, यह सुनिश्चित किया जा सकेगा। पहले के चुनावों में आरोप लगे थे कि मतदान संपन्न होने के बाद ईवीएम, वीवीपैट जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं को डीसी-आरसी से मतदान केंद्रों तक ले जाते समय उनके साथ छेड़छाड़ की जाती है। अब जीपीएस के जरिए अगर गाड़ियां कहीं दूसरी जगह जाती है या कुछ गलत होता है तो जरूरत पड़ने पर संबंधित कार के ड्राइवर को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ करने की भी व्यवस्था की गयी है। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि बीच सड़क पर कहीं वाहनों से ईवीएम लूटने की कोशिश भी हो तो त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## प्रतिकूल मौसम में निर्बाध उड़ान के लिए रूस ने भारत को भेजी आईएलएस की आपूर्ति

समृद्धि न्यूज



▸ इंस्टालेशन के बाद अंतरराष्ट्रीय मानक का होगा कुशीनगर एयरपोर्ट

**कुशीनगर।** प्रतिकूल मौसम में भी विमानों के निर्बाध एवं सुरक्षित उड़ान के लिए अंतर-राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लगने वाले आईएलएस(इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम) की मशीनरी मंगलवार को सुबह रूस से कुशीनगर पहुंच गई।

एयरपोर्ट अधिकारियों की देख रहे में पाट्र्स को सुरक्षित तरीके से अनलोडिंग कराई गई। आई एल एस को इंस्टाल करने के लिए विशेषज्ञ की टीम भी आ गई है। इंस्टाल करने में चार माह का समय लगने की बात कही जा रही है। इंस्टालेशन के बाद एयरपोर्ट अंतर-राष्ट्रीय मानक पूरा कर लेगा। जिसके बाद नियमित घरेलू उड़ान के साथ साथ अंतर-राष्ट्रीय उड़ान में कोई बाधा शेष नहीं रह जायेगी और ग्रेडिंग अपग्रेड होने से एयरपोर्ट अंतर-राष्ट्रीय मानचित्र पर आ जाएगा। एयरपोर्ट पर रात और कोहरे में भी विमान लैंड और टेक आफ कर सकेंगे। दरअसल एयरपोर्ट पर ग्राउंड नेवीगेशनल सिस्टम आईएलएस और डीबीओआर (डापलर वेरी ओमनी रेंज) लगा न होने से नियमित उड़ान से घरेलू विमानन कंपनियां रुचि नहीं ले रही थी। आईएलएस विमानों के आटो मोड में लैंडिंग और टेक आफ कराता है तो दूसरी तरफ डीबीओआर एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) और पायलट को टेकआफ से लैंडिंग तक कम्युनिकेशन बनाए रखता है। डीबीओआर इंस्टाल होने के बाद मार्च माह में फ्लाइट इंस्पेक्शन यूनिट ने फ्लाइट कैलिब्रेशन का भी कार्य पूरा कर लिया। अप्रैल 23 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने एयरपोर्ट पर आईएलएस व डीबीओआर की स्थापना के लिए 5.75 करोड़ की निविदा की थी। चयनित कम्पनी को कार्य पूर्ण करने के लिए चार माह का समय दिया गया है। किंतु निर्यात के लिए हो रही अंतर-राष्ट्रीय औपचारिकता में समय लगा। जिससे सिस्टम की आपूर्ति देरी से हुई।

## खबरें एक नजर में

### 10 मई को खुलेंगे गंगोत्री धाम के कपाट

**उत्तरकाशी, समृद्धि न्यूज।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिला स्थित विश्वप्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर आगामी 10 मई को 12ः25 बजे अभिजीत मुहूर्त और अमृत बेला पर खोले जाएंगे। इस अवसर पर गंगा सहस्त्रनाम पाठ किया जाएगा। मंगलवार को श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के कार्यालय में कपाट उद्घाटन का मुहूर्त निकाला गया। समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल व सचिव सुरेश सेमवाल ने प्रेस वार्ता कर कपाट उद्घाटन के लिए तय मुहूर्त की जानकारी दी। चैत्र मास के नवरात्र के दिन गंगोत्री धाम के कपाट उद्घाटन का मुहूर्त निकाला गया है। केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को सुबह 7 बजे और बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को ब्रह्ममुहूर्त में सुबह 6 बजे खुलेंगे। प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार भी यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए पंजीकरण करना अनिवार्य रहेगा।

### कार-बस की टक्कर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**चेन्नई (तमिलनाडु)।** तिरुपुर जिले में एक सड़क दुर्घटना में तीन माह की बच्ची सहित एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। मंगलवार सुबह हुई इस दुर्घटना में परिवार के अन्य दो सदस्य घायल भी हुए हैं। यह परिवार मंदिर से दर्शन कर कार से लौट रहा था, तभी जिले के ओलापलायम के पास उनकी कार सामने से आ रही रोडवेज की बस से टकरा गई। तिरूपुर पुलिस ने मंगलवार को बताया कि जिले के ओलापलायम के पास जिस कार में यह परिवार यात्रा कर रहे था, वह राज्य सरकार की एक बस से टकरा गई। जिससे तीन महीने की बच्ची सहित एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई।

### तृणमूल नेता की गाड़ी में तोड़फोड़, दो घायल

**कूचबिहार।** जिला परिषद के पदाधिकारी कुमार प्रशांत नारायण की गाड़ी में तोड़फोड़ का आरोप भाजपा पर लगा है। मंगलवार दोपहर दिनहाटा–2 के नोटाफेला चौपथी इलाके में तनाव फैल गया। घटना में दो तृणमूल कार्यकर्ता घायल हुए हैं। इस दिन दोपहर में उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा के नेतृत्व में तृणमूल नेता व कार्यकर्ता चुनाव प्रचार के लिए शालमारा इलाके में गए थे। प्रचार के बाद उदयन गुहा जल्दी निकल गए। इसके बाद जब बाकी नेता और कार्यकर्ता जा रहे थे तो कथित तौर पर कूचबिहार जिला परिषद अधिकारी कुमार प्रशांत नारायण की गाड़ी में तोड़फोड़ की गई। खबर मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। तृणमूल के दिनहाटा–2 ब्लॉक अध्यक्ष दीपक भट्टाचार्य ने कहा कि मैं चुनाव प्रचार से लौट रहा था। अचानक भाजपा प्रायोजित उपद्रवियों ने गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। जिससे उनके दो कार्यकर्ता घायल हो गए। हालांकि, कूचबिहार के भाजपा के जिला सचिव जीवेश विश्वास ने कहा कि सुबह से ही उदयन गुहा के नेतृत्व में उस इलाके में भाजपा के फ्लेक्स–फेस्टून को फाड़ा और तोड़ा जा रहा था। गाड़ी में उनके ही लोगों ने तोड़फोड़ कर इसका दोष भाजपा पर मढ़ दिया है।

### राष्ट्रपति आज करेंगी दो दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर बुधवार को नई दिल्ली के द्वारका में स्थित यशोभूमि कन्वेंशनल सेंटर में दो दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। सम्मेलन का आयोजन आयुष मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त शीर्ष अनुसंधान संगठन, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) द्वारा किया जा रहा है। सम्मेलन का विषय अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ानाः एक होम्योपैथिक संगोष्ठी होगा। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, आयुष मंत्रालय के सीसीआरएच के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष डॉ. अनिल खुराना और होम्योपैथी में पद्म पुरस्कार विजेता इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### महिला हॉकी लीग का पहला चरण 30 अप्रैल से

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 – 2025 का अनावरण किया, जो देश के खेल परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। लीग को दो चरणों में संरचित किया गया है, उद्घाटन चरण 30 अप्रैल से 9 मई 2024 तक रांची, झारखंड में होगा। इस चरण के सभी मैच मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे, जहां हाल ही में एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर और महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी आयोजित की गई थी। राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग भारत में अपनी तरह की पहली घरेलू महिला लीग है, जो प्रतिभा और कौशल के शानदार प्रदर्शन का वादा करती है। उभरते एथलीटों के लिए एक मंच प्रदान करने और देश में महिला हॉकी के कद को ऊंचा करने के उद्देश्य से, लीग में शीर्ष राज्य टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।

### चैत्र नवरात्र के पहले दिन वैष्णो देवी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**जम्मू।** देश भर से हजारों श्रद्धालु मंगलवार को नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र शुरू होने के उपलक्ष्य में जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए पहुंचे। बॉर्ड के एक प्रवक्ता ने बताया, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बॉर्ड (एसएमवीडीएसबी) के द्वारा इस शुभ अवसर पर वैष्णो देवी की पवित्र गुफा में शांत वातावरण के बीच शत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया। साथ ही अन्य अनुष्ठान भी किये गये। उन्होंने कहा कि त्रिकुटा पहाड़ी के ऊपर स्थित इस मंदिर में सभी के लिए सद्भाव और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करने के लिए पूरी नवरात्रि में पवित्र अनुष्ठान किये जायेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि एसएमवीडीएसबी के मुख्य कार्यकारी अधिकार अंशुल गर्ग तीर्थयात्रियों, बोर्ड के अन्य सदस्यों और अधिकारियों के साथ इस यज्ञ में शामिल हुए। नौ दिनों तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से एक बजे तक एमएच1 श्रद्धा चैनल पर हवन का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

## पैनासोनिक ने उत्तर प्रदेश में पेश की एसी की नई रेंज

समृद्धि न्यूज

▸ स्मार्टर लिविंग के लिए मैटर-इनेबल्ड आरएसी भी शामिल

**लखनऊ।** एक प्रमुख डाइवर्सीफाइड टेक्नोलॉजी कंपनी पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया (पीएलएसआईएनडी) ने आज उत्तर प्रदेश के बाजार में 2024 के लिए अपने नए एयर कंडीशनर्स की श्रृंखला को लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने 60 मॉडल्स में 1.0, 1.5 और 2.0 टन के एयरकंडीशनर्स पेश किए हैं। एयर कंडीशनर्स की यह नई रेंज सभी प्रमुख रिटेल आउटलेट्स, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और पैनासोनिक ब्रांड स्टोर पर उपलब्ध है।

अभिषेक वर्मा, पीएमआईएन, पीएलएसआईएनडी, में एयर कंडीशनर्स ग्रुप के बिजनेस हेड ने कहा, हाल ही में उत्तर प्रदेश के उपभोक्ताओं के बीच कराई गई हमारी स्टडी में हमें एयरकंडीशनर के प्रयोग संबंधी लोगों की तरह-तरह की प्रमुख चिंताओं का पता चला है। स्टडी के अनुसार उपभोक्ताओं की मुख्य परेशानी रात में बार-बार एसी के तापमान को एडजस्ट करने, कूलिंग परफॉर्मेंस, आउटडोर यूनिट में जंग लगने और रखरखाव एवं सर्विसिंग की जरूरत से जुड़ी है। पैनासोनिक का नया एसी उपभोक्ताओं की उभरती जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। पैनासोनिक द्वारा लॉन्च किए गए भारत के पहले मैटर-इनेबल्ड एयर कंडीशनर न केवल इंटरऑपरेबिलिटी प्रदान करते हैं, बल्कि हमारी इको-टफ केसिंग की वजह से यह विश्वसनीय और टिकाउ भी हैं। नए मिराई प्लेटफॉर्म के साथ हम अपने उपभोक्ताओं को स्मार्ट होम का अनुभव भी प्रदान कर रहे हैं।

### लोकसभा चुनाव : केंद्रीय बलों की तैनाती के मामले में बंगाल अव्वल

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव का ऐतिहासिक दंगल चल रहा है। पूरे देश में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती हुई है लेकिन पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक सेंट्रल फोर्स की तैनाती की जा रही है। चुनाव आयोग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य में केंद्रीय बलों के 92 हजार जवानों की तैनाती की जा रही है। यह देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश से भी अधिक है। उन्होंने बताया कि विपक्षी दलों ने चुनाव के दौरान भारी हिंसा की आशंका जाहिर की थी। उसके बाद चुनाव आयोग ने सबसे अधिक केंद्रीय बलों की तैनाती का निर्णय लिया है। इसके अलावा बंगाल के राजनीतिक हिंसा के इतिहास को देखते हुए यहां सात चरणों में चुनाव कराने का फैसला लिया गया है। केंद्रीय बलों के अधिकतर जवान बंगाल आ चुके हैं और उन्हें जगह-जगह तैनात करने की प्रक्रिया भी चल रही है।

## ब्लू स्टार ने लॉन्च की रूम एयर कंडीशनर के 100 से ज्यादा मॉडल

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** 2024 ब्लू स्टार लिमिटेड ने आज गर्मी के मौसम के लिए रूम एसी की अपनी नई व्यापक रेंज का अनावरण किया, जिसमें 'बेस्ट-इन-क्लास अफोर्डेबल' (बेहतरीन किफायती) और फ्लैगशिप प्रीमियम रेंज शामिल हैं। कंपनी ने कुल मिलाकर, हर उपभोक्ता वर्ग की ज़रूरत को पूरा करने के लिए इन्वर्टर, फिक्स्ड स्पीड और विंडो एसी के स्पेक्ट्रम और अलग-अलग कीमत वाले 100 से अधिक मॉडल लॉन्च किए।

उच्च प्रयोज्य आय वाले मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या के कारण रूम एसी के बाजार में महत्वपूर्ण मांग देखी जा रही है और यह श्रेणी विलासिता से अधिक एक आवश्यकता बन गई है। कंपनी को पहली बार एसी खरीदने वालों की ओर से मांग दिख रही है, खासकर टियर 2, 3 और 4 बाजारों के साथ-साथ रिप्लेसमेंट बाजार में भी। ब्लू स्टार ने इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने विनिर्माण, अनुसंधान एवं विकास और नवोन्मेष क्षमताओं का लाभ उठाते हुए कई नए, विशिष्ट और बेहतरीन एसी लॉन्च किए हैं। कंपनी ने इन्वर्टर स्प्लिट एसी सेगमेंट में तीन श्रेणियां लॉन्च की हैं। इनमें 2-स्टार, 3-स्टार और 5-स्टार वेरिएंट में फ्लैगशिप, प्रीमियम और किफायती रेंज शामिल हैं, जो 29,990 रुपये से शुरू होने वाली आकर्षक कीमत पर 0.8 टीआर से 2.2 टीआर तक विभिन्न कूलिंग क्षमताओं में उपलब्ध हैं। लॉन्च किए गए नए एसी विभिन्न ग्राहक-अनुकूल फीचर से लैस हैं। इनमें एआई प्रो नामक एक नया नवोन्मेषी फीचर शामिल है। यह एक जटिल और इंट्यूइटिव एल्गोरिदम है, जो विभिन्न मापदंडों को महसूस करता है, समायोजित करता है और अधिकतम आराम सुनिश्चित करता है।

# सफेद ही नहीं ब्राउन राइस भी सेहत के लिए फायदेमंद, बीमारियों से रहेंगे दूर



चावल स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। सिर्फसफेद ही नहीं बल्कि ब्राउन राइस भी सेहत को ढेरों फायदे देते हैं। इनमें सफेद चावल के मुकाबले ज्यादा पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसमें प्रोटीन, मैग्नीशियम, पौटेशियम और फास्फोरस जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसमें विटामिन-ई भी पाया जाता है ऐसे में यह शरीर की इम्यूनिटी मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इम्यूनिटी मजबूत बनाने के अलावा भी ब्राउन राइस शरीर को कई तरह के फायदे देते हैं। तो चलिए आज आपको इस आर्टिकल के जरिए बताते हैं ब्राउन राइस खाने से आपकी सेहत को क्या-क्या फायदे होंगे।

**डायबिटीज रहेगी कंट्रोल**

सफेद चावल जहां ब्लड शुगर बढ़ाते हैं वहीं ब्राउन राइस का सेवन करने से डायबिटीज कंट्रोल में रहती है। इनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स सफेद चावल के मुकाबले कम होता है। ऐसे में यह पचने में भी समय लेता है। धीरे-धीरे पचने के कारण ब्राउन राइस का ब्लड शुगर पर भी कम असर होता है। ऐसे में इसके नियमित सेवन से डायबिटीज का खतरा भी कम होता है।

**पाचन रहेगा स्वस्थ**

इसमें फाइबर काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से भूख कम लगती है। इसमें पाया जाने वाला फाइबर प्रीबायोटिक के तौर पर काम करता है। ऐसे में यह गट बैक्टीरिया की ग्रोथ में भी मदद करता है। इसका सेवन करने से गट हेल्थ मजबूत होती है। इसके अलावा इसमें पाया जाने वाला मैग्नीशियम डाइजेस्टिव ट्रैक्ट के मसल्स फंक्शन बेहतर बनाने में मदद करता है। ब्राउन राइस खाने से कब्ज की समस्या भी दूर होती है।

**वजन घटाने में मिलेगी मदद**

सफेद चावल के मुकाबले ब्राउन राइस में फाइबर काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में इसका सेवन

## बेसन के चीला की जगह ट्राई करें इन चीजों का चीला, चटनी के साथ करें सर्व

आसानी से बनने वाले नाश्ते में बेसन का चीला सबसे पहला ऑप्शन है। बेसन का चीला खाने में काफी स्वादिष्ट है और हेल्दी भी होता है। वहीं कई लोग चीले में तमाम तरह की सब्जियां मिलाकर इसका स्वाद बढ़ाते हैं।

आजकल लोगों की लाइफस्टाइल बेहद व्यस्त होती जा रही हैं। बिजी लाइफस्टाइल की वजह से लोगों के पास सही से नाश्ता करने का भी समय नहीं होता है। क्योंकि सुबह के समय हर किसी को जल्दबाजी होती है। ऐसे में लोग ऐसे नाश्ते का ऑप्शन तलाश करते हैं, जिसको बनाना काफी आसान हो।

बता दें कि आसानी से बनने वाले नाश्ते में बेसन का चीला सबसे पहला ऑप्शन है। बेसन का चीला खाने में काफी स्वादिष्ट है और हेल्दी भी होता है। वहीं कई लोग चीले में



तमाम तरह की सब्जियां मिलाकर इसका स्वाद बढ़ाते हैं।

हांलाकि चीला खा-खाकर भी लोग बोर हो जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी कुछ नया ट्राई करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बेसन के चीले के अलावा अलग-अलग तरह के चीला रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको खाने से न सिर्फ स्वाद बदलेगा बल्कि बच्चों को भी जब आप कुछ अलग परोसेंगी तो उन्हें भी इसे खाकर अच्छा लगेगा।

### सूजी चीला

बेसन का चीला अधिक कुरकुरा नहीं होता है, ऐसे में आप इसमें सूजी ऐड कर इसका स्वाद दोगुना कर सकती हैं। इसके लिए आपको बेसन में थोड़ी मात्रा में सूजी मिलानी होगी।

### मूंगदाल का चीला

अगर आप बेसन के चीले से भी अधिक हेल्दी कुछ खाना चाहती हैं, तो मूंगदाल एक बेहतर ऑप्शन है। इसके लिए मूंगदाव का पेस्ट बनाकर बेसन के चीले की तरह बनाकर तैयार करना है। मूंगदाल चीले को हरी चटनी और सौंफ के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

### आलू चीला

आप आलू चीला भी ट्राई कर सकती हैं, यह खाने में बेहद स्वादिष्ट होता है। आलू चीला बनाने के लिए उबले हुए आलू को मैश कर लें फिर इसका चीला बनाकर तैयार कर लें।

### पालक चीला

अगर आप बेसन का चीला खा-खाकर बोर हो गई हैं, तो स्वाद बदलने के लिए आप पालक का चीला बनाकर तैयार कर सकती हैं। इसके लिए पालक को एकदम महीन पीस लें। फिर इसका चीला बनाएं, यह कुरकुरा बनेगा।

### बाजरे के आटे का चीला

इस चीला को बनाने के लिए आपको बाजरे का आटा मार्केट से ले लेना चाहिए। फिर बेसन की जगह इस आटे से चीला बनाकर तैयार कर सकती हैं।

### ओट्स का चीला

अगर आप चीले का हेल्दी ऑप्शन देख रही हैं, तो ओट्स का चीला बना सकती हैं। इसके लिए ओट्स को मिक्सर में पीसकर इसका पाउडर बना लें। फिर इसका चीला बनाकर तैयार कर लें।